RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 270
नई दिल्ली, रविवार, 6 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





2014 के बाद देश में बड़ा बदलाव आया
राष्ट्रीय-11



www.dailypioneer.com


# इमरान को तोशखाना केस में तीन साल की जेल

## गिरफ्तार किए गए, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री पर सत्ता में रहते हुए महंगे सरकारी उपहार बेचने का आरोप

- इस फैसले के बाद खान पांच साल तक कोई भी सार्वजनिक पद पर आसीन नहीं हो सकेंगे
- पाकिस्तान की मौजूदा सरकार का 12 अगस्त को कार्यकाल पूरा होने से पहले आया यह फैसला

**एजेंसी।** इस्लामाबाद



न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध लाहौर में इमरान खान (इनसेट) के घर के बाहर नारे लगाते उनके समर्थक अधिवक्तागण

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाए जाने और तीन साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत के इस फैसले के बाद खान पांच साल तक कोई भी सार्वजनिक पद पर आसीन नहीं हो सकेंगे।

इस्लामाबाद स्थित जिला एवं सत्र अदालत के अतिरिक्त न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान (70) पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि जुर्माना नहीं भरने पर उन्हें और छह महीने तक जेल में रखा जाएगा। खान को 2018 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान राजकीय तोहफे अवैध रूप से बेचने का दोषी ठहराया गया। अदालत ने आदेश में कहा, राष्ट्रीय खजाने से हासिल लाभ को जानबूझ कर और इरादतन छिपाने के भ्रष्ट आचरण को लेकर खान को दोषी पाया गया है। तोशाखाना से लिए गए तोहफों के बारे में सूचना मुहैया करने में उन्होंने धोखेबाजी की। उनकी बेईमानी संदेह से परे साबित हुई है। तोशाखाना, कैबिनेट प्रभाग के तहत एक विभाग है जो शासकों और सरकारी अधिकारियों को अन्य सरकारों व विदेशी गणमान्य लोगों द्वारा दिए गए तोहफों को संग्रहित रखता है। क्रिकेटर से राजनेता बने खान को अदालत ने निर्वाचन अधिनियम, 2017 की धारा 174 के तहत तीन साल की सामान्य कारावास की सजा सुनाई।

शनिवार को आया अदालत का फैसला इन आरोपों पर आधारित है कि खान ने विदेशी गणमान्य लोगों से प्राप्त तोहफों और उनकी कथित बिक्री से प्राप्त धन के गलत विवरण घोषित किए। खबरों के अनुसार, खान को प्रधानमंत्री के रूप में अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल के दौरान 14 करोड़ रुपए मूल्य से अधिक के 58 तोहफे मिले और उन्होंने उन सभी को बहुत कम राशि का भुगतान कर या बगैर किसी रकम की अदायगी किए अपने पास रख लिया। इनमें हीरा जड़ित एक घड़ी, एक अंगूठी, एक कलम और कई घड़ियां शामिल हैं। न्यायाधीश दिलावर ने अपने फैसले में लिखा, उनकी बेईमानी संदेह से परे साबित हुई है। खान की पार्टी के प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने व्हाट्सऐप के जरिए पत्रकारों को बताया कि खान को संविधान के तहत कोई भी सार्वजनिक पद (शेष पेज 9)

### प्रदर्शन कर रहे पीटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने शनिवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने का विरोध करने पर पीटीआई के 10 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। पंजाब पुलिस ने एक बयान में कहा कि उन्होंने पीटीआई के 10 कार्यकर्ताओं को खान के घर से बाहर से गिरफ्तार किया, जहां वे अपने नेता की गिरफ्तारी के विरोध में जमा हुए थे। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) के कार्यकर्ता जौहर टाउन में इकट्ठा हुए और शनिवार को खान की गिरफ्तारी का जश्न मनाया। पीएमएल-एन लाहौर के अध्यक्ष सैफ खोखर और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को मिठाइयां बांटीं। लाहौर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सभी मुख्य सड़कों और इमारतों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# मणिपुर में तीन की हत्या के बाद तनाव

- सुरक्षा बलों और सशस्त्र लोगों के बीच गोलीबारी में तीन अन्य लोग घायल, कर्फ्यू में ढील की अवधि घटाई गई

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/इंफाल



विष्णुपुर में हिंसा के विरुद्ध प्रदर्शन करती महिलाएं

**मणिपुर** में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार रात उग्रवादियों ने पिता-पुत्र सहित तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी, जबकि उसी जिले में राज्य बलों और सशस्त्र लोगों के बीच भारी गोलीबारी में तीन अन्य व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि 27 विधानसभा क्षेत्रों की समन्वय समिति द्वारा आहूत 24 घंटे की आम हड़ताल से इंफाल घाटी में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ।

पुलिस ने कहा कि शनिवार सुबह जिले के क्वाक्टा में तीनों व्यक्तियों को सोते समय गोली मारी गई और बाद में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके शवों पर तलवार से हमला किया गया। पुलिस ने कहा कि हमलावर चुराचांदपुर से आए थे। पुलिस ने कहा, तीनों व्यक्ति एक राहत शिविर में रहते थे लेकिन स्थिति में सुधार होने के बाद शुक्रवार को क्वाक्टा स्थित अपने आवास पर लौट आए थे। पुलिस के अनुसार, घटना के तुरंत बाद गुस्साई भीड़ क्वाक्टा में जमा हो गई और चुराचांदपुर की तरफ बढ़ने लगी, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक दिया। इंफाल घाटी में, महिला प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आईं और वाहनों की आवाजाही को अवरुद्ध करने के लिए टायर जलाए।

हिंसा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इम्फाल के दोनों जिलों में सुबह 10.30 बजे से कर्फ्यू लगा दिया। एक अधिकारी ने कहा, इंफाल के दोनों जिलों में कर्फ्यू में ढील का समय घटाकर सुबह पांच से साढ़े दस बजे तक कर दिया गया है। पहले यह ढील सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक लागू थी।

एक बयान में, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने राज्य सरकार से हिंसा को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में सवाल किया। उसने कहा, आईटीएलएफ यह जानना चाहेगा कि भीड़ द्वारा बंदूक और गोला-बारूद की लगातार लूट से उत्पन्न सुरक्षा (शेष पेज 9)

### प्रतिशोध में भीड़ ने कई घरों को जलाया

**इंफाल।** प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि हत्याओं के प्रतिशोध में भीड़ ने बिष्णुपुर जिले के उखा तम्पक में कई घरों को जला दिया। पुलिस ने कहा कि एक अन्य घटना में, शनिवार सुबह क्वाक्टा के पास राज्य बलों और उग्रवादियों के बीच भारी गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी के चेहरे पर छर्रे लगे हैं। तीनों को इलाज के लिए इंफाल के राज मेडिसिटी ले जाया गया। वे खतरे से बाहर हैं।

# अनुच्छेद 370 हटाने की बरसी पर तीन जवान शहीद

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

- रात में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने किया घात लगाकर हमला

**अनुच्छेद** 370 को निरस्त करने की चौथी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर शुक्रवार देर रात कुलगाम जिले में आतंकी हमले में भारतीय सेना के तीन जवान शहीद हो गए। दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें और अन्य वरिष्ठ पीडीपी नेताओं को घर में नजरबंद किया गया है।

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के हलान इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। फौरन ही उन्हें पकड़ने के लिए ऑपरेशन शुरू किया गया। एक ट्वीट में श्रीनगर स्थित चिनार कॉर्प्स ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में तीन जवान घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। तलाशी अभियान शनिवार को भी जारी रहा। ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों की पहचान 34 राष्ट्रीय राइफल्स के हवलदार बाबूलाल हरितवाल, सिग्नलमैन वाला महिपाल सिंह प्रवीण सिंह और राइफलमैन वसीम सरवर के रूप में की गई है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद अब तक जम्मू-कश्मीर में 153 सुरक्षाकर्मियों ने अपनी जान गंवाई है। हालांकि आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले सैनिकों की संख्या में अनुच्छेद 370 से पहले के मुकाबले 57 प्रतिशत की महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई है।

इस बीच, महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट कर कहा कि उन्हें अन्य वरिष्ठ पीडीपी नेताओं के साथ उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है। उनकी पार्टी के कई लोगों को पुलिस थानों में अवैध रूप से हिरासत में लिया गया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख ने ट्वीट किया, सुप्रीम कोर्ट में सामान्य स्थिति के बारे में भारत सरकार के झूठे दावों की पोल खुल गई है। मुफ्ती ने आगे कहा कि एक तरफ, कश्मीरियों को धारा 370 के अवैध निरस्तीकरण का जश्न मनाने का आह्वान करने वाले विशाल होर्डिंग्स पूरे श्रीनगर में लगाए गए हैं। वहीं, लोगों की वास्तविक भावना को दबाने के लिए क्रूर बल का इस्तेमाल किया जा रहा है। उम्मीद है सुप्रीम कोर्ट इसका संज्ञान लेगा।

पीडीपी ने पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की नजरबंदी और पूरे कश्मीर में पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की है। पूर्व विधायक और पीडीपी के वरिष्ठ नेता फिरदौस टाक ने एक बयान में कहा कि कश्मीर में अधिकारियों द्वारा आधी रात को की गई कार्रवाई का उद्देश्य असहमति को दबाना और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा शांति की झूठी कहानी को बढ़ावा देना है। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया था और इसे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

# एल्गार परिषद मामला: फरेरा, गोंजाल्वेस हुए रिहा

**मुंबई।** एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी कार्यकर्ताओं- वर्णन गोंजाल्वेस और अरुण फरेरा को शनिवार दोपहर नवी मुंबई की एक जेल से रिहा कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय ने दोनों को जमानत दे दी थी, जिसके बाद एक विशेष अदालत ने रिहाई आदेश जारी किया और फिर इन्हें रिहा किया गया। दोनों तलोजा जेल में बंद थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों कार्यकर्ताओं के कुछ समर्थक और संबंधी जेल के बाहर उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। गोंजाल्वेस और फरेरा के रिहा होने के साथ ही, इस मामले में गिरफ्तार किए गए कुल 16 में से पांच आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आ चुके हैं। एक आरोपी स्टैन स्वामी की जुलाई 2021 में न्यायिक हिरासत के दौरान यहां एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। इससे पहले आज दिन में मामले से जुड़े एक वकील ने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने शुक्रवार को रिहाई का आदेश जारी कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने 28 जुलाई को (शेष पेज 9)

# हिंसा प्रभावित नूंह में ढहाए गए 24 मेडिकल स्टोर

- तीसरे दिन भी चला प्रशासन का बुलडोजर स्थानीय विधायक ने दमनकारी नीति बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नूंह हिंसा के आरोपियों के अवैध निर्माण ढहाता बुल्डोजर

**हिंसा** प्रभावित हरियाणा के नूंह जिले में प्रशासन ने लगातार तीसरे दिन कथित अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर चलाया। कार्रवाई में शनिवार सुबह लगभग दो दर्जन मेडिकल स्टोर और अन्य दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। साथ कई रिहायशी निर्माण भी गिराए।

इससे पहले प्रशासन ने गुरुवार शाम को हिंसा प्रभावित नूंह से करीब 20 किमी दूर तावडू में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रहने वाले अप्रवासियों की झोपड़ियों को तोड़ दिया था। नूंह में नलहड़ के शहीद हसन खान मेवाती सरकारी मेडिकल कॉलेज में भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने स्थित लगभग दो दर्जन दुकानों, जिनमें ज्यादातर फार्मेसी थीं, को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाया गया। ये दुकानें वर्षों से यहां संचालित हो रही थीं। बता दें कि शुक्रवार को भी दिन भर अलग-अलग जगहों पर बुलडोजर की कार्रवाई (शेष पेज 9)

### नूंह में तनाव के बारे में नहीं थी खुफिया जानकारी: विज

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि नूंह जिले में धार्मिक शोभायात्रा के मद्देनजर तनाव पैदा होने की आशंका के बारे में उनके पास कोई खुफिया जानकारी नहीं थी। नूंह में 31 जुलाई को इस शोभायात्रा पर हमला हुआ था। विज ने नूंह में भड़की हिंसा से संबंधित सवाल के जवाब में कहा कि मैंने अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) और पुलिस महानिदेशक से पूछा। उन्होंने भी यह कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। इस बारे में एक टीवी चैनल ने सीआईडी के एक निरीक्षक का स्टिंग प्रसारित किया है, जिसमें कथित तौर पर दावा किया गया है कि अधिकारियों को मुस्लिम बहुल जिले नूंह में (शेष पेज 9)

# लैपटॉप आयात पर अंकुश लगाने का फैसला टला

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को लैपटॉप, कम्प्यूटर और टैबलेट के आयात पर अंकुश लगाने के फैसले को 31 अक्टूबर तक टाल दिया। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां तीन महीने तक लाइसेंस के बिना इन उपकरणों का आयात कर सकेंगी। अब इन कंपनियों को एक नवंबर से लैपटॉप और कम्प्यूटर का आयात करने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को एक आदेश में कहा कि तीन नवंबर को जारी अधिसूचना अब एक नवंबर से प्रभावी होगी। सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि पहले से पारगमन में मौजूद खेप को मंगाने में कंपनियों को किसी तरह की असुविधा न हो। सरकार ने एक दिन पहले ही इन उपकरणों के आयात के लिए लाइसेंस को जरूरी कर दिया था। यह कदम उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिहाज से इन उपकरणों के हार्डवेयर में मौजूद खामियों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### दिल्ली समेत उत्तर भारत में भूकंप, 5.8 रही तीव्रता

**नई दिल्ली।** अफ़गानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में 5.8 की तीव्रता से आए भूकंप के झटके शनिवार रात राष्ट्रीय राजधानी सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में महसूस किए गए। अफ़गानिस्तान के पर्वतीय क्षेत्र में रात नौ बजकर 31 मिनट पर भूकंप आया और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाशिंदों ने इसके झटके महसूस किए। दिल्ली से लगे नोएडा (उत्तर प्रदेश) में एक गगनचुंबी इमारत में रहने वाली प्रीति शंकर ने कहा, भूकंप रात करीब साढ़े नौ बजे दो बार आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफ़गानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में अक्षांश पर 36.38 डिग्री उत्तर और देशांतर पर 70.77 डिग्री पूर्व में स्थित था। उधर जम्मू-कश्मीर में शनिवार रात 5.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप रात नौ बजकर 31 मिनट पर आया और इसका केंद्र अफ़गानिस्तान में हिंदूकुश क्षेत्र में था। यह जम्मू-कश्मीर में दिन में आया तीसरा भूकंप था। इससे पहले सुबह 8: 36 और 10:र 24 मिनट पर क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# कांग्रेस का बिरला से राहुल की सदस्यता बहाल करने का आग्रह

- लोकसभा में पार्टी नेता अधीर रंजन ने मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति सौंपी, सोमवार को ही हो पाएगी चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि 'मोदी' उपनाम मानहानि मामले में राहुल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता तुरंत बहाल की जाए। चौधरी ने दावा किया कि उन्होंने स्पीकर ओम बिरला को फोन किया, जिन्होंने उन्हें महासचिव से बात करने के लिए कहा। अधीर के अनुसार महासचिव ने उन्हें बताया कि चूंकि शनिवार रविवार छुट्टी के चलते इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

इस मामले पर केवल सोमवार को चर्चा की जा सकती है। अधीर ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति सौंपी और आरोप लगाया कि उन्हें इसकी स्टाम्प लगी रसीद नहीं दी गई। अधीर रंजन चौधरी ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने में देरी पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बीते मार्च में सूरत अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद जितनी जल्दबाजी राहुल को अयोग्य ठहराने में की गई थी, वह तत्परता अब दिखाई नहीं देती। कांग्रेस मंगलवार को चर्चा के लिए निर्धारित आगामी अविश्वास प्रस्ताव में भाग लेने के लिए राहुल गांधी की सदन में शीघ्र वापसी के लिए उत्सुक है। अधीर रंजन ने कहा कि अदालत का आदेश (शेष पेज 9)

# मॉल की तर्ज पर सभी गांवों में बनाएं विश्वकर्मा संकुल: योगी

- उप्र के मुख्यमंत्री ने की एमएसएमई विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेजेंटेशन का भी अवलोकन किया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के गांवों को स्मार्ट विलेज बनाने की अवधारणा को मजबूती प्रदान करने के लिए हर गांव में विश्वकर्मा संकुल का निर्माण किया जाए। इसके जरिए ग्राम्य अर्थव्यवस्था को जहां आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी, वहीं ग्रामीण श्रमिकों को अपनी मेधा का प्रदर्शन करने और सेवाएं प्रदान करने के लिए एक ही छत के नीचे सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके लिए पंचायती राज विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ, गोरखपुर और यूपी के सभी बड़े रेलवे स्टेशन, गांधी आश्रम, पर्यटन विभाग के होटलों और आवास गृह सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ओडीओपी का डिस्प्ले लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन स्थानों पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के डिस्प्ले के साथ उन्हें खरीदने की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में एक एक हफ्ते के लिए ओडीओपी की प्रदर्शनियां और मेले लगाए जाएं। साथ ही फ्लिपकार्ट एवं अमेजॉन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और लूलू ग्रुप के साथ मिलकर ओडीओपी का प्रमोशन कराएं। ओडीओपी के सप्लाई चेन को और मजबूत करें और डिमांड के अनुसार प्रोडक्ट की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने ओडीओपी के लिए निर्धारित बजट का शत-प्रतिशत उपयोग करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत अन्य परंपरागत ट्रेड्स को भी चिह्नित करते हुए जल्द से जल्द शामिल किया जाए। इसके साथ ही लाभार्थियों को प्रॉपर ट्रेनिंग दी जाए और उनके ट्रेड से जुड़े मार्केट के बारे में भी उन्हें अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने योजना के तहत वितरित किये जाने वाले टूलकिट की गुणवत्ता साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करने के भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि (शेष पेज 9)

### यूपी आईटीएस 2023 की तैयारियों की भी की समीक्षा

**अधिकारियों** ने मुख्यमंत्री को 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपी आईटीएस 2023) को लेकर तैयारियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी आईटीएस- 2023 महत्वपूर्ण आयोजन है। इसके जरिए प्रदेश की उत्कृष्ट कला को वैश्विक रूप से प्रदर्शित करने का हमारे पास बड़ा अवसर है। यूपी आईटीएस 2023 उत्तर प्रदेश के ओडीओपी के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म साबित होगा। इसे लेकर हो रही तैयारियों की नियमित समीक्षा की जाए। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी), यूपी डिजाइन इंस्टीट्यूटए यूनिटी मॉल और प्लेज पार्क के कार्यों की प्रगति के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया। सीएम योगी ने सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

# दिल्ली-नोएडा को जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटड की बाधा होगी खत्म

## प्राधिकरण के सीईओ कल करेंगे ब्रिज कॉर्पोरेशन के साथ बैठक, निर्माण राशि पर हो सकता है फैसला




**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

दिल्ली को नोएडा से जोड़ने चिल्ला एलिवेटड का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके संकेत मिलने लगे है। सोमवार को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ब्रिज कॉर्पोरेशन के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में ब्रिज कॉर्पोरेशन के साथ पेमेंट मोड तय किया जाएगा।

पेमेंट मोड दो तरह से हो सकता है। पहला आइटम रेट के जरिए और दूसरा प्रोजेक्ट की स्टेज वाइस पर। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रोजेक्ट को पूरा कराना है।

इसके लिए पेमेंट मोड जो बेस्ट होगा उसे ही अपनाया जाएगा। इसके लिए ही बैठक की जा रही है। दरअसल, प्राधिकरण में अब तक प्रोजेक्ट के स्टेज वाइज ही पेमेंट दिया जाता था। जिसे ईपीसी कहते है। इसमें डिजाइन से लेकर स्वायल टेस्ट और निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार कंपनी की होती है। जैसे-जैसे निर्माण का एक-एक स्टेप पूरा होता जाता है। उसे पेमेंट किया जाता है। अभी इसका 13 प्रतिशत काम ही हो सका है। एलिवेटड निर्माण का सुपरविजन भी नोएडा प्राधिकरण को करना है। ऐसे में प्राधिकरण के सीईओ इस प्रोजेक्ट में अब कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये एलिवेटड दिल्ली और नोएडा के बीच ऐसा इंटर सेक्शन होगा जिसके जरिए लोग नोएडा एक्सप्रेस वे तक सीधे जा सकेंगे। इस एलिवेटड को दिल्ली के मयूर विहार फ्लाइओवर से जोड़ा जाएगा। यानी जिन वाहन चालकों को यमुना या लखनऊ एक्सप्रेस वे जाना है। वे इस इसका प्रयोग कर सीधे एक्सप्रेस पर जा सकेंगे। वर्तमान में वाहन चालकों नोएडा प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक का जाम झेलना पड़ता। ऐसे वाहन चालकों की संख्या करीब 5 लाख है। इनको महज 4.50 किमी के इस पैच को पार करने में 30 मिनट का समय लग जाता है। एलिवेटड के बनने से उनको जाम में नहीं फ ंसना होगा। इसके अलावा अक्षरधाम, मयूर विहार से नोएडा, परिचौक, कालिंदी कुंज, सरिता विहार से आने वाले वाहन चालाकों को जाम नहीं मिलेगा।

ये एलिवेटड नोएडा के चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक करीब 5.96 किमी लंबी होगी। छह लेन की इस रोड पर 500 मीटर लंबे और 7.5 मीटर चौड़े 5 लूप बनाए जाएंगे। इसमें दो लूप चढ़ने के लिए। जिसमें पहले चिल्ला से महामाया की तरफजाने पर सेक्टर-15 शाहदरा ड्रेन के पास और सेक्टर.16बी के पास होगा। उतरने के लिए सेक्टर-16, सेक्टर-18 और सेक्टर.16ए फि ल्म सिटी के पास। महामाया फ्लाईओवर के पहले चढ़ने और उतरने के लिए यहां बोटेनिकल गार्डन के पीछे लूप बनाया जाएगा। इन लूप के जरिए ट्रैफिक एलिवेटड पर फ्लोट होगा। एलिवेटड को बनाने की जिम्मेदारी ब्रिज कॉर्पोरेशन की है। जल्द ही टेंडर जारी करने जा रहा है।

इसके निर्माण में 801 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें प्राधिकरण 74 करोड़ का काम पहले ही पूरा कर चुका है। ये एलिवेटड दो राज्यों को कनेक्ट करती है। इसलिए एग्रीमेंट के तहत 50 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार करीब 393 करोड़ रुपए आएगा। बाकी 50 प्रतिशत नोएडा प्राधिकरण खर्च करेगा। परियोजना वर्ष 2008 में तैयार की थी, लेकिन वर्ष 2019 में धरातल पर उतर सकी।

हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शिलान्यास के बावजूद भी इसका काम पूरा नहीं हो सका। इसका फि जिकल काम 13 प्रतिशत हो चुका है। इसकी नई डेड लाइन मार्च 2025 तय की गई है।

# गाजियाबाद में 5 कुत्तों ने मासूम को घेरा-नोंचा

**● झपट्टा मार कपड़े खींचते रहे कुत्ते,**

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



गाजियाबाद से कुत्तों के आतंक का एक वीडियो सामने आया है। इसमें 5 कुत्ते घेरकर एक बच्चे को नोंच रहे हैं। बच्चे के चिल्लाने पर कुत्ते उस पर और तेज झपट्टा मारते हैं।

बच्चा जब भागने की कोशिश करता है तो कुत्ते उसे काटने लगते हैं। इस बीच एक डिलीवरी ब्वॉय ने आकर मासूम की जान बचाई। राजनगर एक्सटेंशन में ऑफिसर सिटी-1 कॉलोनी की है। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इसे देखकर रेजिडेंट्स बच्चों की सुरक्षा को लेकर डरे हुए हैं। लोग सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग्स की एंट्री और एनिमल लवर्स पर सवाल उठा रहे हैं। वीडियो में एक बच्चा सोसाइटी के अंदर जाता दिख रहा है। तभी अचानक 5 कुत्ते आ जाते हैं। उन्हें देखकर बच्चा रुक जाता है। बच्चा कुत्तों से बचने की कोशिश करता है। लेकिन वह बच्चे को घेरकर काटने लगते हैं।

बच्चा जब भागने की कोशिश करता है तो कुत्ते उसे दौड़ाने लगते हैं। इस बीच, कुत्ता एक कार के पास जाकर खड़ा होता है तब जाकर कुत्ते उसे नोंचना छोड़ते हैं। हालांकि, कुछ देर के बाद कुत्ते उस पर फि र अटैक करने की कोशिश करते हैं। तभी वहां से गुजर रहा एक डिलीवरी ब्वॉय आता है। इसके बाद उसने कुत्तों को वहां से भगाया। इस बीच, पीछे से एक महिला भी वहां आ जाती हैं। अनुज मित्तल ने इस घटना के वीडियो को अपने ट्विटर अकाउंट पर भी शेयर किया है।

उधर, पीपल्स फ ॉर एनिमल गाजियाबाद की अध्यक्ष सुरभी रावत ने कहा, इस सोसाइटी के लोग आए दिन कुत्तों के छोटे-छोटे बच्चों और कुत्तों को गाड़ी से कुचलते रहते हैं। फिर हम जानवर से कैसे उम्मीद कर सकते हैं, जबकि हम खुद इंसान होकर ये शर्मसार हरकत कर रहे हैं। क्या किसी को बेरहमी से मारना सही है। कुत्तों पर हमला हो रहा है, इसीलिए वे हिंसक हो रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने चार स्कूलों के खिलाफ जारी की आरसी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने चार स्कूलों के खिलाफ आरसी जारी की है। इन स्कूलों से एक-एक लाख रुपए जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसमें खैतान पब्लिक स्कूल नोएडा, जीडी गोयंका स्कूल ग्रेटर नोएडा, शिव नादर स्कूल नोएडा, सैनफोर्ट स्कूल ग्रेटर नोएडा स्कूल है।

दरअसल, उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा शैक्षिक वर्ष 2020.21 में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के विषय में विद्यालय प्रबंधन द्वारा वसूली गई 15 प्रतिशत फीस समायोजित करने व विद्यालय छोड़ चुके छात्रों को वापस किए जाने का आदेश दिया गया था। जिसको लेकर विद्यालय द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की गई और न्यायालय द्वारा मात्र फीस वापसी के आदेश पर स्टे दिया गया लेकिन फीस के समायोजन पर कोई स्टे नहीं दिया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने 15 प्रतिशत फीस समायोजित नहीं करने वाले 100 से अधिक स्कूलों पर 1.1 लाख रुपए जुर्माना लगाया था।

## संक्षिप्त समाचार



गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के तहत यशवंत चौबे की अवैध रूप से अर्जित अचल सम्पत्ति को कुर्क किया गया। मौके पर पुलिसकर्मी।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई जनेश्वर मिश्र की जयंती

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर एवं वरिष्ठ नेता देवेन्द्र सिंह अवाना ने आज समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सेक्टर-11 समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी जयंती मनाई। इस अवसर पर देवेंद्र गुर्जर ने कहा कि आज की तारीख में जनेश्वर मिश्र के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। जनेश्वर मिश्र का पूरा जीवन त्याग, बलिदान और समर्पण को समर्पित रहा। यह उनकी ईमानदारी और खुद्दारी ही थी कि केंद्रीय मंत्री रहते हुए भी उनका अपना मकान नहीं था। सादगी और त्याग की प्रतिमूर्ति जनेश्वर मिश्र ने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेता देवेन्द्र सिंह अवाना, हीरालाल यादव, नरेन्द्र शर्मा, सन्नी गुर्जर, गुलशन चावला, पप्पू राम, सिद्धार्थ, प्रवेश तिवारी, विक्की तंवर आदि उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार का आरोप

**नोएडा।** थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाली एक युवती ने थाने में आज रिपोर्ट दर्ज कराई है कि श्रीदीप नामक युवक ने उसके साथ शादी का झांसा देकर नशीला पदार्थ पिलाकर अलग.अलग जगहों पर ले जाकर जबरन बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अब उससे शादी करने से इंकार कर रहा है। जब वह उसके परिजनों से शादी के लिए बात करने गई तो आरोपी और उसके परिजन उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इस मामले में श्रीदीप, उसकी बहन आंचल, अमित भड़ाना, राहुल, अजीत, जोनी, दीपक आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डीएम ने सुनी समाधान दिवस में शिकायतें

**गाजियाबाद।** माह के पहले शनिवार को जिले की तीनों तहसील में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर के समाधान दिवस का आयोजन नेहरूनगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में किया गया। जहां डीएम आरके सिंह ने फ रियादियों की शिकायतें सुनी। एक दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज की गई थी जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने इस दौरान सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर शिकायतों का निस्तारण कर उन्हें रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण करना आवश्यक है ताकि समय रहते लोगों को न्याय मिल सके। इस दौरान एसडीएम सदर विनय कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा बैठक से पहले त्यागी समाज का 1 घंटे हंगामा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कैलाश मानसरोवर भवन में भाजपा की बड़ी बैठक शुरू होने से पहले ही हंगामा हो गया। पश्चिमी यूपी के कई जिलों से त्यागी समाज के सैकड़ों लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए। उसके बाद कैलाश मानसरोवर भवन के दोनों गेटों पर धरना देकर बैठ गए। उनमें कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के बयान को लेकर गुस्सा था, जो पिछले दिनों उन्होंने त्यागी और सैनी समाज को लेकर दिया था। त्यागी समाज के लोग चाहते थे कि मंत्री खुद सामने आकर माफी मांगें। हंगामे की सूचना पर बैठक में मौजूद राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप बाहर निकल कर आए। उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। जिसके बाद एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुछ लोगों का डेलिगेशन लेकर अंदर गए। उनकी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से बातचीत कराई। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश के बाद स्वतंत्र देव सिंह ने वीडियो जारी किया। जिसमें उन्होंने अपने बयान पर खेद जताया। लोगों से आंदोलन स्थगित करने की अपील की। उसके बाद त्यागी समाज के लोग वहां से लौट गए। इस दौरान करीब 1 घंटे तक धरना चला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 जुलाई को मुजफ्फरनगर जिले के शुक्रताल आए थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी वहां पर मौजूद थे।


**राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड**

CIN - L27109DL1971PLC005905
पंजीकृत कार्यालयः 24/1-ए, मोहन सहकारी औद्योगिक एस्टेट, मथुरा रोड विहार, नई दिल्ली-110044,
ई-मेलः investors@rathisteelandpower.com, वेबः www.rathisteelandpower.com,

आपको सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसरण में मैसर्स राठी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शनिवार 12 अगस्त, 2023 को शाम 4.00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जानी है, जिसमें निम्नलिखित व्यवसायों पर विचार किया जाएगा और उन्हें मंजूरी दी जाएगीः-

| आइटम नं. | चर्चा के लिए कार्यसूची |
|---|---|
| ध्यान दें और निम्नलिखित की पुष्टि करेंः- | |
| 1. | बैठक बुलाने के लिए बैठक के अध्यक्ष की नियुक्ति करना। |
| 2. | बैठक का कोरम सुनिश्चित करना |
| 3. | अनुपस्थिति की अवकाश प्रदान करना, यदि कोई हो, |
| 4. | कंपनी के निदेशक मंडल की पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर ध्यान देना और उसकी पुष्टि करना। |
| निम्नलिखित पर विचार और अनुमोदित करेंः- | |
| 5. | दिनांक 30 जून, 2022 को तिमाही समाप्ति हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन करना। |
| 6. | सभापीठ की अनुमति से कोई अन्य कार्य। |

बोर्ड और उसकी ओर से
हस्ता/-
(प्रेम नारायण वार्ष्णेय)
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00012709

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 05.08.2023



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुमित कुमार साध/ निशा साध/ LBDEL00003535512 | फ्लैट नंबर-1301, 13वीं मंजिल, ''शरणम'', टॉवर के, जीएच 02, सेक्टर 107, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा/ अगस्त 02, 2023 | अप्रैल 18, 2023 रु. 51,54,870/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मनोज कुमार गुप्ता/ भगवती प्रसाद/ LBFDB00001636565 | मकान नंबर सी-27, राकेश मार्ग, गाजियाबाद/ अगस्त 03, 2023 | अप्रैल 06, 2023 रु. 75,25,829/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | तनु./नरेंद्र कुमार/ LBNOD00005176382 | फ्लैट नंबर-ए-1711, 17वीं मंजिल, टावर ए, ''केडब्ल्यू सृष्टि'', राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद/ अगस्त 03, 2023 | मार्च 09, 2023 रु.21,97,600/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | देवेन्द्र शाही/रुचि महाजन/ LBNOD00001942563 | फ्लैट नंबर 703, द्वारका 4, 7वीं मंजिल, गुलमोहर गार्डन, पीएच-2, एनएच-58, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद/ अगस्त 03, 2023 | मार्च 09, 2023 रु.15,53,163/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | राकेश/ पारस शर्मा/ LBNOD00005147580 | फ्लैट नंबर 10105, पहली मंजिल, ब्लॉक एल, गौर सिटी 7वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर-जीएच-01, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा/ अगस्त 03, 2023 | मार्च 07, 2023 रु.5,24,002/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | विजय थप्पा/ नीना जोशी/ LBDEL00001193874 | प्लॉट नंबर 194, एमआईजी टाइप, छत के अधिकार के बिना पहली मंजिल, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन-1, सुभम अपार्टमेंट-VIII, पसोंडा, परगना लोनी गाजियाबाद/ अगस्त 03, 2023. | अप्रैल 29, 2023 रु. 8,48,228/-. | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | भावना शुक्ला/ममता शुक्ला/ LBNOD00004932614 LBNOD00005244584 | फ्लैट नंबर-12 ए 01, 13 वीं मंजिल, मिगसन विलासा, सन-3, प्लॉट नंबर-जीएच-1 बी (2) सेक्टर-ईटीए-2, ग्रेटर नोएडा/ अगस्त 03, 2023. | फरवरी 28, 2022 रु. 11,24,411/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | सुरेश कुमार/ सुनीता/ मनोज कुमार आर्य/ LBDEL00000990720 | प्लॉट नंबर नीति खंड 1/ 46 तहसील एवं जिला इंद्रापुरम गाजियाबाद/ अगस्त 03, 2023 | अप्रैल 28, 2023 रु. 4,10,749/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | अज़हर हुसैन/जैस्मिन/ LBGUR00004670758 | फ्लैट नंबर 1202, 12वीं मंजिल, टॉवर वालेंसिया, ओएसिस ग्रैंडस्टैंड, प्लॉट नंबर जीएच-01, टीएस-01 बी, डीसेक्टर-22डी, यमुना एक्सप्रेसवे, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/ अगस्त 03, 2023 | जनवरी 31, 2020 रु. 19,97,259/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | मुकेश कुमार/ सुमन कुमारी/ LBDEL00004976018 | दुकान नंबर 0-605 6वीं मंजिल गौर सिटी सेंटर, दुकान प्लॉट नंबर सी 1 ए, जीएच 01, गौरसिटी सेक्टर 4 ग्रेटर नोएडा/ अगस्त 03, 2023 | मार्च 09, 2023 रु. 21,15,941/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | अनिल कुमार चानना/ रजनी बाला/ LBGHZ00001461837 | फ्लैट नंबर जीएफ-1, ग्राउंड फ्लोर, बिना छत के अधिकार के प्लॉट नंबर-93, सेक्टर-6, वैशाली, गाजियाबाद/ अगस्त 03, 2023 | मार्च 07, 2023 रु. 5,09,077/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | जय प्रकाश पांडे/ शिव कुमारी पांडे/ LBDEL00001913727 | प्लॉट नंबर 1/98, एमआईजी, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद/ अगस्त 03, 2023 | अप्रैल 06, 2023 रु. 10,54,291/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अगस्त 05, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**


# नोएडा प्राधिकरण सीईओ ने लगाया जनता दरबार

**● सेक्टरों के प्रतिनिधियों ने सुनाई समस्याएं, मौके पर ही हुआ निपटारा**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



शहर वासियों की समस्या को लेकर आज नोएडा के सेक्टर-34 में जनता दरबार लगाया गया। सभी सेक्टरों के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व ग्रामीण प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इन सभी ने अपने सेक्टरों की समस्याओं से सीईओ लोकेश एम को अवगत कराया। इस मौके पर प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभाष, जीएम पीके कौशिक डीजीएम सिविल श्री पाल भाटी के अलावा वरिष्ठ प्रबंधक और प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

इस मौके पर सेक्टर के प्रतिनिधियों ने लोकेश एम को समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने समस्या के आधार पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिनमें त्वरित एक्शन लिया जा सकता है उसे तत्काल ठीक कराने के लिए कहा गया। जिनका निस्तारण किया गया। प्रतिनिधियों ने नाले में फैली गंदगी, पानी निकासी, बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से अवगत कराया। नोएडा के सेक्टर-12, 20 से लेकर पॉश सेक्टरों तक जलभराव की समस्या है। हाल ही के दिनों में बारिश और सिचाई नाले के बैक फ्लो होने से बाढ़ का पानी सेक्टरों में भर गया था।

# सांसद व विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

गौतमबुद्धनगर के सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने आज कई स्थानों पर विकास कार्यों का शिलान्यास तथा उद्घाटन किया। उनके साथ नोएडा के विधायक पंकज सिंह भी मौजूद थे।

सर्वप्रथम सांसद डॉ महेश शर्मा यूसुफ पुर चक शाहबेरी पहुंचे। वहां पर उन्होंने हनुमान चौक से लेकर शुक्र बाजार तक सडक के किनारे इंटरलॉकिंग तथा नाली निर्माण का शिलान्यास किया। वहीं नवनिर्मित रोड का भी उद्घाटन किया। इसके बाद सांसद ने चोटपुर कॉलोनी में रोड का उद्घाटन किया। चोटपुर में ही परशुराम कॉलोनी में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत निर्मित सड़क का भी उन्होंने शिलान्यास किया। आपको बता दें कि आज सांसद व विधायक के विभिन्न स्थानों पर 10 कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसमें विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन के अलावा अन्य कार्यक्रम भी निर्धारित हैं। इसी के तहत आज शाम को विद्युत विभाग के अफ सरों के साथ एक अहम बैठक भी होनी है।




नवनिर्मित इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सांसद महेश शर्मा व साथ में विधायक पंकज सिंह।

# हजार से ज्यादा वाहन चोरी करने वाले नौ गिरफ्तार

**● वाहनों के स्पेयर पार्ट्स सस्ते दामों पर भेजते थे**

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह को नोएडा की थाना फेज.1 पुलिस ने पकड़ा है। इस गैंग के नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इनके कब्जे से कब्जे से चोरी की तीन गाड़ियां, एक मोटरसाइकिल, गाड़ी के कटे स्पेयर पार्ट्स व अवैध हथियार बरामद किए गए है। इन सभी को नोएडा प्राधिकरण की सेक्टर.95 स्थित पार्किंग से गिरफ्तार किया गया। ये लोग चोरी की कार के लिए कोड भाषा का प्रयोग करते थे। इनकी पहचान फारूख उर्फ बाबा, प्रताप उर्फ पप्पु, अजय राज दीवाकर, शेरा उर्फ गौरव बख्शी, गौरव मखीजा, अनिल कुमार भाटिया, जसपाल सिंह , मनजीत उर्फ छोटू उर्फ मोनू, सौरभ मखीजा उर्फ मख्खी हुई है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि फारूख व प्रताप दिल्ली हरियाणा, यूपी, राजस्थान आदि स्थानों पर रेकी करके चार पहिया वाहनों को चोरी करते थे।

चोरी करने के बाद ये अपने साथियों के जरिए चोरी के चार पहिया वाहनों को सस्ते दामों में मिस्त्री व डीलर को बेच देते थे। डीलर द्वारा उक्त चार पहिया वाहनों को कटवाकर विभिन्न पार्ट्स को अलग-अलग बेच देते थे। ये डील लाखों रुपए की होती थी। इसमें दिल्ली क्षेत्र के मायापुरी के डीलर्स जसपाल उर्फ हैप्पी, गौरव मखीजा, सौरभ मखीजा, शेरा उर्फ गौरव बख्शी, मन्जीत उर्फ चोटू उर्फ मोनू, अनिल कुमार भाटिया, अजयराज दिवाकर की महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के मायापुरी क्षेत्र में ही चोरी किये हुये चार पहिया वाहनों को काटकर विभिन्न पार्ट्स की बिक्री की जाती थी।

मनजीत उर्फ छोटू फारूख से चोरी किए गए चार पहिया वाहनों को 20 हजार रुपए में खरीद लेता था। उस वाहन को वो गौरव मखीजा व सौरभ मखीजा को 40-45 हजार रुपए में बेचता था। दोनों भाई चोरी के इन चार पहिया वाहनों को कटवाता था। उसके पार्ट्स जसपाल सिंह उर्फ हैप्पी जिसकी मायापुरी में एमएस मोटर्स के नाम से दो दुकान व गोदाम है। वहां रखकर ग्राहकों को बेच देता था।

डीसीपी ने बताया कि हरियाणा, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा से 30 से 35 चार पहिया वाहन चोरी करके उसको जसपाल सिंह, अनिल भाटिया, अजयराज आदि द्वारा काटकर अलग.अलग स्थ लों पर लोगों को बेच दिया गया है। उन्होंने बताया कि 2018 से लेकर के अब तक हजारों चार पहिया वाहन चोरी करके इन लोगों ने बेच दिए। ये सभी इतने शातिर थे कि गाड़ियों के लिए कोड भाषा का प्रयोग करते थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# श्रद्धा हत्याकांड: कोर्ट में पेश किया गया फ्रिज

## इसी फ्रिज में रखे गए थे शव के टुकड़े, कई अन्य सामान भी सबूत के तौर पर सौंपे





श्रद्धा वालकर व आफताब का फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूरे देश को हिला देने वाले नृशंस श्रद्धा हत्याकांड का ट्रायल शनिवार को साकेत कोर्ट में हुआ।

इस दौरान हत्याकांड में श्रद्धा के पिता के बयान दर्ज कराने के साथ उस फ्रिज को भी पेश किया गया जिसमें श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े कर रखे गए थे। साकेत कोर्ट में श्रद्धा हत्याकांड मामले में कोर्ट के समक्ष उसके पिता का बयान दर्ज किया गया। इसके साथ ही श्रद्धा के पिता व भाई दोनों से आफताब के वकील जिरह भी करेंगे।

साकेत कोर्ट के समक्ष सुनवाई के दौरान उस रेफ्रिजिरेटर को भी पेश किया गया जिसे वारदात में इस्तेमाल किया गया था। इसी रेफ्रिजिरेटर में काली पॉलिथीन में भरकर आफताब ने श्रद्धा के शव के टुकड़े रखे थे। जब वह अपनी दूसरी गर्लफ्रेंड को घर लाता था तब आफताब इन्हें किचन में रख देता था। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम द्वारा जब्त किए गए आफताब के खून के धब्बे लगे प्लाईवुड के दो टुकड़े भी अदालत में पेश किए गए। श्रद्धा के पिता ने रेफ्रिजिरेटर और लकड़ी के टुकड़ों की पहचान की। उनकी उपस्थिति में पुलिस ने ये सबूत सील किए थे। आफताब श्रद्धा को मारता-पीटता और फिर हर बार सॉरी कहकर हत्याकांड में बृहस्पतिवार को श्रद्धा के भाई ने दिल्ली की अदालत में अपने बयान दर्ज कराए। पीड़िता के भाई ने बताया कि आफताब अमीन पूनावाला उसकी बहन को पीटता था और फिर बहला-फुसलाकर माफी मांग लेता था। साकेत कोर्ट स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ की अदालत मेंश्रद्धा के भाई श्रीजय विकास वाकर ने पहले गवाह के तौर पर बयान दर्ज कराया था। श्रीजय नेकहा कि आरोपी इतना चालाक था कि श्रद्धा के साथ ज्यादती करने के बाद उसे मना भी लेता था।

### 13 हड्डियां मिलने की कोर्ट को दी जानकारी

*जांच के दौरान आफताब की निशानदेही पर बरामद श्रद्धा के शव की 13 हड्डियां बरामद होने की बात भी कोर्ट को बताई गई। इस दौरान भी श्रद्धा के पिता पुलिस के साथ मौजूद थे।श्रद्धा वाकर हत्याकांड श्रद्धा के पिता विकास वाल्कर ने अदालत में बताया था कि आरोपी आफताब पूनावाला ने महरौली पुलिस स्टेशन में उनके सामने कबूला था कि उसने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या की थी। फिर उसके टुकड़े करके सुनसान जगहों पर फेंक दिया। गवाह के तौर पर पेश हुए विकास मदन वाकर नेकहा कि आफताब ने पुलिस की उपस्थिति में खुलासा करते हुए कहा था कि उसने श्रद्धा का गला घोटकर हत्या की थी। इसके बाद वह आरी खरीदकर लाया और उसकी कलाई काटकर काली थैली मेंडालकर महरौली के जंगल में फेंक आया था।*

# भाजपा की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष बने कपिल मिश्रा

● आम आदमी पार्टी छोड़ने के चार साल बाद मिला मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कपिल मिश्रा को चार साल के लंबे इंतजार के बाद शनिवार को पार्टी की दिल्ली इकाई का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। मिश्रा की नियुक्ति करने वाले दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि उनका नाम इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित पार्टी के नए पदाधिकारियों की सूची में था, लेकिन किसी कारण से इसकी घोषणा नहीं की जा सकी थी।

आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार में मंत्री रह चुके मिश्रा अगस्त 2019 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ मतभेद सार्वजनिक होने के बाद दिल्ली भाजपा में शामिल हो गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में मिश्रा ने भाजपा के टिकट पर मॉडल टाउन निर्वाचन क्षेत्र से किस्मत आजमाई थी, जिसमें उन्हें आप नेता अखिलेश पति त्रिपाठी से हार का सामना करना पड़ा था।

इस पर कपिल मिश्रा ने भी आभार जताते हुए ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अत्यंत आभार। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार इस जिम्मेदारी के योग्य मुझे समझने के लिए। गृह मंत्री अमित शाह का आभार जिनके मार्गदर्शन में दिल्ली बड़े परिवर्तन की ओर है। दिल्ली के यशस्वी अध्यक्ष और मेरे बड़े भाई वीरेंद्र सचदेवा का आभार जिन्होंने मुझे अपनी टीम का सदस्य बनाने योग्य समझा।

ज्ञात हो मिश्रा ने केजरीवाल पर 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की हेराफेरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि,क्क को जिन 11 कंपनियों ने पैसा दिया था, सभी फर्जी हैं और इनके अलग-अलग निदेशकों का पता एक ही है।

मिश्रा ने कहा था कि 2013-14 चुनावों में आप के खाते में 45 करोड़ रुपये थे, लेकिन चुनाव आयोग को 9 करोड़ रुपये की ही जानकारी दी गई। मिश्रा ने सत्येंद्र जैन पर भी रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। हालांकि उक्त मामला चुनावों के बाद शांत हो गया था।

# गैंगरेप में वांछित युवक मैनपुरी से गिरफ्तार

● राजधानी में 23 जून को दो युवकों ने दिया था वारदात को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में एक किशोरी से कथित सामूहिक बलात्कार के मामले में वांछितयुवक को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने कहा कि 23 जून को किशोरी से दो लोगों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया और इसके बाद उसी दिन जब वह घर लौट रही थी तो तीन अन्य लोगों ने उससे दुष्कर्म किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, किशोरी ने आरोप लगाया है कि उसके परिचित दो लोगों मोहम्मद मिराज और एक नाबालिग ने पहले उसे शारीरिक चोटें पहुंचाई फिर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया।

अधिकारी ने बताया कि जब किशोरी घर लौट रही थी तो रास्ते में उसके मामा मिले जिन्हें उसने सारी घटना बता दी। किशोरी के मामा ने दो अन्य लोगों करन सिंह और एक नाबालिग को उसे घर छोडने् के लिए कहा। इसके बाद दोनों उसे एक कमल सिंह नाम के व्यक्ति के घर ले गए, जहां तीनों ने उससे सामूहिक बलात्कार किया। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि किशोरी के बयान के आधार पर पांचों आरोपी के खिलाफ यहां स्वरूप नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## राजधानी में आज भी हो सकती है हल्की बारिश

**नई दिल्ली।** राजधानी में शनिवार सुबह बारिश हुई और अधिकतम पारा सामान्य से एक डिग्री कम दर्ज 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि रविवार को आसमान में मुख्यत: बादल छाए रह सकते हैं तथा हल्की बारिश होने की संभावना है। उसने कहा कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 33 और 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। शनिवार सुबह तक 24 घंटे की अवधि में शहर में 54 मिमी बारिश हुई। आर्द्रता 100 प्रतिशत से 70 प्रतिशत के बीच रही।

# जलभराव के लिए आकस्मिक योजना बनाने के निर्देश

● जी-20 सम्मेलन: उपराज्यपाल ने पीडब्ल्यूडी, दिल्ली नगर निगम को जारी किए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी में अगले महीने यहां होने वाले जी-20 सम्मेलन से पहले लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को शहर में भारी वर्षा की स्थिति में संभावित जलभराव से निपटने के लिए आकस्मिक योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है। उपराज्यपाल कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

प्रगति मैदान में आगामी जी-20 सम्मेलन के आयोजन स्थल के आसपास के स्थानों समेत दिल्ली के कई हिस्से पिछले महीने वर्षा होने और यमुना नदी में बाढ़ जाने के कारण जलमग्न हो गए थे। भारत की अध्यक्षता में जी-20 सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को होगा। पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली विकास प्राधिकरण, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग, समेत विभिन्न संबंधित एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने जी-20 सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की।दीवारों, खंभों, मेट्रो के खंभों को वाणिज्यिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा विरूपित किए जाने की निरंतर समस्या का विषय भी इस बैठक में उठाया गया।

बयान के अनुसार, जिला निगरानी समन्वयकों को इस मामले से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया गया। महिपालपुर में रेडिसन ब्लू, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में सूर्या होटल, नेहरू प्लेस में इरोज होटल तथा होटल ललित और हयात रिजेंसी जैसे कुछ होटलों के आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण का भी मुद्दा बैठक में उठा। बयान के अनुसार, इन होटलों के आसपास के क्षेत्रों को मिशन मोड में सजाने का स्पष्ट निर्देश दिया गया।

उपराज्यपाल कार्यालय से जारी बयान में कहा गया, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की 20 सचल टीम जी-20 कार्यक्रमों के समापन तक निरंतर सड़कों पर होंगी तथा टीम के समक्ष किसी भी उल्लंघन के सामने आने पर मौके पर ही दंडित किया जाएगा। बैठक के दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि 11 जुलाई से उनके नियमित निरीक्षण के बाद से उन्हें सुधार नजर आया है। बयान के मुताबिक, जी-20 बैठक से संबंधित कार्य निर्धारित कार्यक्रम के हिसाब से हो रहे हैं।

# टाइटलर की जमानत अर्जी मंजूर, अदालत के बाहर प्रदर्शन

● 1984 में हुए सिख दंगों में आरोपी हैं कांग्रेसी नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अदालत के बाहर प्रदर्शन करती सिख पीड़ित महिलाएं

दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश में हुई हत्याओं से संबंधित मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर का जमानती बांड शनिवार को स्वीकार कर लिया।

वहीं टाइटलर के खिलाफ दंगा पीड़ितों ने कोर्ट के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने कहा कि आरोपी को पहले ही एक सत्र अदालत से अग्रिम जमानत मिल चुकी है। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को टाइटलर को आरोप पत्र की एक प्रति प्रदान करने का निर्देश भी दिया।कांग्रेस नेता टाइटलर कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश हुए।

उनकी पत्नी जेनिफर टाइटलर उनकी जमानतदार बनीं। अदालत ने जेनिफर की पहचान और वित्तीय स्थिति का सत्यापन किया। साथ ही यह देखने के बाद कि वह आर्थिक रूप से सक्षम थीं, उन्हें जमानतदार के रूप में स्वीकार कर लिया।मजिस्ट्रेट ने कहा कि जमानत बांड प्रस्तुत किया गया है। जमानत आदेश में लगाई गई शर्तों के अधीन इसे स्वीकार किया जाता है। मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी। सत्र अदालत ने शुक्रवार को एक लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत प्रतिभूति पर टाइटलर को राहत दे दी थी। अदालत ने कांग्रेस नेता पर कुछ शर्तें भी लगाई थीं, जिनमें यह भी शामिल है कि वह मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे या बिना अनुमति के देश से बाहर नहीं जाएंगे।मजिस्ट्रेट अदालत ने 26 जुलाई को टाइटलर से कहा था कि वह पांच अगस्त को उसके समक्ष पेश हों।

## नए रंग रूप में शहीदी पार्क




## रेल कर्मचारी संगठन की महारैली 10 अगस्त को

**नई दिल्ली।** रेलवे कर्मचारियों के संगठन एनएफआईआर, यूआरएमयू और अन्य महासंघ साथ मिलकर नई पेंशन योजना (एनपीएस) के खिलाफ 10 अगस्त को यहां स्थित रामलीला मैदान में महारैली करेंगे। इस दौरान देशभर के अन्य संगठनों के कर्मचारी भी शामिल होंगे।

नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन के महासचिव एम रघुवैया और उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के महासचिव बी सी शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रेल कर्मचारियों समेत विभिन्न संघों के साथ नई पेशन योजना के खिलाफ दस अगस्त को रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया जाएगा।

# संदीप दीक्षित ने मोहल्ला क्लीनिक के बहाने केजरीवाल पर कसा तंज

● कर्नाटक के मंत्री के दौरे पर कहा- आप सरकार का सच हम दिखा देते

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को कहा कि वह राव को अरविंद केजरीवाल के शासन का सच दिखा सकते थे। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी राव द्वारा मोहल्ला क्लीनिक को अतिप्रचारित बताने के बाद आई है। राव ने यह भी कहा था कि वह मोहल्ला क्लीनिक का दौरा करके निराश हुए हैं।

दीक्षित ने ट्वीट किया, काश आप हमसे भी मिलते दिनेश गुंडू राव। हम आपको अरविंद केजरीवाल के शासन में शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्त, पर्यावरण, पानी, सड़क, बस और बुनियादी ढांचे की स्थिति के अलावा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का सच दिखाते। सरकार की मोहल्ला क्लीनिक पहल की प्रशंसा करने के कुछ घंटों बाद कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री राव ने शुक्रवार को कहा था कि इस पहल को बहुत ज्यादा प्रचारित किया गया है और वह मोहल्ला क्लीनिक का दौरा करने के बाद निराश हुए हैं।

## बदमाशों ने महिला का सोने का लॉकेट छीना

**नई दिल्ली ।** दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के किशनगढ़ में शनिवार को सुबह की सैर के लिए निकली एक महिला से दो बाइक सवार बदमाशों ने कथित तौर पर सोने का लॉकेट छीन लिया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़िता अंजलि माथुर ने पुलिस को बताया कि मुनिरका विहार, पाल डेयरी के पास पहुंचीं तो मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति वहां आए और उनकी सोने की चेन छीनने की कोशिश की। हालांकि बदमाश चेन तो नहीं छीन सके, लेकिन चेन का लॉकेट झपटने में सफल रहे और वहां से फरार हो गए। इस घटना के सिलसिले में किशनगढ़ थाने में कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# चांदनी चौक लोस क्षेत्र में मनेगा चौथा वन महोत्सव

● पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए आज डीयू के पोलो ग्राउंड से होगी शुरुआत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा 9 जुलाई से शुरू हुए वन महोत्सव की कड़ी में अगला वन महोत्सव कार्यक्रम दिल्ली के चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में मनाया जाएगा।

चौथा वन महोत्सव कार्यक्रम 6 अगस्त को दिल्ली विश्वविद्यालय के पोलो ग्राउंड से शुरू किया जाएगा। पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर में लगातार गिरावट दर्ज किए जाने हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर ) में बढ़ोतरी हुई है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए चौथा वन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के ईको क्लब के बच्चे व शिक्षक समेत पर्यावरण मित्र एवं आरडब्लूए के सदस्य मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर नि:शुल्क औषधीय पौधों के वितरण का कार्य भी इस वन महोत्सव के दौरान किया जाएगा। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में जहाँ साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था वह केजरीवाल सरकार के प्रयासों के कारण, साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है।

दिल्ली के ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने और दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। केजरीवाल सरकार के दूसरे कार्यकाल यानी साल 2020 से जबसे हमारी सरकार बनी है 2022 - 23 तक 1 करोड़ 18 लाख पौधे लगाए गए है 7 इस वर्ष भी हमारी सरकार ने 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे 21 सम्बंधित विभागों की हरित एजेंसियो के द्वारा पूरा किया जाएगा 7 इसके अलावा

## संक्षिप्त समाचार

### एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम का शुभारंभ




**नई दिल्ली।** एसएमईस्ट्रीट और डीलप्लेक्स के सहयोग के तहत एक नई उड़ान- एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023 का शुक्रवार को केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने शुभारंभ किया। इस फोरम का उद्देश्य विभिन्न उद्योगों और भौगोलिक क्षेत्रों में एमएसएमई प्रभावशाली लोगों को पहचानना है, जो 5-ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के योगदान को बढ़ावा देने में योगदान करते हैं। एमएसएमई मंत्रालय की संयुक्त सचिव मर्सी एपाओ ने एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए एमएसएमई मंत्रालय की कार्रवाइयों पर एक अपने विचार साझा किया। इसके अलावा, अजय ठाकुर (हेड बीएसई एसएमई एंड स्टार्टअप्स), बीएसई इंडिया ने इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भाग लिया था।

### संबंधों की नींव को मजबूत करता है 'मित्रता दिवस'

**नई दिल्ली।** इस्कॉन द्वारका सेक्टर-13 स्थित रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर में रविवार (6 अगस्त) को मित्रता दिवस मनाया जा रहा है। हजारों वर्षों की कृष्ण-सुदामा की मित्रता को आपसी संबंधों की नींव को मजबूत करने के लिए आज भी याद किया जाता है। मित्रता दिवस के दिन हम भी उसी सच्ची, निस्स्वार्थ मित्रता को याद करते हैं और कृष्ण और सुदामा के गुणों को गुणगान करते हुए अपने बच्चों और मित्रों में वही संस्कार ढूंढते हैं। इस अवसर पर बच्चों को तुलसी पौधे के लिए मिट्टी के पात्र को भी डेकोरेट करना सिखाया जाएगा। जिसे बाद में वे स्मृति के तौर पर अपने मित्र को उपहारस्वरूप दे सकते हैं।

### सिविल सेवा अभ्यर्थियों का धरना-प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सिविल सेवा अभ्यर्थियों ने शनिवार को मुखर्जी नगर में सी-सैट पेपर को कठिन बनाने और कोविड के दौरान हुए दो साल की क्षतिपूर्ति के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। इस पर पुलिस ने सभी छात्रों को जबरन धरना स्थल से हटाया और अपनी हिरासत से देर रात उनको छोड़ा। सी सैट को लेकर अभ्यर्थियों ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में शिकायत की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद तथा साकेत जैन और उमेश सिंह ने न्यायाधिकरण के समक्ष छात्रों का पक्ष रखा। हाल ही में कैट ने अपना फैसला सुनाया है जो कि छात्रों के पक्ष में नहीं है। सी-सैट के प्रश्नपत्र को कठिन बनाने का सबसे अधिक बुरा असर गैर-अंग्रेजी भाषी हैं, कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि के हैं, और ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं।

# शिक्षकों का प्रतिष्ठित संस्थानों में हो रहा संवर्धन : आतिशी

● शिक्षा मंत्री ने 5 दिवसीय ट्रेनिंग से लौटे मेंटर शिक्षकों से किया संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शिक्षा मंत्री आतिशी



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक

शिक्षा मंत्री आतिशी ने देश के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं से ट्रेनिंग के बाद लौटे एमसीडी स्कूलों के मेंटर शिक्षकों से संवाद कर उनके अनुभवों को साझा किया।

अतिशी ने कहा कि इस तरह के ट्रेनिंग कार्यक्रमों से शिक्षकों का विकास और सवंर्धन हो रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि, दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने में हमारे मेंटर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा7 इस दिशा में अब हम एमसीडी स्कूलों के अपने मेंटर शिक्षकों को भी सशक्त बना रहे है ताकि वो एमसीडी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को विश्वस्तरीय बनाने और लाखों बच्चों की जिन्दगी में अहम् बदलाव लाने में अहमद भूमिका अदा कर सकें। आतिशी ने कहा कि देशभर के जाने-माने शैक्षिक संस्थाओं से सीखकर आने के बाद हमारे मेंटर शिक्षकों में अलग ही उत्साह और आत्मविश्वास है। वे इस उत्साह के साथ वे अपनी कक्षाओं में पढ़ाई का शानदार माहौल तैयार करेंगे और साथ ही अपने साथी शिक्षकों को सीखने-सीखाने के नवाचारों से परिचित करवाएंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एससीईआरटी) एमसीडी स्कूलों के मेंटर शिक्षकों को देशभर के नामी संस्थानों में सीखने के लिए भेज रही है। पिछले दिनों एससीईआरटी द्वारा एमसीडी स्कूलों के 25-25 मेंटर शिक्षकों के समूह को पालमपुर के अविष्कार लैब ऑफ साइंस, मैथ, आर्ट एंड टेक्नोलॉजी; कोयंबटूर के येलो ट्रेन स्कूल व ईशा फाउंडेशन व पुणे के सह्याद्री स्कूल व जन प्रबोधनी नवनगर विद्यालय में 5 दिवसीय एक्सपोजर ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए भेजा था।

# पटौदी में भड़काऊ भाषण देने, धारा 144 का उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर

## शुक्रवार को कुछ संगठनों ने एकत्रित होकर निकाला था जुलूस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


नूंह हिंसा के विरोध में पटौदी में जुलूस निकालते लोग। फाइल फोटो।

**नूंह** हिंसा के विरोध में शुक्रवार को नवाब मंसूर अली खान की नगरी पटौदी में जुलूस निकालकर भड़काऊ भाषण देने, धारा 144 का उल्लंघन करने के मामले में पटौदी पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की है।

31 जुलाई को नूंह (मेवात) में हुई हिंसा के विरोध में शुक्रवार को कुछ संगठनों द्वारा पटौदी के एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन से पूर्व शहर में जुलूस निकाला गया और भड़काऊ भाषण दिए गए। प्रदर्शन करने वाले सभी लोग पुरानी कोर्ट पटौदी से तहसील पटौदी तक एसडीएम को ज्ञापन देने के लिए पैदल चलकर गए थे।

इसी दौरान भड़काऊ भाषण व नारे लगाए गए। धारा 144 लागू होने के बावजूद भी लोगों ने एकत्रित होकर जुलूस निकाला, जो कि सीधे तौर पर धारा 144 का उल्लंघन है। आरोप है कि इन कार्यकर्ताओं सहित आसपास के काफी लोगों द्वारा ज्ञापन देने के दौरान कानून की अवहेलना करते हुए जुलूस निकालने, भड़काऊ नारे लगाने व भड़काऊ भाषण देकर साम्प्रदायिक दंगे भड़काने का कार्य किया। जिनके कारण साम्प्रदायिक दंगे भड़क सकते थे।

कानून-व्यवस्था तथा शान्ति बिगड़ने की परिस्थिति पैदा हो सकती थी। इस सम्बन्ध में थाना पटौदी में विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# हिंसा के लिए उकसाने वाले विधायक मामन खान की विधानसभा सदस्यता रद्द हो: सुंदर लाल

## विधानसभा में खड़े होकर मामन खान ने की थी मुस्लिमों को उकसाने वाली बात

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने मांग की है कि मेवात के मुस्लिमों को हिंसा के लिए उकसाने वाले फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मामन खान की सदस्यता रद्द होनी चाहिए। समाज को धर्म के नाम पर उकसाकर बांटने का काम करने वाले ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्यवाही जरूरी है।

सुंदर लाल यादव ने कहा कि विधायक मामन खान विधानसभा में


सरपंच सुंदर लाल यादव।

खड़े होकर जिस तरह से आक्रोषित होकर बात कर रहे थे, वह एक जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता। उनको बढ़ावा दिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने। जब विधायक मामन खान विधानसभा में भाषण दे रहे थे तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा शांत रहे। उनकी यह चुप्पी भी उनको बढ़ावा दे गई। अगर वे अपने दल के नेता को इस तरह की भाषणबाजी पर रोकते-टोकते तो शायद लोगों में हिन्दुओं के प्रति रोष व्याप्त ना होता। उन्होंने हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता से मांग की है कि वे नूंह हिंसा पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस के विधायक मामन खान की सदस्यता रद्द करने की कार्यवाही करें। सरपंच सुंदर लाल ने यह भी कहा कि नूंह हिंसा में जितने हिन्दुओं पर केस दर्ज किए गए हैं, वे सभी केस वापिस होने चाहिए। जितने भी कार्यकर्ता गिरफ्तार हुए हैं, उनकी रिहाई होनी चाहिए। गौ रक्षक मोनू मानेसर को लेकर सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि यह किसी से नहीं छिपा है कि मोनू किस तरह से गऊओं की रक्षा करते रहे हैं। गो तस्करों से गोली खाकर भी मोनू ने गोरक्षा करना नहीं छोड़ा। इस बात को सभी जानते हैं। मोनू का नाम इस हिंसा में बेवजह घसीटना सही नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## एलिवेटेड टोल प्लाजा पर दंगों से हुआ एक करोड़ का घाटा



**सोहना।** गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर घामडौज टोल प्लाजा पर बीते पांच दिन वाहनों की संख्या 25 से 30 फीसदी रह गई है। जिससे टोल एजेंसी को बीते पांच दिन में एक करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। नूंह और सोहना में हुई हिंसात्मक घटनाओं के बाद से गुरूग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर चलने वाले वाहनों पर भी पड़ा है। मंगलवार से एक दिन में टोल से गूजरने वाले वाहनों की संख्या 30 फीसदी रह गई है। जिसका कारण वाहनों से होने वाली वसूली पर 50 फीसदी असर पड़ा है। पीएमआर टोल हाइवे एजेंसी के पदाधिकारी पवन भावला ने बताया कि दंगों से पहले टोल पर एक दिन की वाहनों से वसूली 30 से 32 लाख हो रही थी। लेकिन अब पांच दिन से एक दिन में 10 से 12 लाख रुपये रह गई है, जिससे टोल पर एक दिन में 20 से 22 लाख रुपये का घाटा हो रहा है।

## आपसी भाईचारे को समाप्त नहीं होने दिया जाएगा : संजय सिंह



**सोहना।** सोहना विधायक संजय सिंह ने कहा कि दो समुदाय के बीच उपजा विवाद असामाजिकतत्व और गलत बयानबाज़ी मुख्य कारण रहा है। विधायक ने फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक ममन खान द्वारा विधानसभा सत्र में की गई गलत बयानबाजी का ही परिणाम है। दोनों समुदाय के बीच आपसी भाईचारे को किसी सूरत में खराब नहीं होने दिया जाएगा। सोहना के विधायक संजय सिंह ने नूंह में हुई हिंसात्मक घटना के बाद मीडिया को दिए गए एक इंटरव्यू में कहा कि आपसी भाईचारे को आघात पहुंचाने वाले असामाजिक तत्व के दोषियों को किसी बी सूरत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विवाद पैदा करने वाले असामाजिक तत्व के दोषियों पर शिकंजा कसने की कार्यवाही पर अमल शुरू हो गया है। उन्होंने कहा प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल दोषियों को किसी भी सूरत में न बक्सने से लेकर घटना के दौरान हुआ आर्थिक नुकसान की भरपाई दोषियों से वसूलने के आदेश जारी कर दिए है। विधायक ने कहा कि फिरोजपुर झिरका से विधायक ममन खान द्वारा पिछले विधानसभा सत्र में की गई गलत बयानबाज़ी से असामाजिक तत्व के लोगों का हौसला बढ़ा है। इस विवाद को बढ़ावा ममन खान की गलत बयानबाज़ी भी किसी हद तक दोषी है। उन्होंने मानेसर निवासी मोनू यादव पर लगे आरोप के विषय में कहा कि वह मोनू की निजी बयानबाज़ी है। उसने सार्वजनिक रूप से ऐसा कुछ नहीं कहा है। संजय सिंह ने कहा आम नागरिक थोड़ा धैर्य बनाकर रखे। किसी बहकावे में न आकर सामाजिक माहौल को खराब न करे। पूरे प्रदेश में स्थित सही है। कही पर किसी प्रकार का विवाद अब नहीं है।

## दो बाइकों की टक्कर से युवक घायल

**सोहना।** भोंडसी की डिफेंस कॉलोनी गेट पर दो बाइकों की आमने-सामने हुए टक्कर में एक का चालक घायल हो गया। दूसरी बाइक का आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीडित द्वारा 15 दिन बाद दी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। बादशाहपुर में रहकर इलेक्ट्रॉनिक का काम करने वाले स्वतंत्र का 24 जुलाई को भोंडसी की डिफेंस कॉलोनी गेट पर एक्सीडेंट हो गया था। स्वतंत्र को सामने से आया अज्ञात युवक ने अपनी तेज रफ्तार बाइक से सीधी टक्कर मार दी थी। जिससे वह सड़क पर ही बाइक समेत गिर गया था। जिससे हाथ, पैर, सिर और शरीर पर कई जगह चोट लगी थी। राहगिर ने ही उसकी बाइक को उठाकर एक तरफ रख दिया था। मुझे पास रखा तख्त पर लेटा दिया था। बाद में परिजनों को सूचना देकर बुलाया और मुझे अस्पताल में दाखिल कराया था। वह अपने मूल निवास चला गया था। वहा से वापस आने पर ही आपको शिकायत दी है।

## बाल वैज्ञानिक तैयार करने के लिए नाटक की मदद लेगा विभाग

**फरीदाबाद।** सरकारी और गैर-सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए विभाग हर स्तर पर काम कर रहा है। विभाग विद्यार्थियों के बीच विज्ञान को नाटक के माध्यम से लोकप्रिय बनाएगा। नाटकीय अंदाज में छात्रों को मानव जीवन में विज्ञान और तकनीक के महत्व को बताएगा, जिससे छात्र आसानी से विज्ञान को समझें। इसके साथ ही वर्तमान समय में विज्ञान और तकनीक की आवश्यकता से भी छात्रों को परिचित करेंगे। इसका उद्देश्य है कि छात्र-छात्राओं के भीतर मौजूद अपनी वैज्ञानिक दिलचस्पी को बाहर लाना। स्कूलों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आधुनिक प्रौद्योगिक का उपयोग, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, आधुनिक तकनीक, बेहतरीन खाद्य पदार्थ व मानवता के लिए विज्ञान व प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों से संबंधित विषय पर नाटक का मंचन किया जाएगा। इसमें कक्षा नौ से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। इसका आयोजन बिड़ला औद्योगिक तथा प्रौद्योगिकी संग्रहालय भारत सरकार की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। प्रारंभिक स्तर पर अगस्त में इसका आयोजन खंड स्तर पर किया जाएगा। टीम में अधिकतम आठ छात्र-छात्राएं एवं गाइड शिक्षक होंगे। इनमें से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नाटक की अधिकतम अवधि 30 मिनट की होगी। वैज्ञानिक अवधारणा अधिकतम 30 अंक, प्रभावी प्रस्तुति पर 50 अंक और नाटक संदेश का प्रभाव पर 20 अंक निर्धारित किया गया है। खंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले नाटक, सर्वश्रेष्ठ नाटक निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ लेखक व सर्वश्रेष्ठ कलाकार का चयन होगा। खंड और जिले स्तर के एक-एक स्कूल में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# डीसी बोले...सिर्फ शरारती तत्वों पर ही कार्रवाई बाकी किसी को घबराने की जरूरत नहीं

## डीसी ने सेक्टर-58 व 70 के समीप स्लम एरिया का किया दौरा

## लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


सेक्टर-70 के समीप स्लम एरिया में लोगों से बातचीत करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**आमजन** में सुरक्षा के प्रति विश्वास बनाने के लिए शनिवार को गुरुग्राम के सेक्टर-58 व 70 के समीप स्लम एरिया का डीसी निशांत कुमार यादव ने दौरा किया। उन्होंने लोगों को भय रहित होकर अपने दैनिक काम-काज करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने स्लम एरिया में रहने वाले लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करने हुए बताया कि जिला में शांति व्यवस्था बनी हुई है। आपको किसी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला में विभिन्न स्थानों पर रैपिड एक्शन फोर्स तैनात है। साथ ही हरियाणा पुलिस भी असामाजिक तत्वों की धरपकड़ कर रही है। जिला में 28 मामलों में एफआईआर दर्ज करते हुए 43 आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 62 के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी लगातार विभिन्न सोसायटी में जाकर आरडब्ल्यू के प्रतिनिधियों के साथ सदभावना बैठक कर रहे हैं साथ ही डोमेस्टिक हेल्प वर्कर्स की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक कदम उठाए गए है।

डीसी ने स्लम एरिया में लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि अगर आपको कोई स्थान छोड़ने की धमकी देता है तो तुरंत इसकी जानकारी जिला प्रशासन व नजदीकी पुलिस थाने को दें।

इस दौरान बड़ी संख्या में स्लम एरिया में रहने वाले लोगों ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स, पुलिस व जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारी निरंतर उनके एरिया में आ रहे है। जिससे वह वापस अपने काम-धंधे पर लौटना शुरू कर रहे हैं। डीसी ने पुलिस अधिकारियों को भी इन एरिया में पुलिस की गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव व संबंधित थाना प्रभारी भी साथ रहे।

# लड़की के घर को आग लगाने के तीन आरोपी पुलिस ने दबोचे

**गुरुग्राम।** लड़की जब फ्रेंडशिप करने के लिए नहीं मानी तो एक तरफा प्यार में पागल युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लड़की के घर को आग लगा दी। एसीपी क्राइम वरूण दहिया ने बताया कि आग लगाने की घटना को अंजाम देने के सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने इस मामले में तीन युवकों को सेक्टर-38 से गिरफ्तार किया है।

तीनों युवक एक युवक की हत्या में नामजद है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोविंद उर्फ साहिल, सुमित उर्फ राठा व नितिन शर्मा के रूप में हुई। गोविंद और सुमित रोहतक के रहने वाले हैं तथा नितिन गुरुग्राम के फरुखनगर का निवासी है। पुलिस के अनुसार गोविंद उर्फ साहिल, सुमित उर्फ राठा और नितिन शर्मा ने 30-31 जुलाई की रात सेक्टर-10 में मुकेश नाम के एक युवक की हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में पुलिस ने तीनों को दबोचा और रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उन्होंने लड़की के घर में आग लगाने की वारदात में



कबूल कर ली। गांव सुल्तानपुर के रहने वाले जतिन ने पुलिस में शिकायत दी थी कि 25 जुलाई की रात लगभग 3 बजे उनके गेट पर आग लगी हुई थी। उसने देखा कि दो युवक बोतल से कुछ ज्वलनशील पदार्थ छिड़क रहे हैं। तभी एक युवक ने माचिस निकाली और आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच में खुलासा हुआ कि जो युवक हत्या के मामले में पकड़े गए थे, उन्होंने ही इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी नितिन ने स्वीकार किया कि वह लड़की से फ्रेंडशिप करना चाहता था, लेकिन वह लड़की तैयार नहीं थी। तब उसने अपने दोनों साथियों गोविंद और सुमित को युवती के घर भेजा।

# एनएच-48 पर बिलासपुर फ्लाईओवर का काम तो शुरू पर वाहन निकलने की व्यवस्था लचर

## जहां काम हो रहा, वहीं से यातायात का डायवर्जन करने से खड़ी हुई परेशानी


गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे-48 पर बिलासपुर चौक पर जहां काम शुरू किया है वहीं से ही यातायात को डायवर्ट किया गया।

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे-48 पर बिलासपुर फ्लाईओवर का निर्माण तो शुरू हो गया, लेकिन हाईवे के दोनों ओर से आने-जाने वाले यातायात के लिए वैकल्पिक रास्ता सही नहीं बनाया गया। इस वजह से शनिवार को कई घंटे तक वहां जाम लगा रहा। जहां पर काम शुरू किया गया है, वहीं से ही यातायात डायवर्ट किया गया है जो जाम का मुख्य कारण है।

धारूहेड़ा से गुरुग्राम की ओर आने वाला मेन कैरिजवे बिना अतिरिक्त तैयारियों के ही बंद कर दिया। यहां मेन कैरिजवे के यातायात को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया गया है। गलत तरीके से किए डायवर्जन का खामियाजा दिन भर वाहन चालकों को भुगतना पड़ा। एनएचएआई के अधिकारियों ने इसका सारा ठीकरा फ्लाईओवर की निर्माणकर्ता कंपनी और उसके ठेकेदार पर फोड़ दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने साफ कहा कि बार-बार कहने के बाद भी ठेकेदार ने डायवर्जन से पूर्व की तैयारियां नहीं की। अचानक से हुए डायवर्जन के कारण वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

हाईवे के बिलासपुर चौक से रोजाना करीब 80 हजार वाहन गुजरते हैं। यह ऐसा प्वायंट है जहां जयपुर, नीमराणा, बहरोड़, शाहजहांपुर, भिवाड़ी, खुशखेड़ा बावल, रेवाड़ी, धारूहेड़ा जैसे औद्योगिक क्षेत्रों से आना वाला यातायात पटौदी, झज्जर, रोहतक, हिसार, जींद के रास्ते पंजाब की तरफ यातायात जाता है। साथ ही मथुरा, मेरठ, कानपुर, आगरा, गुरुग्राम-दिल्ली, फरीदाबाद, पलवल से आने वाला यातायात जयपुर, झज्जर, रोहतक, हिसार, जींद और पंजाब की ओर जाता है। दिल्ली से जयपुर का तो यह मुख्य मार्ग है।

पुलिस ने नहीं दी पहले डायवर्जन की अनुमति: सोढ़ी

कांट्रेक्टर ईशमिंदर सिंह सोढ़ी के अनुसार कंपनी एक किलोमीटर पहले ही डायवर्जन का प्लान बना रही थी, लेकिन पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। उन्होंने कहा कि सर्विस रोड के एक तरफ मंदिर, होटल आदि हैं। अगर दिक्कत हो रही है तो डायवर्जन प्लान में जरूरत पड़ने पर बदलाव भी करेंगे। बिलासपुर फ्लाईओवर का निर्माण जून 2024 में पूरा होगा।

# हरियाली तीज मेले को स्थगित करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नूंह** और सोहना में दो समुदाय के नागरिकों में हुई हिंसात्मक घटना से स्थानीय देवीलाल खेल में लगने वाले हरियाली तीज मेले इस वर्ष स्थगित करने की चर्चा होने लगी है। स्थानीय नागरिक सौहार्दपूर्ण वातावरण होने पर ही मेले की शुरुआत करने के पक्ष में है।

हरियाली तीज के अवसर पर सैकड़ों वर्षों से लगता आ रहा तीज मेला दो समुदाय के नागरिकों के बीच आपसी भाईचारे को कायम रखने का प्रतीक रहा है। लेकिन हाल ही में दोनों समुदाय के नागरिकों के आपसी भाईचारे में नफरत का जहर घोलने वाले असामाजिक तत्व दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे है।

लेकिन विवाद हाल ही में होने के कारण धीरे-धीरे आपसी भाईचारे का माहौल पटरी पर लौटने तो लगा है। लेकिन असामाजिक तत्व के नागरिकों को फिर से मौका न दिए


सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में मेला लगाने की चलती तैयारी।

जाने की बात कह रहे है। राज कुमार का कहना है कि ऐसे शरारती प्रवृत्ति के लोग मेले का माहौल खराब कर सकते है। मेले में दिन की अपेक्षा रात के समय में शहरवासियों की अधिक भीड़ होती है। क्षानचंद का कहना है कि मेले में अधिक कड़ी सुरक्षा कोई भी ठेकेदार चाहकर भी नहीं कर पाता है। उन्होंने तीज मेला कमेटी को मेले की सुरक्षा पर गहनता से विचार करने को बात कही है।

> “ **अभी** मेले को 10 की बजाय 15 अगस्त के बाद शुरू करने का फैसला लिया है। एक सप्ताह के ओर आवश्यकता पड़ी तो मेले का ठेका रदद हो सकता है।
>
> **( प्रदीप सिह- एसडीएम/ मेला कमेटी प्रधान )**

**ठेकेदार सुरक्षा पर लगा चुके आरोप :** मेले की खुली ठेका बोली लगाने के दौरान ठेकेदार प्रवीण गोदरा ने पुलिस द्वारा मेले को दी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल लगाते हुए नकारात्मक बताया था। गोदारा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को जिम्मेदारी से नहीं निभाती है। सुरक्षा के नाम पर होम गार्ड तैनात कर देती है। होमगार्ड अपने रिश्तेदारों से लेकर परिजनों को भूला दिखाने पर ज्यादा ध्यान देते है।

# प्रोजेक्ट ग्रीन एंड गार्बेज युवाओं की सराहनीय पहल: नवीन गोयल

## रविवार को शहर में एक साथ 5 स्थानों पर चलाया जाएगा अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


पत्रकारों से बात करते नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि अब हम सब पेड़ लगाकर उनका जन्मदिन भी मनाएंगे। पेड़ों लगाकर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए इस कार्य से समाज में जागरुकता आएगी। यह बात उन्होंने शनिवार को सेक्टर-17 स्थित अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट ग्रीन एंड गार्बेज के माध्यम से देश के शहरों में सफाई करने और हरियाली बढ़ाने का बीड़ा उठाकर चले युवाओं की यह सराहनीय पहल है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छता की जो शुरुआत की गई, वह प्रोजेक्ट ग्रीन एंड गार्बेज की शुरुआत करने वाले युवाओं को बड़ी प्रेरणा दे गई। हरियाणा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण विभाग इस विषय पर लंबे समय से काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट ग्रीन एंड गार्बेज की ओर से शहर में रविवार को 5 स्थानों आरडी सिटी, सेक्टर-46, जैकबपुरा में दो पार्क, एक मियां वाली कालोनी के पार्क से की जाएगी। नवीन गोयल ने कहा कि हम सब जानते हैं कभी हरा-भरा रहने वाला गुरुग्राम शहर अब कंक्रीट का जंगल बन चुका है। ऐसे में हमें अपने लिए प्राकृतिक संसाधनों पर भी काम करना होगा। प्रोजेक्ट ग्रीन एंड गार्बेज की संस्थापक सोनल गुप्ता ने बताया कि अब तक 24 शहरों में यह ड्राइव चलाई जा चुकी है। सह-संस्थापक अक्षिता गुप्ता ने बताया कि यह समय देशभर में युवाओं को अपने देश, समाज के लिए जागरुक होने का है। हमें सफाई और हरियाली पर ध्यान देना होगा। निदेशक अर्पित मित्तल ने कहा कि हम सफाई और हरियाली के इस काम को हर स्तर तक करेंगे। सिटी हेड अतुल गुप्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट ग्रीन एंड गार्बेज की ओर से रेगुलर तरीके से यह काम किया जाएगा। यह अभियान थमेगा नहीं। कैनविन के को-फाउंडर नवीन गोयल से उन्हें इंस्पीरेशन मिली है। वे इन सब सब्जेक्ट पर काम कर रहे हैं।

# गुरुग्राम विवि में आयोजित दूसरा टीक्यूएम एंड काइजेन कॉन्क्लेव



**गुरुग्राम।** छात्रों को व्यावसायिक एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया, दिल्ली चैप्टर (क्यूसीएफआई) और गुरुग्राम विवि के संयुक्त तत्वावधान में दूसरा टीक्यूएम एंड काइजेन कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। सम्मलेन में बेहतर भविष्य के लिए गुणवत्ता संबंधी अवधारणाएं विषय पर व्यापक विमर्श करने के लिए विनिर्माण, शैक्षणिक संस्थानों, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ चिकित्सा और फार्मास्युटिकल के क्षेत्रों में काम करने वाली दिल्ली एनसीआर, पंजाब और उत्तराखंड राज्य की 30 राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के 250 प्रतिनिधियों ने शिरकत की। कॉन्क्लेव का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार,विशिष्ट अतिथि डॉ. एससी कुंडू और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर हीरो, होंडा, गेब्रियल, जेसीबी, ल्यूमैक्स, टाटा पावर, गेल, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी लिमिटेड, मिण्डा ग्रुप जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से आए विशेषज्ञों ने अपनी बात रखी। उन्होंने अपने ज्ञान, विचार और अनुभव को जीयू के विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। उन्होंने छात्रों को टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट (टीक्यूएम) और काइजेन की महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया को जीयू में एक दिवसीय कॉन्क्लेव आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उद्योगों में निरंतर सुधार और छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से काफी सहायक सिद्ध होते हैं। कुलपति ने कहा कि शिक्षा को व्यवसायी जगत से सीधा जोड़ने तथा सांझेदारी बनाने की दृष्टि से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजित होना काफी महतवपूर्ण है।

# कैंसर के इलाज का सही नतीजा पाने के लिए अहम है क्रिटिकल केयर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कैंसर** के मरीज ऐसे मरीजों में से होते हैं जिन्हें स्पेशलाइज्ड आईसीयू केयर की आवश्यकता होती है। कैंसर के इलाज का नतीजा कैसा रहेगा और मरीज के जीवन की गुणवत्ता कैसी होगी इस पर आईसीयू केयर या क्रिटिकल केयर की गुणवत्ता का व्यापक प्रभाव पड़ता है। राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट (आरजीसीआई) की एमआईसीयू की प्रमुख तथा हाल ही में गठित ऑन्को क्रिटिकल केयर सोसायटी (ओसीसीएस) की प्रेसिडेंट डॉ. परवीन कौर ने यह बात कही।

एक स्पेशियलिटी के तौर पर ऑन्को क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देने के लिए आरजीसीआई के साथ मिलकर ऑन्को क्रिटिकल केयर सोसायटी ने 4 अगस्त, 2023 को पहले वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। कॉन्फ्रेंस में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (मुंबई), अपोलो हॉस्पिटल, सर गंगा राम हॉस्पिटल, मेदांता हॉस्पिटल व अन्य प्रतिष्ठित अस्पतालों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर ओसीसीएस की आधिकारिक पत्रिका 'ऑन्को क्रिटिकल केयर' को भी लॉन्च किया गया। डॉ. परवीन कौर ने कहा कि कैंसर के ज्यादातर मरीजों को कैंसर से संबंधित परेशानी या अन्य किसी परेशानी के कारण भी आईसीयू केयर की आवश्यकता होती है। आईसीयू में भर्ती अन्य मरीजों की तुलना में इनकी आवश्यकता अलग होती है। कैंसर या कीमोथेरेपी के कारण कैंसर के मरीजों का इम्यून काफी कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में कैंसर के मरीजों की जीवन प्रत्याशा बढ़ाने एवं जीवन की गुणवत्ता सुधारने में आईसीयू केयर की गुणवत्ता अहम भूमिका निभा सकती है। कैंसर के इलाज में हुई तरक्की से कैंसर के मरीजों की जीवन प्रत्याशा बढ़ी है। रिसर्च के अनुसार सभी प्रकार के कैंसर में 68 प्रतिशत मरीजों के पांच साल तक जीवित रहने की संभावनाएं बनी हैं। कैंसर के इलाज के दौरान मरीजों को कई चिकित्सकीय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ मरीजों को कैंसर के इलाज से जुड़ी परेशानियों, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर, इन्फेक्शन या कैंसर से इतर किसी समस्या के कारण आईसीयू केयर की जरूरत पड़ती है। डॉ. परवीन कौर ने आगे कहा कि कैंसर के मरीजों की चिकित्सकीय परेशानियां अलग होती हैं। इसलिए हमें ऐसे डॉक्टरों की ज्यादा जरूरत है, जो क्रिटिकल केयर में अनुभवी एवं प्रशिक्षित हों।

# पलवल में सिटी बस सेवा न होने से यात्री परेशान

## यात्रियों को शहर के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में होती है कठिनाई

### कई बार मांग के बाद भी शुरू नहीं हुई सिटी बस सेवा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**शहर** मे सिटी बस सेवा नहीं होने से शहर वासियों को शहर के एक कोने से दूसरे कोने तक जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सिटी बस सेवा नहीं होने से कई-कई ऑटो बदलने पड़ते है। जिससे शहर वासियों का समय और धन दोनों बरबाद होते है। शहरवासी कई बार सिटी बस सेवा चलाने की मांग जिला प्रशाशन से कर चुके हैं, परंतु उनकी इस मांग पर आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इससे शहरवासियों में नाराजगी है।

शहरी ललिता चौधरी, कलावती, विक्की, प्रीति डागर, एमपी शर्मा, चेतन शर्मा, राजन आदि का कहना है पलवल शहर को जिला बने 15 वर्ष बीत चुके हैं। इन सालों में पलवल शहर का तेजी से विकास हुआ है। वहीं पलवल के क्षेत्र में कई ग्रामीण इलाके भी जोड़े दिए गए। इसके अलावा शहर के पलवल-सोहना मार्ग, पलवल हथीन मार्ग, पलवल नूंह मार्ग, दिल्ली मथुरा मार्ग पर हुडा सेक्टर-2, एसआरएस, ओमेक्स सिटी, अशोका सिटी, सेक्टर पांच, सेक्टर सात, हुडा सेक्टर-12, हुडा सेक्टर-21, सेक्टर छह, ईरा ग्रुप सेक्टर, अगवानपुर के अलावा पलवल से लगे सभी मार्गों पर नई-नई कॉलोनियां तेजी से विकसित हुई हैं। इसकी वजह से पलवल का शहरी क्षेत्र बघौला गांव से कुसलीपुर, किठवाडी गांव से घुघेरा गांव तक फैल गया। इन सभी इलाकों से लोग पलवल शहर के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र, जिला न्यायालय, जिला सचिवालय और दूसरे सरकारी कार्यालयों में हर रोज आते जाते हैं। वहीं कुछ लोग अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए भी शहर के एक कोने से दूसरे कोने तक आते-जाते हैं। शहर में सिटी बस सेवा नहीं होने से लोग ऑटो व वाहनों का सहारा लेते है। इसके लिए कई-कई सवारियां बदलनी पड़ती हैं। वहीं कई क्षेत्रों में ऑटो सुविधा नहीं होने से लोगों को निजी ऑटो लेकर एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आना-जाना पड़ता है।

> **शहर** में सिटी बस सेवा शुरू करने के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को प्रमोजल भेजा हुआ है। परमिशन मिलते ही सिटी बस सेवा शुरू कर दी जाएगी।
>
> **-धर्मबीर, ड्यूटी इंस्पेक्टर, रोडवेज विभाग**




इस तरह यात्रा करने में जहां समय अधिक लगता है, वहीं इससे यात्रियों का किराया 100 से 200 रुपये तक पहुंच जाता है। जो गरीब लोगों की पहुंच से बाहार होता है। वहीं जिला अदालत, जिला सचिवालय व दूसरे कार्यालयों में काम करवाने के लिए भी हर रोज शहर के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं। उनको भी या तो अपने निजी वाहनों से जाना पड़ता है या फिर दूसरे वाहन किराए पर लेने पड़ते हैं। इस तरह यात्रा करने से महिलाओं, स्कूल, कॉलेज की छात्राओं व बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ता है। कई बार ऑटो आदि ऐसी जगह पर छोड़ देते हैं, जिससे आगे पैदल ही जाना पड़ता है। सुबह जल्दी व रात को ऑटो आदि में यात्रा करना महिलाओं, युवतियों व बुजुर्गों के लिए खतरनाक रहता है।

पिछले कई सालों में पलवल सिटी बस सेवा चलाने की मांग प्रशासन से की जा चुकी है, परंतु इस पर कोई अमल अभी तक नहीं हुआ है। जिससे आज भी पलवल शहर के लोग परेशान हैं। लोगों ने पलवल शहर में सिटी बस सेवा जल्द से जल्द चलाने की मांग की है। जिससे लोगों को यात्रा करने मे आसानी रहे।

# सेक्टर-75 में छह करोड़ की लागत से होगा सड़कों व सीवर लाइनों का निर्माण

### सड़कें व लाइन बिछाने के लिए टेंडर लगाने का कार्य हुआ शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद के हुडा सेक्टर-75 में निर्माण कार्य में तेजी के लिए लगभग छह करोड़ रूपए की लागत से सड़क-सीवर व पीने के पानी की लाइन बिछाने कार्य किया जाएगा। सड़कें-सीवर और पानी की लाइन बिछाने के बाद मकानों का निर्माण कार्य सेक्टर में तेजी से हो सकेगा। सेक्टर-75 का निर्माण कार्य बडौली गांव के पास किया जा रहा है। सेक्टर में अब तक 80 प्रतिशत प्लॉट बिक चुके हैं। प्लाट बिकने के बाद अब सेक्टर में निर्माण कार्य का रास्ता खुला है।

हुडा विभाग के कनिष्ठ अभियंता विजय अधाना का कहना है कि फरीदाबाद हुडा सेक्टर-75 में मकानों के बनाने के कार्य को तेजी देने के लिए जल्द ही सेक्टर में कार्य तेजी से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेक्टर के लिए नहर पार बड़ौली के पास जमीन इक्वायर की गई थी। जमीन इक्वायर करने के बाद विकास को तेजी देने के लिए सड़कें, सीवर लाइन व पानी की पाइप लाइन की जगह निर्धारित की गई। सेक्टर में अब तक लगभग 1700 प्लॉट बिक चुके हैं। जल्द ही टेंडर अलॉट होते ही सेक्टर का निर्माण कार्य गति पकड़ेगा। सेक्टर में अब तक प्लॉट के साइज के अनुसार 100 फुट रोड, 60 फुट रोड व 22 फुट रोड का निर्माण किया जाएगा। हुडा सेक्टर-75 ग्रेटर फरीदाबाद के बेहतर सेक्टरों में से एक होगा। यहां पर सेक्टर वासियों के लिए बेहतर मार्केट, पार्क, कम्यूनिनिटी सेंटर, ग्रीन बेल्ट आदि होंगी। जिससें लोगों का जीवन अच्छा रहें। बता दें कि ग्रेटर फरीदाबाद में छोटी-बड़ी करीब 80 सोसायटी हैं, इनमें लाखों लोग रहते हैं। यहां प्राइवेट बिल्डर्स की हाईराइज सोसायटियां बनाई जा रही हैं। लेकिन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में विकास कार्य वर्षों से रुके हुए थे। अब तक, केवल तीन क्षेत्रों ने बुनियादी ढांचे का विकास शुरू किया है। इनमें सेक्टर 76, 77 और 78 शामिल हैं। इन सेक्टरों के अंदरूनी इलाकों में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, सीवरेज और पानी की लाइनें बिछाई जा रही हैं। बरसाती पानी की नालियां बनाई जा रही हैं और बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

ज्यादातर हिस्सों में काम हो चुका है और बाकी हिस्सों में काम जारी है। सेक्टर 77 और 78 में ड्रॉ के जरिए लोगों को प्लॉट दिए गए और सेक्टर 76 में ई-ऑक्शन के जरिए लोगों को प्लॉट बेचे गए हैं। एचएसवीपी ने ई-नीलामी के माध्यम से सेक्टर 75 और 80 में कई लोगों को प्लॉट भी बेचे हैं, लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण कब्जा नहीं दिया। जबकि लोगों को प्लॉट पर कब्जा देने से पहले यहां बुनियादी सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। अब जल्द ही सेक्टर-75 में सभी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# विधायक राजेश नागर ने पार्कलैंड में सुनीं जनसमस्याएं



**फरीदाबाद।** सेक्टर-77 स्थित बीपीटीपी पार्कलैंड प्राइड सोसाइटी विधायक राजेश नागर लोगों की समस्याओं को सुनने पहुंचे और मौके पर ही अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। आरडब्ल्यूए की ओर से विधायक को एक मांगपत्र भी सौंपा गया है, जिसपर जल्द से जल्द कार्रवाई का विधायक ने भरोसा दिया। पार्कलैंड प्राइड सोसाइटी के प्राइड वन आरडब्ल्यूए की ओर से विधायक राजेश को आमंत्रित किया गया था।

जहां स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। वहीं अपनी समस्याएं भी उनके समक्ष रखीं। जिसमें बिल्डर से संबंधित समस्याएं भी शामिल थीं। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष भूपेंद्र अधाना ने बताया कि बिल्डर द्वारा फ्लैट मालिकों के कैम शुल्क में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी की गई है, जोकि पूरी तरह से गलत है। जिसका हम पुरजोर विरोध करेंगे।

उन्होंने विधायक से कहा वह इस मामले में दखल देकर उनकी परेशानी को दूर करें। इसके अलावा बिल्डर की ओर से किए जाने वाले अनेक कार्यों को भी लंबित रखा गया है, जिनमें सीवरजे ट्रीटमेंट प्लांट, क्लब सुविधा, आरसीसी सडकें, स्ट्रीट लाइटें, विद्युतीकरण के लंबित कार्य, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, सीवरेज ओवरफ्लो, पार्क में ओपन जिम एवं बेंच आदि के अनेक कार्यों को नहीं किया गया है। जिसके कारण निवासियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अन्य मांगों को भी जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक ने सभी की समस्याओं को ध्यान से सुना और बिल्डर को मौके पर ही इन समस्याओं को दूर करने के लिए कहा। नागर ने कहा कि यदि बिल्डर बायर के साथ हुए एग्रीमेंट का पालन नहीं करता है तो सरकार उसके खिलाफ एक्शन लेगी। वहीं उनकी अपनी जिम्मेदारी भी है कि वह अपने क्षेत्र की जनता के दुख तकलीफों को दूर करने का भरसक प्रयास करें, जिसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सात से 11 अगस्त तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन



**पलवल।** जिला रोजगार अधिकारी शक्तिपाल ने बताया कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय की ओर से सात से 11 अगस्त तक व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। मार्गदर्शन सप्ताह के तहत बेरोजगार प्रार्थियों को कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि युवा अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।

### आशीष जैन ने डॉ. रमापति राम त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट की



**फरीदाबाद।** प्रसिद्ध युवा उद्योगपति व अल्फा अभिराशी ग्रुप के डायरेक्टर आशीष जैन ने उत्तरप्रदेश के देवरिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद्र एवं पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डॉ. रमापति राम त्रिपाठी से दिल्ली में उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर रमापति राम त्रिपाठी ने देश में कारोबारी माहौल पर चर्चा की और उन्होंने आशीष जैन को उनके निर्वाचन क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया, क्योंकि उनका क्षेत्र अब हवाई और रेल, सड़क से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। साथ ही उन्होंने इस पर हर संभव समर्थन देने का आश्वासन दिया। आशीष जैन ने उनके निर्वाचन क्षेत्र में इथेनॉल संयंत्र और सौर पैनल परियोजना स्थापित करने में रुचि दिखाई। आशीष जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मोदी की दूरगामी आर्थिक नीतियों के कारण ही भारत का विश्व में डंका बज रहा है और वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा। आशीष जैन ने जल्दी ही डॉ. रमापति राम त्रिपाठी के निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने और व्यवसाय स्थापित करने का आश्वासन दिया। डॉ. त्रिपाठी ने आशीष जैन की दूरदर्शी सोच की भी सराहना की, क्योंकि उनके जैसे नई पीढ़ी के बिजनेसमैन ने भारत को नई छवि दी है और मोदी के दृष्टिकोण को वास्तविकता बनने में मदद की है।

### जहां प्रेम है, वहां लेने की इच्छा नहीं होती : स्वामी सुमेधानंद



**फरीदाबाद।** बाबा लाल दयाल मंदिर सेक्टर-11 में चल रही भागवत कथा में व्यासपीठ पर विराजमान कार्ष्णि स्वामी सुमेधानंद जी महाराज अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों में अमृत वर्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान का सागर है, इसके श्रवण मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत एक जीवन दर्शन है। यह मानव जीवन का एक अनुपम उत्कृष्ट एवं आदर्श मार्गदर्शक है। जीवन एवं जगत की समस्याओं के समाधान और सफल सार्थक एवं शांतिपूर्ण जीवन जीने के व्यवहारिक सूत्र है। जहां प्रेम हैं, वहां लेने की इच्छा नहीं होती। वहां तो सबकुछ देने की इच्छा होती है। भगवान की भक्ति भगवान के लिए करो। भक्ति का फल भूख नहीं है, भक्ति का फल भगवान है। सुखदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को कथा सुनाई और उन्हें ज्ञान का बोध कराया। भागवत सभी पुराणों का सार है, श्रीमद्भागवत में सृष्टि के आरंभ से लेकर के सृष्टि के अंत तक का वर्णन है कि कलयुग में भगवान कल्कि अवतार लेंगे। जब-जब धर्म की हानि होती है, भगवान अवतरित होते हैं। भागवत में कृष्ण लीलाओं का वर्णन करते हुए अपने मधुर भजन सखी री चल वृंदावन धाम गीत पर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धनपत कालड़ा द्वारा व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य कार्ष्णि स्वामी सुमेधानंद महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कथा के उपरांत सभी के लिए सुंदर प्रसाद की व्यवस्था की गई।

### पलवल में दंगे पर एक और मुकदमा दर्ज

**पलवल।** नूंह में हिंसा के बाद पलवल में हुए दंगों के संबंध में शहर थाना पुलिस ने बीती रात एक और एफआईआर दर्ज की है। इसमें उपद्रवियों ने मस्जिद में पत्थरबाजी कर तोड़फोड़ कर व बाहर खड़ी स्कूटी में आग लगा दी। अन्य गाड़ियों में भी तोड़फोड़ करने का आरोप है। शहर थाना पुलिस ने 30-35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार 31 जुलाई की शाम को 30-35 उपद्रवी नारेबाजी करते हुए धार्मिक स्थल का दरवाजा खोलकर अंदर घुस आए और पत्थरबाजी करने लगे। वहां खड़ी स्कूटी व साइकिल को बाहर निकाल कर आग के हवाले कर दिया। इतना ही बाहर खड़ी गाड़ी व एक अन्य गाड़ी को लाठी, डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए उपद्रवी भाग गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आग को बुझवा दिया और वहां पुलिस बल तैनात कर दिया।

# महिला का अपहरण कर पहाड़ी पर किया दुष्कर्म

### सोहना अस्पताल जाते समय गाड़ी में बिठाकर ले गया युवक

**पलवल।** सोहना अस्पताल जा रही एक विवाहिता को जबरन गाड़ी में बिठाकर पहाड़ी की घाटी में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। बहीन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच के सोहना थाना भेज दिया।

बहीन थाना प्रभारी सुरेंद्र के अनुसार, एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि वह बहीन थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है और सोहना अस्पताल जा रही थी। उसी दौरान उसे बिसंबरा गांव निवासी जाहुल जबरन गाड़ी में बिठाकर सोहना-तावडू घाटी में ले गया। उसका आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ घाटी में ले जाकर बलात्कार किया। विरोध करने पर उसे धमकी देकर चुप करा दिया। वह जैसे-तैसे अपने घर पहुंची और आपबीती अपने परिजनों को सुनाई।

महिला ने बताया कि इसके बाद वह परिजनों को साथ लेकर बहीन थाना पहुंची। मामला सोहना का होने के चलते पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की जीरो एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए सोहना थाना पुलिस के पास भेज दी है। मामले में आगे की कार्रवाई सोहना पुलिस करेगी।

# स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत मिशन मोड में किया जाए कार्य : संजीव कौशल

### मुख्य सचिव ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**प्रदेश** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत ओडीएफ प्लस बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य करने के संबंध में वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक कर नर्देश दिए। संजीव कौशल ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए सबसे महत्वपूर्ण अभियानों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान के प्रति संवेदनशील हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन प्लस ग्रामीण अभियान के सभी घटकों पर मिशन मोड में लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें, ताकि तीन माह में लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सके। वीसी में उपायुक्त नेहा सिंह ने मुख्य सचिव को उनके द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। वीसी के नेहा सिंह ने इस संबंध में सभी अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि खुले में शौच मुक्त होने के बाद अब जिला की प्राथमिकता संपूर्ण स्वच्छता पर है। इसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा ग्रे वाटर मैनेजमेंट सहित कई कार्यक्रम शामिल हैं। अधिकारी इन सभी बिंदुओं पर निश्चित अवधि के अंदर कार्य पूरा करवाएं। सभी पंचायतों को जल्द ही ओडीएफ प्लस घोषित किया जाए।

# निगम ने सीवर को कराया साफ, मिली गंदे पानी से निजात

**फरीदाबाद।** निगम ने ओल्ड स्टेशन रेलवे रोड पर सुपर शकर मशीन की मदद से सीवर की सफाई कराई। निगम के कार्यकारी अभियंता ओमदत्त ने कहा कि रेलवे रोड पर सीवर की सफाई कराने के लिए जेई की ड्यूटी लगाई गई है। सिल्ट जमा होने से पानी निकासी में समस्या आ रही है। इसके लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। बता दें कि तीन अगस्त को गांधी कॉलोनी निवासी सोनिया, सरोज, बबली और अशोक ने सीवर ओवरफ्लो होने पर सुबह प्रदर्शन कर रेलवे रोड को जाम कर दिया था। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि निगम की अनदेखी से हजारों लोगों को परेशान हो रही है। इसके बाद निगम एक्शन में आया।

# भाईचारा बनाने के लिए धन्यवाद कर आगे भी शांति रखने की अपील

### हथीन में एसपी ने पंच-सरपंच और गणमान्य लोगों के साथ की बैठक



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**एसपी** लोकेंद्र सिंह ने थाना हथीन में क्षेत्र के मौजूद पंच सरपंचों की बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने हथीन क्षेत्र में आपसी भाईचारा व शांति बनाए रखने के लिए मौजूद लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह भाईचारा, प्यार व अमन शांति आगे भी कायम रखनी है। बैठक में सरपंच एसोसिएशन के प्रधान व ओम प्रकाश, घर्रोट, पुठली, विनोदा गढ़ी, फिरोजपुर राजपूत, बूराका, धीरनकी, स्यापनकी, खोकियाका, जैनपुर, जनाचोली के अलावा दर्जनों गांव के पंच सरपंच तथा एसएचओ मनोज कुमार भी मौजूद रहे।

एसपी ने बैठक में कहा कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अगर माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने सरपंचों से कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की गलत हरकत करता है तो तुरंत इसकी पुलिस को जानकारी दें। पुलिस उसपर तुरंत एक्शन लेगी। अफवाह व गलत लोगों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शांति स्थापना के लिए हथीन क्षेत्र में बीएसएफ, आरएएफ कंपनी की भी तैनाती की हुई है। वहीं जिला पुलिस के काफी संख्या में जवानों को तैनात किया गया है, जो हर समय क्षेत्र की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

एसपी लोकेंद्र सिंह कहा कि जिला पलवल में पूरी तरह से शांति रही है। कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है। पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग व फ्लैग मार्च किया जा रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों ने शांति भंग करने का प्रयास किया, उनके खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में 18 मामले दर्ज किए जा चुके हैं और पांच आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस टीमों का गठन किया गया है, आरोपियों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं तथा अन्य आरोपियों को जल्द ही अरेस्ट कर लिया जाए।

एसपी ने बैठक में पंच सरपंचों की तरफ से मांगे गए सुझाव पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई स्थान पर ऐसे ठेके खुले हुए हैं, जहां दोनों समाज के युवा अक्सर शराब लेने के लिए आते हैं और कई बार आपस में लड़ने झगड़ने लगते हैं। इसलिए दो दिनों के लिए शराब के ठेकों को बंद कराया जाए तो ठीक रहेगा। जिस पर एसपी लोकेंद्र सिंह ने लोगों की मांग पर आश्वस्त किया कि शांति बहाली के लिए प्रशासन के सहयोग से शराब के ठेके बंद करवाए जाएंगे।

# किसान गुड एग्रीकल्चर प्रेक्टिस को अपनाएं : डॉ. बीएस सहरावत



**पलवल।** गांव गोपालगढ़ में शनिवार को गन्ना और मक्का की खेती को लेकर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर के सलाहकार डॉ. बीएस सहरावत ने की।

इस अवसर पर प्रगतिशील किसान क्लब के प्रधान बिजेंद्र दलाल, प्रगतिशील किसान रमेश चौहान सहित सैकडों किसान मौजूद थे। सहरावत ने कृषि की उत्तम पद्धतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को गुड एग्रीकल्चर प्रेक्टिस को अपनाना चाहिए। कृषि में अधिक कीटनाशकों और रासायनिक खादों का प्रयोग ठीक नहीं है। कीट प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को बढ़ावा देकर कीटनाशकों के उपयोग को कम कर सकते है। उन्होंने कहा कि गुड एग्रीकल्चर प्रेक्टिस के माध्यम से निश्चित तौर पर किसानों को लाभ होगा। किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सहरावत ने किसानों को एग्रो फार्मिंग के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि किसान परंपरागत खेती को छोड़कर आधुनिक तरीके से खेती करें। किसानों को फसलों में आने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को कीट प्रबंधन के बारे में बताया गया। इसके अलावा किसानों को फसल विविधीकरण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसान फसल चक्र अपनाएं। फसल चक्र अपनाने से भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ती है। किसान धान व गेहूं की बजाय मूंग, सरसों, मक्का व दलहनी फसलों का उत्पादन करें।

# राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने से न्यायपालिका में बढ़ा विश्वास : कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सुप्रीम** कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत से उत्साहित फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर लड्डू बांटे और अदालत के इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाए और राहुल गांधी जिंदाबाद, सोनिया गांधी जिंदाबाद, प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद कौशिक व बलजीत कौशिक ने संयुक्त रूप से कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करके आमजन का विश्वास न्याय पालिका में बढ़ा है। इस फैसले से देश व प्रदेश में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं में नई शक्ति का संचार हुआ है।

उन्होंने राहुल गांधी के सांसद बने रहने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस फैसल से कांग्रेस में ऊर्जा पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता स्वागत कर रहा है और इस फैसले से उत्साहित है, क्योंकि इस फैसले से राहुल गांधी की सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एक षडयंत्र के तहत राहुल गांधी की सदस्यता रदद करने का काम किया था। लेकिन वो अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हो सके।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उमड़ी भीड ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी थी। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से ही केंद्र की भाजपा सरकार बौखलाकर अनाप शनाप ब्यान बाजी कर रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत हुई है। इस जीत से यह सिद्ध हो गया है कि भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस अवसर पर प्रदेश चेयरमैन, विचार विभाग विनोद कौशिक, डॉ. सौरभ शर्मा वाइस प्रेसीडेंट एआईसीसी, युवा नेता सुनील पाराशर, जयंत कौशिक, देवेंद्र दीक्षित, अश्वनी कौशिक, राजा सैनी, मिंटू सैनी, रोहित सैनी, अनुराग बागी, देवेंद्र शर्मा, महेश शर्मा, आकाश शर्मा, देव नंबरदार, रविंद्र, रजत शर्मा, रंधावा फागना, पंकज, राजकुमार, मोहित पंडित, राजेश कौशिक, राजू, मेहचंद पाराशर, राजेश, तुलसी प्रधान, गिर्राज मेढवाल, रमेश गौतम, नसरत खान, मोहम्मद हजारी, इसलामुद्दीन, जुबेर, दामोदर, लाडो देवी, किशोरी, मालवती, वीर सिंह, चंदर कौशिक, गौरव कौशिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर

# छह श्रद्धालुओं की मौत, आठ घायल

**भाषा।** हाथरस

**उत्तर प्रदेश** के हाथरस जिले में सादाबाद मार्ग पर एक ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक देवेश कुमार पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार श्रद्धालु शुक्रवार देर रात एटा के जलेसर से मथुरा के गोवर्धन में परिक्रमा करने के लिए निकले थे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु जब हाथरस में सादाबाद रोड पर पहुंचे, तब सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गई। पांडेय के मुताबिक, हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल आठ लोगों को सादाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हाथरस जिला अस्पताल, अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज और आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पांडेय के अनुसार, मरने वालों की पहचान विक्रम (45), माधुरी (22), हेमलता (12), लखमी (18), अभिषेक (20) और विष्णु (20) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेजे गए हैं। उसने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 45 श्रद्धालु सवार थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ट्रक चालक और दो परिचालकों को गिरफ्तार कर उनका वाहन जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



प्रयागराज में अधिमास माह के दौरान भगवान शिव को चढ़ाने के लिए गंगा नदी से पवित्र जल लेकर जाते श्रद्धालु

## आवास और भूमि के लिये भाकपा माले ने किया धरना-प्रदर्शन

**सकलडीहा,** चन्दौली । अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर शनिवार को भाकपा माले के पदाधिकारियों ने तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मांगों के समर्थन में राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को पत्रक सौपा। इस दौरान वक्ताओं ने केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला।धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार सिर्फ जनता को गुमराह कर रहा है। गरीब और गरीब होते जा रहे है। अमीर और अमीर होते जा रहे है। उन्होंने गरीबों की मनरेगा की मजदूरी 600 रूपया प्रतिदिवस की मांग किया। इसके अलावा भूमिहीन गरीबों को पांच डिसमिल भूमि आवंटन की मांग किया। आवास के लिये पांच लाख दिये जाने की बात कही। गरीबों को दो सौ यूनिट बिजली फ्री देने की मांग किया। बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग किया। प्रत्येक वृद्धए दिव्यांगए विधवाओं को तीन हजार रूपया मासिक पेंशन देने की मांग उठाया। अंत में वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा के तहत ब्लॉक के अधिकारी और जिम्मेदार लोग लूट खसोट मचाये हुए है। बगैर कार्य कराये लाखों करोड़ों का भुगतान करा ले रहे है।

## डीएम ने ड्रैगन फ्रूट पौधरोपण अभियान का किया शुभारम्भ

### जिले को कुपोषण मुक्त बनाने में कारगर

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने शनिवार को ग्राम पंचायत लोढ़ी में ड्रेगन फ्रूट का पौधा लगाकर ड्रेगन फ्रूट पौध रोपण अभियान का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पंचायत भवन लोढ़ी में ड्रेगन फ्रूट से सम्बन्धित आयाजित कार्यक्रम में अति कुपोषितए कुपोषित बच्चों व उनके परिजनों को ड्रेगन फ्रूट व पौधें का वितरण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अति कुपाषितएकुपोषित बच्चों के परिजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस फल का उपयोग करने से बच्चा जल्द स्वस्थ होगा और कुपोषण जैसी गम्भीर बीमारी से मुक्ति पायेगाएउन्होने कहा कि जनपद सोनभद्र को कुपोषण से मुक्त बनाने हेतु जिला खनिज फाउन्डेसन निधि से 657 बच्चों के परिजनों को नि:शुल्क 5.5 पिलर रिंग व 20.20 ड्रेगन फ्रूट के पौधें लगाये गये है और अभी और काफी संख्या में ड्रेगन फ्रूट के पौध का रोपण जनपद में किया जायेगा। उन्होने कहा कि ड्रेगन फ्रूट का पौधा एक वर्ष में फल देने लगता है जिसके फल का उपयोग परिजन शीघ्र कर सकेगेंए उन्होने कहा कि जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के इस अभियान में सबकी भागीदारी अनिवार्य है ड्रेगन फ्रूट के पौधें लगाने व उसकी सुरक्षा के जानकारी हेतु आगनबाड़ी कार्यकत्री व उनके परिजनों की जगह.जगह पर कैम्प के माध्यम से जानकारी दी जा रही है इसके अन्तर्गत ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है उन्होने कहा कि इस ड्रेगन फ्रूट की खेती करके कृषक अपनी आय में अधिक से अधिक वृद्धि कर सकते है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवारए जिला उद्यान अधिकारी मेवा रामए अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंहए ग्राम प्रधान सहित अन्य सम्मानितगण उपस्थित रहे।

## कौशांबी में पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर के पैर में गोली लगी

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के चरवा थाना क्षेत्र मे पशु तस्करों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ मे एक पशु तस्कर गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल मे भर्ती कराया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) समर बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात लगभग दो बजे मुखबिर ने सूचना दी कि चरवा थाना क्षेत्र के गुंगवा बाग मे कुछ संदिग्ध लोग छिपे है। सूचना पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ उक्त स्थान पर छिपे पशु तस्करों की घेराबंदी की गई तो पशु तस्करों द्वारा पुलिस टीम पर गोलीबारी की गई। एएसपी ने बताया कि पुलिस की जवाबी गोलीबारी मे फिरोज (35) के बाएं पैर मे गोली लगी। इसके बाद शेष पशु तस्कर मौके से भाग गए। फिरोज के पास से 315 बोर का तमंचा और एवं कारतूस बरामद हुए है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ मे घायल फिरोज को गिरफ्तार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पशु तस्कर फिरोज जिले के करारी थाना का हिस्ट्रीशीटर है.उसके ऊपर हत्या के प्रयास ,चोरी, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम आर्म्स एक्ट एनडीपीएस एक्ट के 14 मुकदमे दर्ज है।

### किशोर ने कालेज परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या की

बलिया (उप्र) पांच अगस्त (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलिया जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में 16 वर्षीय किशोर ने कथित तौर पर पेड़ से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज, परिसर में गोलू गोंड (16) का शव शनिवार की सुबह पेड़ से फांसी के फंदे से लटका मिला। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजीव सिंह ने बताया कि गोलू बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है, प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है। एसएचओ ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### डुप्लीकेसी को लेकर कानूनी कार्रवाई

लखनऊ। वेलनिक इंडिया लिमिटेड द्वारा कावेरी मेहंदी कोन का निर्माण किया जाता है । कुछ समय से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कावेरी मेहंदी कोन के असली जैसे बॉक्स में कुछ डुप्लिकेट कोन मार्केट में बेचे जा रहे हैं।पाया गया कि कई लोग हुबहु कावेरी मेहंदी कोन की डिजाइन और नाम की तरह से दिखने वाली डुप्लीकेट कोन बनाकर असली कावेरी मेहंदी कोन के बॉक्स में मिलाकर मार्केट में बेच रहे हैं। कवेरी मेहंदी कोन का एकमात्र मैन्युफैक्चरिंग यूनिट सोजत राजस्थान में स्थित है कई विभिन्न राज्यों में पहले भी यह देखा गया है कि कई लोग इस तरह से डुप्लीकेट बिक्री करते पाए गए थे तब कंपनी द्वारा उनके विरूद्ध कड़ी क़ानूनी कार्यवाही के साथ साथ कई करोड़ों रुपयों का क्लेम भी लगाया जा चुका है । और भविष्य में कोई यदि इस तरह की डुप्लीकेट बिक्री करते पाया गया तो उसके खिलाफ भी कंपनी द्वारा कड़ी क़ानूनी कार्यवाही की जावेगी।

### कमिश्नर और आईजी ने नरैनी में संपूर्ण समाधान दिवस का जायजा लिया

## जनशिकायतों के त्वरित निपटाने के निर्देश

**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल आर पी सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा ने तहसील नरैनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का जायजा लिया और निरीक्षण कर अफसरों को जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।



इस मौकेपर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार नरैनी अधीनस्थ स्टाफ के साथ उपस्थित थे एवं जन सुनवाई करते हुए पाए गए। क्षेत्राधिकारी नरैनी अनुपस्थित थे। बताया गया कि कोर्ट के कार्य से गए हुए हैं। नरैनी क्षेत्रान्तर्गत थानों के प्रभारी निरीक्षक ध् थानाध्यक्ष भी उपस्थित पाए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अन्य विभाग यथा विकास एवं अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों में तहसील क्षेत्र के अधिकांश अवर अभियंताए मैकेनिकए सुपरवाइजर व लिपिक आदि उपस्थित थेए जो उचित नहीं है। पूर्व में भी यह निर्देश दिए जा चुके हैं कि उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जो अधिकृत वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी हैंए वह ही सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होंए न कि निम्न श्रेण अभियंता अथवा लिपिकों द्वारा प्रतिभाग किया जाए। उप जिलाधिकारी नरैनी को निर्देशित किया कि उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाले आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवसों में स्थानीय सक्षम अधिकारी ही उपस्थित रहें। यदि सक्षम अधिकारी जान.बूझकर उपस्थित नहीं होते हैंए तो उनको अनुपस्थित मानते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित करते हुए एक प्रति मंडलायुक्त को प्रेषित की जाए । सम्पूर्ण समाधान दिवस की संदर्भ पंजिका का अवलोकन किया। यह पंजिका माह जनवरीए 2023 से बनाई गई हैए जो निर्धारित पेशानी एवं स्वच्छ लेख में है। माह जनवरीए 2023 से अब तक सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त शत.प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका हैए जो संतोषजनक पाया गया। उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार नरैनी द्वारा पंजिका में सन्दर्भ निस्तारण की गुणवत्ता अंकित नहीं की गई है। उप जिलाधिकारीए नरैनी ने बताया कि वह स्वयं पंजिका से आवेदकों के फोन पर वार्ता कर उनके निस्तारण की पुष्टि करते हैं। उप जिलाधिकारी से अपेक्षा की गई कि निस्तारण व आवेदक से वार्ता का विवरण पृथक स्याही से अंकित करें जिससे उच्चाधिकारी द्वारा पंजिका के अवलोकन पर स्वत: स्थिति स्पष्ट हो सके।

## भदोही सांसद के कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ और कंप्यूटर ऑपरेटर पर हमला, केस दर्ज

भदोही। भदोही से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रमेश बिंद के यहां स्थित केन्द्रीय कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ करने और कंप्यूटर ऑपरेटर पर हमला करने का मामला शनिवार को सामने आया। पुलिस ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके विधिक कार्वाई की जा रही है। जिले के गोपीगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत थानीपुर में भदोही के सांसद रमेश बिंद का कार्यालय है, जहां से आम जनता की समस्या और प्रार्थना पत्र पर कारवाई के लिए सुनवाई की जाती है। गोपीगंज थाना के अपराध निरीक्षक विनोद यादव ने बताया कि शनिवार शाम को तौसीफ सरोज, विशाल और सत्यम नाम के तीन युवक कार्यालय पहुंचे, जहां कंप्यूटर आपरेटर प्रदीप बिंद (27) से किसी बात पर उनका कुछ विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद तीनों ने प्रदीप को बुरी तरह से मारपीट करके घायल कर दिया, तोड़फोड़ की और मौके से भाग निकले। यादव ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रदीप को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में तौसीफ सरोज, विशाल और सत्यम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करके विधिक कार्वाई की जा रही है।

### किसान से मारपीट, घड़ी-नगदी छीन ले गए

**ऊंचाहार.** धान के खेत में पानी लगाने जा रहे किसान के साथ दो अज्ञात युवकों ने मारपीट की और उसके पास रखी घड़ी व रुपये छीनकर दोनों युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों की बाइक को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।मामला क्षेत्र के जसौली गाँव का हैए गाँव निवासी यूनुस का कहना है कि शुक्रवार की रात वो धान के खेत में पानी लगाने जा रहा थाए उसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात युवक पुलिया पर बैठकर शराब पी रहे थेए उन लोगों ने उसे देखते ही गालीगलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी और उसके पास रखी घड़ी व तीन सौ रुपये भी छीन लिया और सूचना पर पुलिस पहुंची तो दोनों युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गयेएपीड़ित ने अज्ञात युवकों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## जमीनी विवाद में दंबगों ने पीट कर की वृद्ध की हत्या

**लालगंज,** रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे बढ़इन मजरे शोभवापुर गांव में बेशकीमती भूखंड पर कब्जा करने गये दबंगों ने पीट-पीट कर एक वृद्ध की हत्या कर दी। घटना पूर्वान्ह की है मगर देरशाम तक घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज नहीं की है। देरशाम कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पूरे बढ़इन मजरे शोभवापुर गांव में लालगंज-फतेहपुर हाईवे पर स्थित बेशकीमती भूखंड संख्या 259 पर कब्जे का मामला है। बताया गया है कि दोनो पक्षों के बीच इस भूखंड पर काफी समय से विवाद चल रहा था। आज गिरोहबंद लोगों ने प्रश्नगत भूखंड पर कब्जा करने के लिए कई गांवों के तकरीबन 50 से अधिक लोग पहुंचे और जेसीबी से खुदाई शुरू करा दी। भूखंड पर कब्जा करने का दयाराम यादव उम्र 65 वर्ष ने विरोध किया। जिस पर मौजूद भीड़ ने उस पर हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट आने के कारण वह मौके पर ही अचेत हो कर गिर गया। अचेतावस्था में इलाज के लिए दयाराम को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को मृतक के पुत्र दुर्गाशंकर दे दी। पुलिस ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और फिलहाल चार नामजद आरोपितों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

## समय से हो जनशिकायतों का निस्तारण

### डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

**गोंडा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मनकापुर में आयोजित हुआ। जिसमे डीएम नेहा शर्मा व एसपी अंकित मितल ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया। इस दौरान 139 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें 10 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण किया गया। शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।



संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान ग्राम सिसवा के ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि गांव में पोषाहार का वितरण नहीं किया जा रहा है। जिसे संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तत्काल जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार को जांच करने के निर्देश दिये।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आईआईटी**-बीएचयू में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के परिवहन इंजीनियरिंग अनुभाग ने 3 से 5 अगस्तए 2023 तक ग्रामीण सड़कों में फुल डेप्थ रिक्लेमेशन और अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया। इस पाठ्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सभी हिस्सों ;पूर्वी और पश्चिमी यूपी सहितद्ध से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।उद्घाटन के पहले दिन के दौरानए ग्रामीण सड़क के लिए पूर्ण गहराई सुधार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सड़क पुनर्चक्रण और स्थिरीकरण के महत्व पर चर्चा की गई। डॉण् अंकित गुप्ताए एसोसिएट प्रोफेसर और डवत्ज्भ् चेयर प्रोफेसरए सिविल इंजीनियरिंग विभागए आईआईटी ;बीएचयूद्ध ने ग्रामीण सड़कों से संबंधित समस्या के समाधान में रीसाइक्लिंग और स्थिरीकरण की भूमिका पर व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने ग्रामीण सड़कों में एफडीआर के महत्व और इसकी निर्माण प्रक्रिया के दौरान चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि एफडीआर प्रत्येक प्रकार की ग्रामीण सड़कों के लिए लागू नहीं हो सकता है। ग्रामीण सड़कों के लिए एफडीआर चयन के लिए स्थल चयन मानदंड और विभिन्न जांचों पर चर्चा की गई। पहले दिन के दूसरे सत्र में आरईडीए यूपी के ग्रामीण इंजीनियरों के साथ जॉब मिक्स फॉर्मूले से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस सत्र के दौरान एफडीआर मिश्रण डिजाइन के महत्व और विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई है। इसके बादए एफडीआर के मिश्रण डिजाइन और इसकी गुणवत्ता नियंत्रण के लिए प्रयोगशाला का संचालन किया गया। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दूसरे दिन उद्योग जगत ;ॅपतज्ळम्छ प्दकपंद्ध के विशेषज्ञ व्याख्यान चक्रपाणि शेखावत द्वारा दिया गया। निर्माण संबंधी पहलुओं जैसे कि विभिन्न उपकरणों से जुड़े पहलुओं और एफडीआर तकनीक के लिए फील्ड इंजीनियरों द्वारा अपनाई जाने वाली महत्वपूर्ण सावधानियों और कदमों पर प्रकाश डाला गया। निम्नलिखित सत्र मेंए डॉण् अंकित गुप्ता ने एफडीआर तकनीक के निर्माण के दौरान और उसके बाद गुणवत्ता नियंत्रण कैसे बनाए रखेंए इस पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। एफडीआर के मिश्रण डिजाइन के बाद और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए किए जाने वाले महत्वपूर्ण परीक्षण भी प्रयोगशाला में किए गए। पाठ्यक्रम के अंतिम दिन के दौरान डॉण् अंकित गुप्ता द्वारा ग्रामीण सड़कों में अपशिष्ट प्लास्टिक के महत्व और उपयोग पर प्रकाश डाला गया। दूसरे सत्र मेंए गुणवत्ता आश्वासन के लिए फील्ड इंजीनियरों द्वारा अपनाए जाने वाले महत्वपूर्ण कारकों पर प्रकाश डाला गया।

## बीस करोड़ की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**आलोक निगम।** बांदा

**जनपद में** नए कप्तान ने आते ही कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी के तहतं आज पुलिस और एसओजी टीम ने स्मैक तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास 2000 ग्राम स्मैक बरामद हुई है जिसकी कीमत अंतराष्टीय मार्केट में 20 करोड़रुपए की है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

नए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आते ही अभियान छेड़ दिया है। इसीक्रम में आज पुलिस और एसओजी टीम ने अवैध स्मैक की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है वही आज पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया की आरोपी चुनुबाद पुत्र बधुआ जो की बबेरू थाना अंतर्गत का रहने वाला है वह फर्रुखाबाद से अवैध स्मैक लाकर बांदा में बेचता था जिसे आज पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति भूरागढ़ के पास अवैध स्मैक लेकर खड़ा हुआ है और बिक्री करने के लिए जा रहा है तभी पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लियाए आरोपी के पास से 2000 ग्राम स्मैक किसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपए बताई जा रही है। आरोपी फर्रुखाबाद से स्मैक लाकर यहां पर बेचता था पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक बाँदा अंकुर अग्रवाल नेअवैध गांजा की तस्करी करने वाले तीन आरोपी को किया गिरफ्तारः आरोपी के पास मिली 116 किलोग्राम अवैध गांजा। जनपद में आज पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है जहां पर आज पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वही आपको बता दे की आरोपियों के पास से लगभग 20 लाख रुपए का अवैध गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की कार्यवाही में जुट गई है



### बीस लाख का गांजा भी पकड़ा, तीन चढ़े हत्थे

आपको बता दे की पूरा मामला बांदा जनपद के अतर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत से सामने आया है जहां पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस ने आज अवैध गांजा तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया की अतर्रा पुलिस को सूचना मिली थी की अतर्रा के कुसुमा खटौरा मोड़ के पास अवैध मादक पदार्थ लिए खड़े हुए है और बेचने जा रहे है तभी पुलिस ने योजना बनाकर घेराबंदी की और 3 आरोपी को गिरफ्तार कर लिए लेकिन दो आरोपी पुलिस से बच निकले वही जब आरोपियों से पूछताछ की गई तो पता चला की ये तीनों आरोपी बाहर जनपद के रहने वाले है और वही से अवैध गांजा लेकर बांदा के आस पास और लोकल बांदा में बेचते थे। वही आरोपियों के पास से लगभग 116 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है जिसकी कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और दो आरोपियों की तलास की जा रही है

## शो में हेमराज की जादूगरी देखकर दंग रह गए दर्शक

**गोंडा।** डायमंड स्टार जादूगर हेमराज के हैरतअंग्रेज शो का शुक्रवार को नगर के शर्मा होटल के ए0सी0 हाल में शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन शर्मा होटल के मैनेजर एस0पी0 सिंह व सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य डा0 बृजेन्द्र मिश्र ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शो के दौरान जादूगर के कारनामें देखकर दर्शक अचंभित हो गये।



शो के दौरान सबसे खतरनाक शो एक लड़की को जादूगर द्वारा दो भागों में काटकर अलग कर देना रहा। इसी तरह जादूगर द्वारा दर्जनों की संख्या में अपने मुंह से ब्लेड निकालना, लड़की को गोरिल्ला बनाना, हैचपैच लेडी, डायमंड लेडी, क्लियर कटिंग व जादुई बक्शे के खेल दिखाए गये। जिसको देखकर दर्शक अचंभित हो गये और खूब तालियां बजाई। डायमंड स्टार जादूगर हेमराज ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वे मूल रूप से संगम नगरी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। टीवी सीरियल शक्तिमान देखकर उनमे भी जादूगरी का जोश जगा। इसके लिये उन्नाव के मशहूर जादूगर सिकंदर की शरण में जाकर उन्हें अपना गुरू बनाकर जादूगरी की अनेकों कलाएं सीखी। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2013 से लगातार जादूगरी के हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर दर्शकों को अचंभित कर रहे हैं। बताया कि हमारे शो मैनेजर मो0 आरिफ के नेतृत्व में टीम के 25 सहयोगी शो के सफल संचालन में सहयोग कर रहे हैं।

## अध्यक्ष बने रबर स्टैंप

देश के सबसे बड़े सूबे में भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लाफिंग बुद्धा की स्थिति में आ गए हैं। कुछ बोलना नही बस लोगों से मुस्करा कर मिलना। देखा जाए तो अध्यक्ष जी का लाफिंग बुद्धा बनना मजबूरी भी है क्योंकि उनकी चल तो कुछ रही नहीं, केवल रबर स्टैंप बन कर रह गए हैं। हाल ही में अध्यक्ष जी ने भगवा पार्टी की जिलेवार अध्यक्षों की एक सूची तैयार कर संस्तुति के लिए हाई कमान को भेजी थी, जो अभी तक वापस नहीं आई। भीतर खाने की माने तो हाई कमान स्तर से पूरी सूची में ही फेरबदल कर दिया गया है। उस सूची में केवल अध्यक्ष के हस्ताक्षर ही ओरिजनल बचे हैं, बाकि सब कुछ बदल चुका है। यहां स्थिति ये है कि जिलेवार भगवा पार्टी के नेता आस भरी नजरों से अध्यक्ष की ओर देख रहे हैं, मिल रहे हैं कि कुछ आश्वासन मिल जाए, वहीं अध्यक्ष न कुछ बोल रहे हैं और न तो कुछ बता ही रहे हैं। बस मिलने वालों के सामने लाफिंग बुद्धा की मुद्रा में बनाकर बैठ जाते हैं और मुस्कराते रहते हैं। बेचारे अध्यक्ष जी क्या बता दें कि उन्हें भी कुछ पता नहीं।



## चुनाव होते ही हुए दो फाड़

12 वर्ष बाद हुए सचिवालय संघ के चुनाव के सम्पन्न होते ही संघ में दो फाड़ की स्थिति आ गई। अध्यक्ष का गुट अलग तो अन्य का गुट अलग। हुआ यह कि संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक को लेकर सभी जोश में थे लेकिन बैठक जैसे ही शुरू हुई अपने अपने आदमियों और वोटरों को खुश करने के लिए एक के बाद एक मसले आने लगे। एक गुट अपने मसले चाह रहा था तो दूसरा गुट अपने। गरमा- गरम माहौल में किसी पर भी सहमति नही बन पाई। सो बैठक बिना नतीजे के ही समाप्त हो गई जबकि लंबे अरसे बाद हुए चुनाव को लेकर काफी जोश था। नेता सफेद पैंट-शर्ट पहनकर एक-एक आफिस के चक्कर काटते देखे गए। सबने बड़े-बड़े वायदे किये लेकिन जब उन्हें पूरा करने की घड़ी आई तो सामंजस्य ही नहीं बैठा सके। सो पहली बैठक बिना नतीजे के ही सम्पन्न हो गई। अब देखना है दूसरी बैठक कब होती है।




## हमाम में सभी नंगे

नगर निगम में पार्किंग का बड़ा घोटाला हो गया है। जिसमें मातहतों ने गाड़ियां नो पार्किंग से उठायीं तो जरूर लेकिन वसूली की धनराशि खजाने में जमा करने के बजाए अपनी जेब भरकर ऐश करते रहे। मामला तब खुला जब दूसरे अभियंता साहब को पता चला कि माल तो एक ही जेब में जा रहा है। फिर क्या था, दो बड़े अभियंता आमने सामने आ गए। हालात यह है कि दोनों एक दूसरे को देखना तक नहीं चाहते हैं। करोड़ों के घोटाले का मामला सामने आया तो प्रथम महिला मुखिया काफी खफा हुईं। उन्होंने नगर आयुक्त को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने नगर निगम प्रशासन को आदेश देकर जांच बैठा दी है। जांच का आदेश दिए भी एक सप्ताह हो गया, लेकिन अभी तक कोई खोज खबर नहीं मिली है। दबी जुबान कर्मी यह भी कह रहे हैं जब कद्दू कटता है तो बंटता भी है। ऐसे में नगर निगम के बड़े बड़े साहबान भी प्रसाद खाकर उससे दगा कैसे कर सकते हैं। अब भगवान ही जाने घोटाले का सच बाहर भी आएगा या नहीं। फिलहाल पार्किंग का मामला अभी जांच में हैं, पार्किंग और उससे जुड़े टेंडरों की फाइलें खोली जा रही हैं। इस टेबल से उस टेबल तक फाइलों का अध्ययन किया जा रहा है लेकिन लाख टके की बात यह है कि इसका खुलासा कब होगा यह किसी को पता नहीं है।



## लागा दामन में दाग

हमेशा धरम-करम की बातें करने के साथ ही श्रीमद् भागवत गीता के उपदेशों की चर्चा करने वाले मंत्री जी को लेकर जबसे एक वीडियो वायरल हुआ है तब से तहलका मचा हुआ है। मंत्री जी के पास कानून का उल्लंघन करने वालों को सींखचों के पीछे अनुशासन में रखने का जिम्मा संभालने वाले महकमे की कमान है। कैदियों को भजन-कीर्तन सुनवाने की व्यवस्था किए जाने जैसे ऐसे कई निर्णय हैं, जिन्हें लेकर मंत्री जी की छवि काफी बेहतर मानी जाती है। मंत्री बनने से पहले वह एक बोर्ड के अध्यक्ष थे। उसी समय की एक घटना की चर्चा करते हुए भगवा दल की एक महिला नेता का वीडियो इस समय वायरल हो गया है। जिसमें मंत्री जी पर धोखे से महिला को साथ ले जाकर उसके साथ अनैतिक आचरण करने का आरोप है। महिला नेता ने अपने दल के प्रदेश अध्यक्ष को भी इस संबंध में पत्र भेज दिया है। हालांकि मंत्री जी इन आरोपों को सिरे से नकार रहे हैं और पीड़ित महिला भी अपने बयान से पलट चुकी है लेकिन प्रकरण मीडिया में आ जाने के बाद सियासत भी तेज हो गई है।

# पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर व फार्मा सहित कई क्षेत्रों में यूपी व मैक्सिको के बीच हुआ एमओयू

## यूपी में मौजूद है बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी व सुदृढ़ कानून व्यवस्थाः सीएम योगी

● यूपी और नुईवो लियोन एक दूसरे के सहयोग से तय करेंगे समृद्धि की राहः गर्वनर सैमुअल गर्सिया सेफलवेदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश और मैक्सिको के नुईवो लियोन के बीच पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मा, एग्रीकल्चर और मेडिकल सेक्टर सहित अन्य सेक्टरों में निवेश को लेकर एमओयू हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नुईवो लियोन के गर्वनर सैमुअल गर्सिया सेफलवेदा की मौजूदगी में शनिवार को आईआईडीसी मनोज कुमार और नुईवो लियोन के मिनिस्टर ऑफ इकोनॉमिक्स इवान रिवास राडरिगेज ने एमओयू का हस्तांतरण किया।

इस दौरान अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैक्सिको के गर्वनर और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यूपी और नुईवो लियोन के बीच आज मैत्री, विश्वास और सौहार्द से मजबूत औद्योगिक रिश्ते कायम हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में देश का अग्रणी राज्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि नुईवो लियोन के गर्वनर अपनी टीम के साथ उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश के संभावनाएं तलाश रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश में उत्तर प्रदेश भी दुनिया के लिए निवेश का बेहतरीन गंतव्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश और नुईवो लियोन दोनों विकास को समर्पित हैं और हम इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हर मामले में समृद्ध प्रदेश है।

यूपी भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। उत्तर प्रदेश ना केवल कृषि, बल्कि पर्यटन सेक्टर के लिए भी बहुत ही महत्वपूर्ण स्थल है। प्रदेश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस वे, बेहतरीन इंटरस्टेट कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविट, रेल नेटवर्क, इनलैंड वाटर वे के जरिए पूर्वी बंदरगाह तक पहुंच, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जंक्शन मौजूद है। यूपी आज लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट का हब बन चुका है। इसके अलावा औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए हम 25 सेक्टोरियल पॉलिसी लेकर आए हैं। आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों को निवेश के लिए बेहतरीन सुविधाएं दी जा रही हैं।

नुईवो लियोन के गवर्नर गर्सिया सेफलवेदा ने बताया कि मेरे लिए ये सौभाग्य की बात है कि मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी कैबिनेट के सदस्यों से मिलकर आपसी व्यापारिक रिश्ते कायम कर रहा हूं। हम विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश और नुईवो लियोन एक दूसरे के बहुत करीब हैं। हमारा प्रदेश मैक्सिको का औद्योगिक प्रदेश है, ऐसे ही भारत के उत्तर प्रदेश में आज बड़े पैमाने पर निवेश हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बेहद शानदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि भारत और मैक्सिको 14 हजार किलोमीटर दूर होकर भी एक दूसरे से दूर नहीं हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है, ठीक वैसे ही हमारे राज्य नुईवो लियोन में भी हम कानून का शासन बनाए रखने में कामयाब हुए हैं। हम टीम यूपी को नुईवो लियोन में आमंत्रित करते हैं। हमें दोनों को पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे के साथ ट्रेड को बढ़ाना है। मुझे विश्वास है कि आज के एमओयू के साथ ही हम दोनों विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, नुईवो लियोन के डिप्टी सेक्रेटरी फॉर इन्वेस्टमेंट इमैनुअल लू, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक फैसलाः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● निर्णय के चार वर्ष पूरे होने पर देश व प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और धारा 35। के हटाए जाने के चार वर्ष पूर्ण होने पर देश व प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में लिया गया यह फैसला ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर कहा कि जम्मू-कश्मीर में दशकों तक अलगाववाद, आतंकवाद, परिवारवाद एवं कुशासन के जनक व पोषक तथा हमारी राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर कलंक रहे अनुच्छेद 370 और 35-ए की समाप्ति के 4 वर्ष पूर्ण होने की सभी को बधाई! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए इस ऐतिहासिक कार्य से जहां 'एक देश-एक निशान-एक विधान' का संकल्प पूर्ण हुआ, वहीं 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास' भाव के साथ जुड़कर आज जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहे हैं। आज ये क्षेत्र 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को और अधिक सशक्त व नए आयाम प्रदान कर रहे हैं।

# भाजपा धर्म का दुरुपयोग कर हथियाना चाहती है सत्ताः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सपा ने राजधानी सहित प्रदेश के सभी जिलों में सादगी पूर्वक मनाई जनेश्वर मिश्र की 90 वीं जयंती



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा धर्म का दुरुपयोग कर सत्ता हथियाना चाहती है। भाजपा देश की गंगा जमुनी तहजीब के खिलाफ है। जनता को गुमराह कर समाज को बांटना चाहती है। भाजपा नकारात्मक राजनीति कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को चीफ सेक्रेट्री बना रखा है, प्रदेश में पूर्णकालिक डीजीपी नहीं है। अधिकारी लगातार भ्रष्टाचार कर रहे हैं। भाजपा भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके का आविष्कार कर रही है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात शनिवार को जनेश्वर मिश्र की 90वीं जयंती के अवसर पर गोमतीनगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान कही। इसके साथ ही अखिलेश ने जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट में स्थापित प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जनेश्वर मिश्र पार्क में भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता तथा प्रमुख नेता मौजूद रहे। लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में जनेश्वर मिश्र की 90वीं जयंती सादगी से मनाई गई। इस मौके पर सपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा एवं राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी सहित जनेश्वर मिश्र की पुत्री मीना तिवारी तथा भाई तारकेश्वर मिश्र ने भी जनेश्वर मिश्र को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जनेश्वर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात् अखिलेश यादव ने किरनमय नंदा के साथ पार्क का भ्रमण किया। देश में ऐसा पार्क नहीं है। इस अवसर पर अखिलेश ने जनेश्वर मिश्र पार्क में लेखक धनीलाल श्रमिक की क्रांतिकारी जनेश्वर पुस्तक का विमोचन भी किया। अखिलेश ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। भाजपा सरकार के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। विकास अवरुद्ध हो गया है। मणिपुर जैसी घटनाओं के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। मणिपुर में महिलाओं को अपमानित किया गया। देश का सिर शर्म से झुक गया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकारों में महिला उत्पीड़न की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं। भाजपा महिलाओं को सम्मान नहीं दिला सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश का सामाजिक सद्भाव खराब कर रही है और नफरत पैदा कर रही है। ऐसे में सच्चे लोगों को आगे आना पड़ेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि श्री जनेश्वर मिश्र ने हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी। उन्होंने गैरबराबरी, सामाजिक और आर्थिक भेदभाव मिटाने तथा साम्प्रदायिकता के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने समाजवादी सिद्धांतों को डॉ. राममनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव और अन्य समाजवादी नेताओं के साथ मिलकर आगे बढ़ाया। अखिलेश यादव ने कहा कि मिश्र के आजीवन गरीबों, किसानों और नौजवानों के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने सभी के साथ समानता का व्यवहार किया। संसद में उनको सभी शांति से सुनते थे। समाजवादी पार्टी उनके ही आदर्शों पर चल रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जूही सिंह, रविदास मेहरोत्रा, मीरा वर्धन, मधु गुप्ता, अम्बिका चौधरी, डॉ. सुनीलम, अरविन्द कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति थे।

# सफलता के लिए संयम, धैर्य और जनविश्वास बेहद जरूरीः महाना

## हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं के दल ने किया विधानसभा का भ्रमण

● विधानसभा अध्यक्ष से विधायिका की भूमिका, महत्व, इतिहास और सदन की कार्यवाही के बारे में कि कई सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हिमाचल** प्रदेश के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं के एक दल ने आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात कीं। इस दौरान छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से विधायिका की भूमिका, इसके महत्व, इतिहास और सदन की कार्यवाही के बारे में कई सवाल किए। विधानसभा अध्यक्ष ने हर सवाल का जवाब देकर उन्हे विधायिका की भूमिका के बारे में बताया। विधानसभा परिसर के भ्रमण के बाद छात्राओं ने कहा कि यूपी के 20 से अधिक स्थानों के दौरे में सबसे अधिक खुशी उन्हे यूपी विधानसभा को देखकर हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की उम्मीद नही थी कि यूपी विधानसभा इतनी खूबसूरत होगी। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के विभिन्न स्कूलों से यूपी दौरे पर आए 21 छात्राओं सहित 28 सदस्यीय दल ने जब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की तो उन्होंने सवाल किया कि आपके बारे में बहुत कुछ सुन रखा है। हम जानना चाहते हैं एक अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के लिए किस बात की जरूरत होती है। इस पर महाना ने उन्हें बताया कि सफलता के लिए संयम, धैर्य और जनविश्वास बेहद जरूरी होता है। विधायिका के क्षेत्र में भी जनता एक विधायक को चुनकर इसलिए भेजती है कि उसका अपने विधायक पर विश्वास होता है। इसलिए उस विधायक की भी उसके प्रति जवाबदेही होना स्वाभाविक है। महाना ने कहा कि यूपी की विधानसभा देश के सबसे बड़ी विधानसभा है। हमारी विधानसभा में 403 सदस्य है। जनसंख्या की दृष्टि से यूपी यदि एक देश होता तो विश्व के पांचवे सबसे बड़े देश के रूप में देखा जाता। महाना ने कहा कि पहले राजनीतिक लोगों के प्रति धारणा आम तौर पर अच्छी नहीं रहती है। परन्तु यह बात पूरी तरह सत्य नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सदस्य वे होते हैं जिन्हे जनता की समस्याओं की चिन्ता होती है और जो आम लोगो का दर्द महसूस कर सकते हैं। यूपी विधानसभा में एक से एक पढ़े लिखे सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश की राजनीति में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सौभाग्य से आप सब उस राज्य के रहने वाले है। जहां की जनता अनुराग ठाकुर को चुनकर लोकसभा में भेजती है। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल भारतीय लोगों के लिए बल्कि विदेशी देशों के लिए भी एक आइकन है। विश्व भर के नेता उनका अनुसरण कर रहे हैं।

महाना ने एक छात्रा के सवाल के जवाब में कहा कि संविधान के तीन स्तम्भ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका है जिसमें विधायिका का एक महत्वपूर्ण स्थान है। एक अन्य सवाल के जवाब में महाना ने कहा कि विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सभी सदस्यों को अपनी बात कहने का अधिकार होता है। पर वो नियम के तहत ही अपनी बात सदन में रख सकते हैं। विधानभवन के इतिहास के बारे में पूछे गए एक सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने छात्राओं के दल को बताया कि उप्र. की विधानसभा 1922 में बननी शुरू हुई लोकसभा के बाद देश की सबसे बड़े लाइब्रेरियों में से एक है।


## यूपी सहित विभिन्न राज्यों में करोड़ों के सट्टे का नेटवर्क फैलाने वाले गैंग का खुलासा

**लखनऊ।** एसटीएफ ने यूपी सहित विभन्न राज्यों में बीते कई सालों से करोड़ों रुपए के सट्टे का नेटवर्क ऑनलाइन व ऑफलाइन फैलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरोह के आधा दर्जन सटोरियों को एसटीएफ ने आगरा से गिरफ्तार किया। एसटीएफ को मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि कुछ लोग पॉश गेट बन्द सोसाइटी पारसनाथ पंचबटी आपर्टमेंट के फ्लैट में ऑनलाइन/ ऑफलाइन माध्यम से करोड़ों का सट्टा कराने वाला गैंग सक्रिय है। एसटीएफकी टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और वहां मौजूद आधा दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपना नाम-पता उत्तम चन्द्र निवासी पुराना राजाखेड़ा रोड, थाना शमाशाबाद, आगरा, लोकेश परमार निवासी ग्राम चमरौली, थाना ताजगंज, आगरा, मुन्ना उस्मानी निवासी लोहामंडी, आगरा, संजू सिंह निवासी ग्राम रायभा, थाना अछनेरा, आगरा, संदीप सिंह निवासी गढी जहान सिंह, थाना शमाशाबाद, आगरा और हर्ष बन्धु गौड़ निवासी ग्राम कम्हेर, जिला भरतपुर, राजस्थान बताया।

# गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों के संघर्ष का साक्षी होगा राम मंदिर

● राम मंदिर के भूमि पूजन की तीसरी वर्षगांठ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उनका** ताउम्र एक ही सपना था। अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो। तीन साल पहले आज ही की तारीख थी, जब इस सपने को साकार करने की बुनियाद पड़ी। शीघ्र ही यह अपनी पूरी भव्यता के साथ दिखने भी लगेगा।

बात राम मंदिर आंदोलन के शीर्षस्थ लोगों में शुमार गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की हो रही है। प्यार और श्रद्धा से लोग उनको बड़े महाराज ही कहते थे। यकीनन आज वह बेहद खुश होंगे। खासकर यह देखकर कि देश और दुनिया के करोड़ों हिंदुओं के आराध्य पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर करीब 500 वर्ष बाद, इसी तारीख (5 अगस्त) को 3 साल पहले राम मंदिर की बुनियाद उनके शिष्य गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी, वह तेजी से उनके काबिल शिष्य की देखरेख में तेजी से मूर्त रूप ले रहा है।

इसके पहले राम मंदिर के बाबत सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद राम मंदिर न बनने तक, टेंट से हटाकर चांदी के सिंहासन पर एक अस्थायी ढांचे में ले जाने का काम भी योगीजी ने ही किया था। दिसंबर 1949 में तब अयोध्या में रामलला के प्रकटीकरण के समय उनके दादागुरु ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर दिग्विजयनाथ अयोध्या में ही मौजूद थे। यही नहीं 1986 में जब मन्दिर का ताला खुला तो बड़े महराज यानी ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ अयोध्या में मौजूद थे। इतिहास में ऐसी तीन पीढिया मिलना विरल हैं, जिन्होंने एक दूसरे के सपनों को न केवल अपना बनाया बल्कि इसके लिए शिद्दत से संघर्ष भी किया। नतीजा सबके सामने है।

# संविधान के दायरे में मिले अधिकारों को खत्म करना चाहती है भाजपाः खाबरी

● कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों की बैठक में पदाधिकारियों ने नेतृत्व के सामने पेश किए अपने सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी सोची समझी रणनीति के तहत संविधान के दायरे में हमें मिले अधिकारों को समाप्त करना चाहती है। अगर हम जागरूक नहीं हुए तो जिस व्यवस्था के तहत 1947 से पूर्व हमारे पूर्वज पशुवत जीवन जीने को विवश थे, ठीक उसी प्रकार का संकट हमारी आने वाली पीढ़ियों के समक्ष होगा, जिसके लिए हमारी पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।



खाबरी शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला-शहर अध्यक्षों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रमुख रूप से खाबरी के अलावा राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष आलोक प्रसाद ने की जबकि संचालन उप्र. कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष तनुज पुनिया ने किया। बैठक का आरंभ बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों तथा जिला-शहर अध्यक्षों ने आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत किस प्रकार से सुनिश्चित हो इस पर अपने-अपने सुझाव नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर भी जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी अन्याय एवं अत्याचार कर हमें डराने व धमकाने की कोशिश कर रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं। हमें अपने संविधान और न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास है।

## हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़ा एक और आतंकी जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार

**लखनऊ (विसं)।** आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े एक और आतंकी फिरदौस अहमद डार को बीते शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाकर एटीएस ने आतंकी को एनआईए/एटीएस के विशेष जज दिनेश कुमार मिश्र की विशेष अदालत में पेश किया। विशेष अदालत ने आतंकी को 14 दिन के लिए एटीएस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। इसकी कस्टडी रिमांड की अवधि छह अगस्त की सुबह 10 बजे से शुरू होकर 19 अगस्त की सांय चार बजे समाप्त होगी। एनआईए/एटीएस के विशेष जज दिनेश कुमार मिश्र ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व एटीएस के पुलिस उपाधीक्षक सुशील कुमार सिंह की अर्जी पर दिया है। एटीएस के विशेष वकील एमके सिंह ने इस अर्जी पर बहस की और अभियुक्त का कस्टडी रिमांड मांगा। उनका कहना था कि यह देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 237 शिकायतें

# आठ का मौके पर निस्तारण

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**पुलिस** अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति व जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केशव नाथ गुप्ता की उपस्थिति में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का तहसील सिकंदरा में आयोजन किया गया। तहसील दिवस में कुल 237 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, इनमें सबसे ज्यादा शिकायतें राजस्व विभाग की 136, विकास 37, पुलिस 31, विद्युत 8, पीओ डूडा 4, पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अधिकारी सिकंदरा, चकबंदी 2-2, एलडीएम, डीपीआरओ 3 -3, वन विभाग 4 तथा अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए, उप जिलाधिकारी सिकंदरा से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए । उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण हेतु दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्ट भी किया जाए। इस मौके पर तहसील परिसर में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा अन्य अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पर उप जिलाधिकारी सिकंदरा, डीएफओ अनिल कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शार्ट सर्किट से मैदा लदे ट्रक में लगी भीषण आग

**फर्रुखाबाद।** शार्ट सर्किट से मैदा लदे ट्रक में लगी भीषण आग मैदा लेकर जा रहे ट्रक में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे ट्रक धूं-धूं कर जलनें लगा। मौके पर पंहुची दमकल उसे बुझानें का प्रयास कर रही है ।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नहरईया निवासी सुधीर कुमार ट्रक मालिक हैं। उनके पिता श्यामपाल ट्रक के चालक हैं। शनिवार को लगभग डेढ़ बजे श्याम पाल नें ट्रक में 500 बोरी मैदा लोड कर धौलपुर राजस्थान के लिए रवाना हुए । कुछ देर बाद श्याम पाल हो अहसास हुआ की ट्रक गर्म हो रहा है। जब तक ट्रक चला रहे श्याम पाल कुछ समझ पाते तब तक ट्रक आग का गोला बन गया। श्याम पाल नें ट्रक से बाहर कूदकर अपनी जान बचायी। ग्राम पसनिंगपुर के निकट लगी आग को देखकर इटावा-बरेली हाई-वे पर जाम लग गया। सूचना पर दमकल के साथ ही कोतवाली के एसएसआई मो. अकरम मौके पर पंहुचे । तकरीबन डेढ़ घंटे ट्रक जलता रहा। मौके पर पंहुची दमकल नें कड़ी मसक्कत के बाद ट्रक की आग पर काबू पाया।

## संपूर्ण समाधान दिवस: फरियादियों की 120 में मौके पर 12 प्रार्थना पत्रों का एडीएम ने किया निस्तारण

**खागा ( फतेहपुर )।** सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर के सभागार कक्ष में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों की लगभग 10 दर्जन प्रार्थना पत्रों में मौके पर लगभग 12 दर्जन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। और शेष शिकायतों को तत्काल निस्तारण करने के आदेश दिया गया।

खागा तहसील परिसर के सभागार कक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की आयी हुई शिकायतों को निस्तारण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की आयी 120 शिकायतों में मौके पर गंभीरता से लेते हुए 12 प्रार्थना पत्रों को निस्तारण किया गया है और इन्होंने बताया कि शेष 108 प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभागों के जिम्मेदाराना लोगों को निर्देशित किया गया है तथा इन्होंने बताया कि सबसे अधिक शिकायतें राजस्व, पुलिस, विद्युत आपूर्ति व जन निगम से सम्बोधित पायी गयी थी।

# चंदावल नदी में आयी बाढ़ से रपटा मार्ग बंद, एक दर्जन गांवों का संपर्क टूटा

**संवाददाता।** मौदहा(हमीरपुर)

**चंद्रावल** नदी में अचानक आयी बाढ़ से सौ मीटर लंबा रपटा(छोटा पुल) के ऊपर से पानी बह रहा है जिससे सिसोलर क्षेत्र के एक दर्जन गांवों का संपर्क तहलीस मुख्यालय से कट गया है। एसडीएम ने आसपास के गावों के लोगो को चेतावनी दे दी है। एसडीएम राजेश मिश्रा ने बताया कि नदी के अचानक आयी उफान पर पड़ोहर गांव में नदी पार करने के लिए रपटा बना है जो लगभग 100 मीटर लंबा है। इस रपटे से नदी पार कर सिशोलर,क्षेत्र के एक दर्जन गावों के लोग हजारों की सख्या में प्रति दिन विविध कार्यों के लिए आते है,यह गांव है ,खैरी, ढीहा ,बमरौली, भूलसी,, भैंस मरी, लेवा पासुन, गहरौलीखुर्द, बुढ़ाई, गढ़ा,बेजेमऊ, परेहटा,किसवाही,, भटूरी,सिशोलर, बक्क्षा,छानी, सहित एक दर्जन से अधिक गांव के लोगो का संपर्क टूट गया है ,लोग अन्य दूर के मार्गो से निकल रहे है।वही उप जिला अधिकारी राजेश मिश्रा ने बताया की रपटा में तीन मीटर पानी ऊपर से बह रहा है , लोगो को चेतावनी दी गई है की रपटा मार्ग से आना जाना बंद कर दे,क्योकि नदी का जल लगातार बढ़ता जा रहा है। उधर गांवों के पास बोई गयी खरीफ फसल भी नष्ट हो गयी है।



## क्विक न्यूज

### जसप्रीत सिंह को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया



**कानपुर।** जनपद न्यायालय कानपुर देहात में आए उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं प्रशासनिक न्यायाधीश कानपुर देहात श्री जसप्रीत सिंह को जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव और महामंत्री अमर सिंह भदौरिया ने अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा 13 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा जिसमें अधिवक्ताओं के लिए चेंबरो का निर्माण, रिक्त पड़े अदालतों में पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति , अधिवक्ताओं के लिए न्यायालयों में 10 कुर्सी व दो मेजो की व्यवस्था, नकल विभाग में फोटोकापी की व्यवस्था, पोस्ट ऑफिस के लिए बिल्डिंग की व्यवस्था, न्यायालय परिसर में एटीएम मशीन लगाने की अनुमति, कैंटीन निर्माण की व्यवस्था, न्यायालय की सुरक्षा बढ़ाकर चाक चौबंद की जाए, अधिवक्ताओं व वादकरियो के लिए बने शौचालय क्रियाशील किए जायें, महिलाओं के शौचालय के लिए अलग व्यवस्था, पानी के लिए डबल मोटर की व्यवस्था , वाहन स्टैंड पर टीन सेड की व्यवस्था, साफ-सफाई व सुंदर न्याय भवन के लिए सफाई कर्मियों की व्यवस्था न्यायमूर्ति महोदय ने यथाशीघ्र अधिवक्ताओं की समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया इस मौके पर मुलायम सिंह यादव, अमर सिंह भदौरिया, संपत लाल यादव, घनश्याम सिंह राठौर, सर्वेद्र सिंह, जितेन्द्र बाबू, महेंद्र सिंह , रविंद्र सिंह भदौरिया, आदि लोग उपस्थित रहे।

### लोगों ने विधायक पूनम संखवार की प्रशंसा की

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** नगर पंचायत चुनाव के दौरान वोट मांगने गईं विधायक ने जनता के बीच किया गया वादा पूरा किया और सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने विधायक पूनम संखवार की प्रशंसा की। शनिवार को रसूलाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के गौतम बुद्ध नगर में लच्छा निवादा से रहीम नगर इंटरलॉक का शिलान्यास विधि विधान से पूजन के बाद लोकप्रिय विधायक पूनम संखवार ने किया। उत्साहित ग्रामीणों व महिलाओं ने फूलमाला पहनाकर विधायक पूनम संखवार का स्वागत किया और सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत होने पर महिलाओं ने आभार भी प्रकट किया। त्वरित विकास योजना के अंतर्गत 790 मीटर सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक पूनम संखवार ने कहा कि मेरा लक्ष्य और प्रयास है कि लोगों की समस्याओं का निराकरण करूँगी। मेरे रहते लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। जहां-जहां समस्याएं हैं वहां मैं स्वयं जाकर उनको देखती हूं और निस्तारण कराने का सफल प्रयास करती हूं। नगर पंचायत चुनाव में वोट मांगने में इस वार्ड में आई थी तो लोगों ने बताया था कच्चा मार्ग होने के चलते बारिश में इस मार्ग पर चलना दूभर हो जाता था और यह मार्ग कानपुर रोड को बिल्हौर रोड से जोड़ता है। यह मार्ग बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधाएं होंगी। प्रदेश की योगी सरकार व केंद्र की मोदी सरकार में नगर सहित ग्रामीण इलाकों में सड़कों का जाल बिछ रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सरकार की योजनाएं पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे उसी क्रम में समूची विधानसभा क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार के कार्यों से जनता प्रभावित है।

### ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम इचौली के समीप एक अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। एस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम ईचौली निवासी टीकाराम 45 वर्ष पुत्र राम लाल वर्मा ने शनिवार की सुबह गांव के समीप से निकले रेलवे ट्रैक पर पहुंच अज्ञात कारणों ट्रेन के आगे कूद अपनी जान दे दी। इस घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों ने कोहराम मच गया वही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दस वर्ष पूर्व वह कहीं से एक महिला लिवा लाया था जो दो वर्ष पूर्व उसे छोड़कर गायब हो गई थी तब से टीकाराम शराब का लती हो गया था। फिलहाल यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने कालिंदी एक्सप्रेस को दिखाई झंडी

**फतेहपुर।** शनिवार को जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार साध्वी निरंजन ज्योति ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन से प्रयागराज से वाया कानपुर, फर्रुखाबाद होते हुए भिवानी तक जाने वाली 14723 कालिन्दी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कालिन्दी एक्सप्रेस प्रतिदिन दो मिनट फतेहपुर स्टेशन पर ठहराव करेगी। इस मौके पर विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेयी, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कर्मचारी, उप जिलाधिकारी सदर, जिला सूचना अधिकारी आरएस वर्मा के अलावा रेलवे के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर प्रांगण में हुआ भंडारा

**बिंदकी (फतेहपुर)।** नगर पालिका परिषद के समीप स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण पक्का तालाब खजुहा चौराहा में श्री संकट मोचन सेवा संस्थान के तत्वाधान में वार्षिक भंडारे में हनुमान जी का श्रृंगार, पूजन और हवन के पश्चात कन्या भोज के साथ भंडारा आयोजित किया गया। साथ में सुंदर काण्ड का भी आयोजन व भजन कीर्तन भी चलता रहा। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान जी का श्रृंगार भक्तों को लुभाता रहा। मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से शुरू हुए भंडारे में प्रसाद पाने को देर शाम तक लोग पहुँचते रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सत्यनारायण, राजू गुप्ता, ओमजी हिन्दू, सत्य प्रकाश साहू, संदीप गुप्ता, अनूप गुप्ता, देवानंद सैनी, हिमांशु, हर्षित, प्रमोद परिहार, शिवम, राहुल, दीनू समेत सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने दो पर की शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** अलग अलग मामलों में कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी मीना देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति विमलेश आए दिन उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट करते रहते हैं। जिसके चलते वह परेशान है। शनिवार की सुबह भी पति ने मारपीट की। उधर, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़गुवां निवासी शिवम मोहल्ला जोशियाना में शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा कर रहा था। समझाने पर गाली, गलौज व मारपीट पर आमादा हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विमलेश व शिवम के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है।

# सांसद ने कालिंद्री एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**पूर्वोत्तर** रेलवे फर्रुखाबाद जंक्शन पर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद नारों की गूज के साथ आज शनिवार प्रात:6.09वजेभाजपा सांसद एवं रेलवे भाजपा सांसद एवं रेलवे संसदीय स्थाई सलाहकार समिति सदस्य मुकेश राजपूत ने पिछले कई महीने पूर्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की थी। इसके बाद ही रेल मंत्रालय ने कालिंद्री एक्सप्रेस का विस्तारीकरण भिवानी, दिल्ली,



संसदीय स्थाई सलाहकार समिति सदस्य मुकेश राजपूत ने कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर फर्रुखाबाद जंक्शन से प्रयागराज जंक्शन के लिए रवाना किया। रेल सूत्रों के अनुसार दिल्ली में संसद के चल रहे मानसून सत्र में भाग लेकर कालिंद्री एक्सप्रेस 14724 से अपने गृह स्टेशन पर उतरे भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की रेल कर्मियों आरपीएफ,जीआरपी एवं रेल अधिकारियों ने अगवानी की।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,मुकेश राजपूत जिंदाबाद की नारेबाजी करके जोरदार स्वागत किया। भिवानी ,दिल्ली वाया फर्रुखाबाद होकर कानपुर सेंट्रल के मध्य चलने वाली 14723 व14724 कालिंद्री एक्सप्रेस के प्रयागराज जंक्शन तक विस्तारीकरण किए जाने की मांग फर्रुखाबाद, कानपुर, होकर प्रयागराज जंक्शन तक कर दिया गया। जिसे आज फर्रुखाबाद सांसद श्री राजपूत ने फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन से प्रतिदिन चलने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस को प्रयागराज के लिए रवाना किया। फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन से नए टाइम टेबिल मे कालिंद्री एक्सप्रेस 14724 के रवाना होने का समय 6. 05वजे है, इसी दौरान कुछी मिनट पहले जयपुर ,गोमती नगर एक्सप्रेस 19715 फर्रुखाबाद से फतेहगढ़ रवाना हो गई, जिसके फतेहगढ़ विलंब से पहुंचने पर फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन से छुटने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस 14724 को अपने निर्धारित रवाना होने वाले समय से 4 मिनट विलंब के बाद ही 6.09वजे मिनट पर भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सके।

# सफाईकर्मियों ने गाली गलौज करने पर ईओ से लिपिक के खिलाफ कार्रवाई का बनाया दवाब

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**सफाई** कर्मियों ने लिपिक के गाली गलौज करने पर ई ओ से उस पर कार्यवाही का बनाया दवाब सभासद पति व पालिका संविदा कर्मी लिपिक ने काम का दबाब बनानें के लिए उनके साथ गाली-गलौज कर दिया। गुस्साये सफाई कर्मियों के ईओ कार्यालय का घेराव कर हंगामा किया ।बार्ड नम्बर 30 परशुराम नगर की सभासद अनीता कनौजिया के पति नवनीत कनौजिया नगर पालिका परिषद कार्यालय में संबिदा पर लिपिक के पद पर तैनात हैं। शनिवार को लगभग आधा सैकड़ा सफाई कर्मी ईओ कार्यालय पंहुचे और हंगामा किया। ईओ तहसील दिवस में थे। लेकिन हंगामें की सूचना पर ईओ रविन्द्र कुमार भी मौके पर अपने कार्यालय आ गये ।

सफाई नायक विनय कश्यप व राजू शुक्ला उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नें आरोप लगाया कि सभासद पति व लिपिक नवनीत कनौजिया अपनी धौस दिखाकर सफाई कर्मियों से अतिरिक्त कार्य का दबाब बनाते है, न करनें पर गाली गलौज व विभागीय कार्यवाही करानें की धमकी देते है । सफाई कर्मियों नें कार्यवाही की मांग की,कार्यवाही न होनें पर आन्दोलन की चेतावनी ईओ को दी। ईओ नें कार्यवाही का भरोसा देकर शिकायती पत्र ले लिया। अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार नें बताया कि जाँच की जा रही है। जाँच के बाद कार्यवाही की जायेगी।सफाई नायक की तैनाती को लेकर भी है, विवाददरअसल सूत्रों की मानें तो पालिका कार्यालय में तैंनात एक कर्मी को लिपिक नवनीत कनौजिया सफाई नायक बनवानें की जुगत में है।

## ई रिक्शा कटीले तार से टकराने पर चार सवारियां घायल,पुलिस से शिकायत

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव जाते समय ई रिक्शा कटीले तार से टकरा गया। जिसमे बैठी चार सवारियां घायल हो गई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी धर्मेंद्र किराए में ई रिक्शा लेकर हमीरपुर से कुसमरा सवारी लेकर आता जाता है।

## ओडीएफप्लस का पैसा फर्जी तरीके से निकालने का आरोप

**फतेहपुर।** बहुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत साखा के ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव पर ओडीएफ का पैसा फर्जी तरीके से निकालने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मामले को संज्ञान में लेते हुए स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्यों की जांच कराये जाने की मांग की गई। साखा गांव के ग्रामीण शनिवार को कलेक्ट्रेट आये और जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत ओडीएफ प्लस है। 25 दिसंबर 20 से 05 अगस्त 23 तक प्रधान व सचिव ने गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया। ओडीएफ प्लस का पैसा फर्जी तरीके से निकाल लिया है। बताया कि एक अगस्त को अवगत कराया गया था परन्तु अभी तक कोई नहीं हुई।

# धर्म गुरूओं के सहयोग से सफल होगा मिजिल्स रूबेला उन्मूलन कार्यक्रम : डा. भूपेश

**संवाददाता।** चित्रकूट

**शासन** के निर्देशानुसार मिजिल्स रूबेला उन्मूलन एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने सभासदों और धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर रूपरेखा बनाई।इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयास से ही टीकाकरण अभियान सफल होगा। सभी सभासद अपने अपने क्षेत्र में लोगों को चिन्हित



कराकर शत प्रतिशत टीकाकरण कराने में स्वास्थ्य विभाग की मदद करें ताकि शासन प्रशासन का यह महत्वपूर्ण कार्य सफल बनाया जा सके। शनिवार को सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियां ज्यादा पैदा होती है। इस मौसम में उन्होंने लोगों को सचेत किया कि अपने आसपास जलभराव न होने दें घरों में खाली बर्तनों पर पानी न भरा रहने दें। कहीं भी जलभराव नहीं रहना चाहिए, घर के सामने नालियों की नियमित साफ-सफाई कराएं और उन्हें दवा का छिड़काव कराएं ताकि बीमारियां उत्पन्न न हो। सीएमओ ने कहा कि इस टीकाकरण अभियान से बच्चों को 12 प्रकार की बीमारियों से मुक्ति दिलाई जा सकती है।

## सपाइयों ने मनाई पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती

**फर्रुखाबाद।** सपाइयों ने मनाई पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती सपा कार्यालय आवास विकास में छोटे लोहिया जी के नाम से विख्यात प्रखर समाजवादी चिंतक पंडित जनेश्वर मिश्र जी की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव जी ने की। इस विचार गोष्ठी के प्रभारी सपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव एडवोकेट, सह प्रभारी जिला सचिव धीरज मिश्रा एवं और अरवेश चतुर्वेदी रहे। सर्वप्रथम सपाइयों ने पंडित जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा जनेश्वर मिश्र जी को सदियों तक याद करेंगे सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके नाम से एशिया का सबसे बड़ा पार्क बनाने का काम किया था।

## मांगों को लेकर परिषदीय शिक्षकों ने भरी आंदोलन की हुंकार

**उरई ( जालौन )।** शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई डकोर कार्यसमिति की बैठक बृजेंद्र राजपूत ब्लाक अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत हुयी जिसका संचालन ब्लाक मंत्री राजेश शुक्ला ने किया। बैठक में 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से शिक्षकों ने चर्चा करते हुये 10 से 15 अगस्त के मध्य में क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंपा जायेगा तथा 4 सितंबर को धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसीक्रम में सितंबर के अंतिम सप्ताह में लखनऊ में आयोजित धरना में भारी संख्या में सहभागिता करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेशीय अध्यक्ष दिनेशचंद्र शर्मा के द्वारा अध्यापकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित द्वितीय शनिवार प्रतिकर अवकाश एवं अध्यापन अवकाश अनुमन्य करने।

# पेज एक का शेष

## इमरान को...

ग्रहण करने से पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार के 12 अगस्त को अपना कार्यकाल पूरा करने और देश के आम चुनावों की ओर बढ़ने के दौरान यह अप्रत्याशित घटनाक्रम हुआ है। खान के परिवार ने बताया कि अदालत के फैसले के बाद उन्हें लाहौर में उनके जमान पार्क स्थित आवास से इस्लामाबाद पुलिस ने पंजाब पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। पंजाब के सूचना मंत्री आमिर मीर ने एक बयान में कहा कि खान को पुलिस इस्लामाबाद ले जा रही है। खान की पार्टी की कानूनी टीम ने कहा कि उन्हें हेलीकॉप्टर से इस्लामाबाद ले जाया जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक अताउल्लाह तरार ने खान की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'यह बाद में तय किया जाएगा कि उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा जाएगा या कहीं और। शनिवार को आए अदालत के फैसले के बाद, खान कोई भी सार्वजनिक पद पांच साल तक ग्रहण करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 63(1)(एच) के तहत तकनीकी रूप से अयोग्य हो गए हैं। हालांकि, उनके पास इस फैसले के खिलाफ अपील देने का अधिकार है। खान की कानूनी टीम ने कहा कि वे तुरंत एक अपील दायर करने जा रहे हैं। खान ने शनिवार को पहले से रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में कहा कि उनकी गिरफ्तारी प्रत्याशित थी। इसमें उन्होंने अपने समर्थकों से चुप नहीं बैठने तथा अपने अधिकारों और आजादी के लिए आगे आने की अपील की। खान ने ट्विटर पर पूर्व में रिकॉर्ड किए गए एक बयान में कहा, जब तक यह वीडियो आप तक पहुंचेगा, मैं गिरफ्तार कर लिया जाऊंगा और जेल में रहूंगा...यही वजह है कि मैंने आप सभी से एक अनुरोध...एक अपील की है...आपको अपने घर पर चुप नहीं बैठना चाहिए। मेरी यह कोशिश मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे लोगों, मेरे समुदाय, आपके लिए है। मैं यह आपके लिए कर रहा हूं। मैं आपके बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए यह कर रहा हूं। पिछले उदाहरणों के विपरीत, खान को बिना किसी बड़े प्रतिरोध के शनिवार को हिरासत में लिया गया। उन्हें नौ मई को इस्लामाबाद में अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले मेंच्च न्यायालय परिसर से गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उनके समर्थकों ने हिंसक विरोध प्रदर्शन किया था। खान के खिलाफ 150 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें भ्रष्टाचार, आतंकवाद और हिंसक विरोध प्रदर्शन और लोगों को हिंसा के लिए उकसाने के कई आरोप शामिल हैं। तोशाखाना मामला पिछले साल पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) की शिकायत पर दायर किया गया था। ईसीपी इससे पहले इसी मामले में खान को अयोग्य करार दे चुकी थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा खान के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही के लिए तोशाखाना मामले की विचारणीयता को बरकरार रखने के सत्र अदालत के फैसले को रद्द करने के एक दिन बाद यह फैसला आया।

## मणिपुर में...

खतरे से निपटने के लिए सरकारी एजेंसियां क्या कर रही हैं और सुरक्षा बल मणिपुर में जातीय संघर्ष के तीन महीने बाद भी सरकारी हथियारों की सुरक्षा करने में असमर्थ क्यों हैं। फोरम के अनुसार, मई में इम्फाल और आसपास की घाटी में भीड़ द्वारा विभिन्न पुलिस थानों और शस्त्रागारों से 4,000 से अधिक हथियार और लाखों कारतूस लूटे गए। इसमें कहा गया है कि यदि केंद्र सरकार और सुरक्षा बल इतनी बड़ी मात्रा में हथियारों के प्रसार से उत्पन्न जोखिम का संज्ञान नहीं लेते हैं और हथियारों को वापस लाने के लिए कार्रवाई नहीं करते हैं, तो हमें डर है कि मणिपुर में उस तरह का खून-खराबा हो सकता है, जिस तरह का देश में दशकों से नहीं देखा गया है। इस बीच, मणिपुर में 27 विधानसभा क्षेत्रों की समन्वय समिति द्वारा शनिवार को बुलाई गई 24 घंटे की आम हड़ताल से इम्फाल घाटी में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ और लगभग सभी इलाकों में बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

## एल्गार परिषद...

आरोपियों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। यह मामला पुणे में 31 दिसंबर 2017 को आयोजित एल्गार परिषद के एक कार्यक्रम से जुड़ा है और पुणे पुलिस का आरोप है कि इसके लिए धन माओवादियों ने दिया था। पुलिस का यह भी आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषणों के कारण अगले दिन पुणे के कोरेगांव-भीमा युद्ध स्मारक पर हिंसा भड़क गई थी। बाद में एनआईए ने इस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी।

## हिंसा प्रभावित...

जारी रही। जिला प्रशासन की मदद से अब तक अलग-अलग इलाकों में 50 से 60 निर्माण तोड़े जा चुके हैं। गिरफ्तारी के डर से कई लोग फरार हो गए हैं। विश्व हिंदू परिषद के धार्मिक जुलूस को रोकने की कोशिश को लेकर हुई झड़प के बाद पूरे नूंह में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सांप्रदायिक हिंसा के दौर में दो होम गार्ड और एक मौलवी समेत छह लोगों की मौत हो गई है। सूत्रों ने बताया कि जिला प्रशासन ने उन सभी अवैध कब्जों को हटाना शुरू कर दिया है, जिन्हें पिछले कई सालों से नहीं हटाया जा सका था। स्थानीय विधायक और कांग्रेस विधायक दल के उपनेता आफताब अहमद ने इस तरह की कार्रवाई पर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि ये महज गरीबों के मकान ही नहीं ढहाए जा रहे, बल्कि आम जन के विश्वास और भरोसे को गिराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को महीने पुराना बैक डेट में नोटिस देकर मकान दुकान गिरा दिये गए। सरकार प्रशासनिक विफलताओं को छुपाने के लिए गलत कारवाई कर रही है। ये दमनकारी नीति है।

## नूंह में...

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की यात्रा के दौरान तनाव पैदा होने की आशंका के बारे में जानकारी थी। इस स्टिंग की ओर इशारा करते हुए विज ने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन का एक वीडियो सामने आया है और इसकी जांच होनी चाहिए कि निरीक्षक ने वह खुफिया जानकारी किसके साथ साझा की थी। मंत्री ने पूछा कि यदि उनके पास जानकारी थी, तो उन्होंने यह किसके साथ साझा की। विज ने कहा कि उन्होंने वीडियो को विश्लेषण के लिए गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा है। राज्य का आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अधीन आता है।

## लैपटॉप आयात...

कहा कि लाइसेंस के आधार पर आयात की मंजूरी देने से केंद्र सरकार इसपर नजर रख पाएगी कि भारत में किस देश में निर्मित लैपटॉप एवं टैबलेट आ रहे हैं। इससे सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। साथ ही इस कदम से घरेलू विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## कांग्रेस का...

मिलने के बाद मैंने शुक्रवार रात स्पीकर को फोन किया था। मैंने उनसे कहा कि मैं राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने वाला सुप्रीम कोर्ट का आदेश और अपना अपना पत्र उन्हें सौंपना चाहता हूं। मैंने उनसे मिलने के लिए समय मांगा। उन्होंने मुझसे कहा कि वह शनिवार को मुझसे मिलेंगे। चौधरी ने कहा कि मैंने उन्हें शनिवार सुबह फोन किया, तो उन्होंने मुझे लोकसभा महासचिव से संपर्क करने और दस्तावेज उनके कार्यालय को सौंपने की सलाह दी। मैंने महासचिव को फोन किया। महासचिव ने कहा कि शनिवार की छुट्टी के कारण उनका कार्यालय आज बंद है। मैंने पूछा कि फिर मुझे पत्र किसे देना चाहिए? उन्होंने मुझसे कहा कि इसे अध्यक्ष को दे दें, जो अध्यक्ष के कार्यालय के माध्यम से उन तक पहुंच जाएगा। मैंने महासचिव से कहा कि कम से कम पत्र तो रिसीव करा लें। उन्होंने कहा कि आज छुट्टी है। अगर छुट्टी है तो क्या हुआ, आपात स्थिति में पत्र रिसीव करने की कोई व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यवस्था के तहत ही काम होता है। उन्होंने कहा कि एक डाक व्यवस्था है, आप अपने पत्र के साथ सुप्रीम कोर्ट का आदेश डाक द्वारा भेज दें। मैंने पत्र भेजा, एक अवर सचिव ने इसे प्राप्त किया। हालांकि उन्होंने हस्ताक्षर किए, लेकिन उन्होंने मुहर नहीं लगाई। चौधरी ने तीन दस्तावेज साझा किए- मार्च में लोकसभा सचिवालय द्वारा राहुल गांधी को अयोग्य ठहराने की अधिसूचना, सुप्रीम कोर्ट का आदेश और वह पत्र जो उन्होंने स्पीकर को लिखकर राहुल गांधी की बहाली का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी पार्टी की ओर से नियमों के मुताबिक वह सब किया है, जिसकी आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि जिस गति से राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया गया था, उसी गति से उनकी बहाली होनी चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें जानबूझकर देरी का संदेह है, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अध्यक्ष को कटघरे में खड़ा करने का मेरा कोई इरादा नहीं है। अध्यक्ष के प्रति मेरे मन में सबसे अधिक सम्मान है। मैं केवल अपने अधिकार मांग रहा हूं। मैं कोई अलग सुविधा नहीं मांग रहा। अब निर्णय अध्यक्ष और महासचिव पर निर्भर करता है। यदि वे किसी से सलाह लेना चाहते हैं, तो ऐसा कर सकते हैं, लेकिन सोमवार से पहले गांधी की सदस्यता बहाल करें।

## मॉल की...

जिस दिन विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुड़े लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण हो उसी समय उन्हें लोन भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान से जुड़े लाभार्थियों को ऑनलाइन पेमेंट सेवाओं से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने ट्रेंड श्रमिकों के लिए पोर्टल विकसित करते हुए उनकी जानकारी सार्वजनिक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे आम जनता ट्रेंड श्रमिकों की सेवाओं का लाभ उठा सकें और श्रमिकों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा 7 सीएफ सी अक्टूबर एवं 7 सीएफ सी फरवरी 2024 तक क्रियाशील हो जाएंगे। वहीं 5 अन्य जिलों में सीएफसी की स्थापना के लिए तेज गति से कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण जिलों में जल्द से जल्द सीएफसी विकसित करने के निर्देश दिए।

# ओडिशा दौरे पर शाह ने दी करोड़ों की सौगात

## पटनायक भी रहे मौजूद, राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की शुरुआत की



**भाषा।** भुवनेश्वर

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के बहुप्रतीक्षित कामाख्यानगर-दुबुरी चार लेन खंड का उद्घाटन किया। ओडिशा की दो दिवसीय यात्रा पर भुवनेश्वर पहुंचे शाह ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी और भारत रत्न गोपीनाथ बोरदोलोई को श्रद्धांजलि देकर की। उन्होंने कहा कि गोपीनाथ बोरदोलोई की वजह से आज संपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत का हिस्सा है। शाह ने कहा, असम के पहले मुख्यमंत्री बोरदोलोई ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में अपार योगदान दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार और ओडिशा के "लोकप्रियै मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि केंद्र ने राष्ट्रीय राजमार्ग के 51 किलोमीटर खंड को चार लेन बनाने के लिए 761 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह सड़क तालचेर के कोयला क्षेत्र और कलिंग नगर के इस्पात केंद्र को जोड़ती है। उन्होंने कहा, "यह सड़क खनिज से समृद्ध अंगुल और ढेंकनाल जिलों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का काम करेगी" राष्ट्रीय राजमार्गों को राष्ट्र की "भाग्य-रेखौ बताते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं पर जोर दिया है, क्योंकि ए किसी क्षेत्र का भाग्य बदल देती हैं। शाह ने कहा, ओडिशा की तरह, गुजरात के लोग भी भगवान जगन्नाथ की पूजा करते हैं। पांच अगस्त, 2019 को मोदी ने अनुच्छेद-370 के प्रावधान निरस्त करने का ऐतिहासिक फैसला लिया था। इस अवसर पर, मैं देश के लोगों की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, "नक्सली खतरे पर काबू पा लिया गया है और वामपंथी उग्रवाद में गिरावट आई है। ओडिशा सरकार ने नक्सलियों से लड़ने के लिए हमेशा केंद्र का समर्थन किया है। शाह ने पटनायक के साथ कालाहांडी जिले में लादुगांव रोड पर मोटेर से बान्नेर के बीच के हिस्से को चौड़ा करने और मजबूत बनाने संबंधी परियोजना की आधारशिला भी रखी। कार्यक्रम भुवनेश्वर में राज्य सचिवालय, लोक सेवा भवन के सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के मंत्री प्रफुल्ल कुमार मलिक भी उपस्थित थे।पटनायक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, "मेरी सरकार का मानना है कि कनेक्टिविटी राज्य की प्रगति और हमारे लोगों के सशक्तिकरण की कुंजी है।मलकानगिरि में गुरुप्रिया पुल का उदाहरण देते हुए, पटनायक ने कहा कि इसने पूरे क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। पटनायक ने कहा कि पश्चिम और दक्षिण ओडिशा को जोड़ने वाला आर्थिक गलियारा बीजू एक्सप्रेसवे क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने प्रचंड से बात की

### भारत-नेपाल सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने नेपाली समकक्ष पुष्प कमल दाहाल प्रचंड से फोन पर बात की तथा दोनों देशों के बीच दोस्ती के गहरे संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारत-नेपाल सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। मोदी और प्रचंड के बीच फोन पर बातचीत दोनों देशों के मध्य उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा का हिस्सा है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और 31 मई से 3 जून 2023 तक नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान हुई वार्ताओं के बाद की प्रगति पर चर्चा की, ताकि द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके तथा दोस्ती के गहरे संबंधों को और मजबूत किया जा सके। इसमें कहा गया है कि नेपाल एक करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसी है, जो भारत की पड़ोस प्रथम की नीति में एक प्रमुख भागीदार है।

# विभिन्न राज्यों के लव जिहाद कानूनों का अध्ययन किया जा रहा है : फडणवीस

**भाषा।** नासिक (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार लव जिहाद पर पाबंदी लगाने के लिए एक कानून लाने के बारे में विचार कर रही है, लेकिन कोई निर्णय लेने से पहले अन्य राज्यों के इसी तरह के कानूनों का अध्ययन करेगी। फडणवीस ने कहा, लड़कियों की शादी और धर्म परिवर्तन कराने के कई मामले सामने आए हैं। हर तरफ से इसके खिलाफ कानून बनाने की मांग हो रही है। इससे पहले मैंने सदन में भी घोषणा की थी। इसके मुताबिक, विभिन्न राज्यों के कानूनों का अध्ययन जारी है और महाराष्ट्र में इसके बारे में निर्णय लिया जाएगा। मोदी उपनाम पर एक टिप्पणी से संबंधित वर्ष 2019 के मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर शीर्ष अदालत द्वारा शुक्रवार को रोक लगाने के बारे में फडणवीस ने विपक्षी दल पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने कहा, कुछ लोग सोचते हैं कि अगर उच्चतम न्यायालय उनके पक्ष में फैसला देता है तो यह (निर्णय) अच्छा है, अन्यथा यह बुरा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि ऐसे लोग भारत के संविधान के तहत बनाई गई संस्थाओं को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय ने कहा कि गांधी द्वारा दिया गया बयान उचित नहीं था। कांग्रेस और कुछ अन्य दल उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना कर रहे हैं। फडणवीस ने राज्य से कथित तौर पर अन्यत्र ले जाई गई परियोजनाओं पर श्वेत पत्र द्वारा राज्य सरकार को दी गई क्लीनचिट के संबंध में भाजपा को महाराष्ट्रद्वेषी (महाराष्ट्र से नफरत करने वाला) कहने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे की आलोचना की। उपमुख्यमंत्री ने कहा, मुझे लग रहा था कि आदित्य ठाकरे मुद्दे का अध्ययन करने के बाद बोलेंगे, लेकिन उन्होंने अपनी आंखें बंद कर रखी हैं। जो सिर्फ विरोध के लिए विरोध करता है, उसे जवाब देने का क्या मतलब है। फडणवीस यहां महाराष्ट्र पुलिस अकादमी (एमपीए) में पासिंग-आउट परेड में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। एकनाथ शिंदे-नीत सरकार में फडणवीस के पास गृह विभाग है। फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही 18,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को सितंबर तक 650-700 उपनिरीक्षक मिलेंगे, जो एमपीए से स्नातक हुए 500 पीएसआई के अलावा होंगे।

## क्विक न्यूज

### 2014 के बाद देश में बड़ा बदलाव आया : उपराष्ट्रपति

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि देश ने 2014 के बाद एक बड़ा बदलाव देखा है क्योंकि उसे एक ऐसी सरकार मिली है जहां तीन दशकों के गठबंधन शासन के बाद एक ही पार्टी के पास बहुमत है। वह यहां भारतीय राजस्व सेवा के 76वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं और राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी) में ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। हाल में संसद द्वारा पारित मध्यस्थता विधेयक 2021 की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समाज के एक बड़े वर्ग को मदद मिलेगी जो कमजोर है। उन्होंने कहा कि संसद ने 40 से अधिक अधिनियमों में संशोधन किया और उनमें से जेल की सजा का प्रावधान हटा दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा, ए बदलाव... बहुत पहले हो जाने चाहिए थे। लेकिन अब हम सही रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा कि संकट हमेशा एक अवसर प्रदान करता है और जब कोई चुनौती का डटकर सामना करता है तो वह भी एक अवसर बन जाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, बड़ा बदलाव क्यों आया? बड़ा बदलाव इसलिए आया क्योंकि तीस साल से देश अनिश्चितता और गठबंधन शासन के खतरों को देख रहा था। लेकिन 2014 में देश को एक ही पार्टी की सरकार मिली (लोकसभा में अपने दम पर बहुमत वाली एक पार्टी की सरकार) और 2019 में वही पार्टी फिर से शासन में आई।

### आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकियों को मृत्यु पर्यंत तक कारावास की सजा

**भरूच।** गुजरात में भरूच जिले के अंकलेश्वर की सत्र अदालत ने आईएसआईएस से जुड़े दो आतंकवादियों को मृत्यु पर्यंत तक कारावास की सजा सुनाई है। इन्हें 2017 में हमलों की योजना बनाने और आतंकवादी गतिविधियों के लिए कट्टरपंथी युवाओं को भर्ती करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सरकारी वकील परेश पंड्या ने शनिवार को कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी.जे. कलोत्रा की अदालत ने उबेद अहमद मिर्जा और मोहम्मद कासिम स्टिम्बरवाला को मृत्यु पर्यंत तक कारावास की सजा सुनाई है। दोनों आतंकियों को अक्टूबर 2017 में गुजरात एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया था और उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), 121-ए (राजद्रोह) और गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धारा 17, 18, 19 और 38 के अलावा अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। पंड्या ने कहा कि स्टिम्बरवाला अंकलेश्वर के एक अस्पताल में प्रयोगशाला तकनीशियन के रूप में काम करता था जबकि मिर्जा सूरत जिला अदालत में वकालत कर रहा था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार होने से पहले दोनों 2014 से ही एटीएस की निगरानी में थे। पंड्या ने कहा कि कुल 75 गवाहों, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य डिजिटल सबूतों के आधार पर अदालत ने माना कि दोनों ने सीरिया भागने से पहले आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, स्टिम्बरवाला और मिर्जा ने अहमदाबाद में एक यहूदी उपासनास्थल सहित कुछ लक्ष्यों की रेकी की थी और कट्टरपंथी युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए भारत से बाहर भेजने की योजना बना रहे थे। एटीएस ने आरोपपत्र में कहा था कि स्टिम्बरवाला और मिर्जा इस्लामिक स्टेट की जिहादी विचारधारा से अत्यधिक प्रेरित थे और यहूदियों पर हमले की योजना बना रहे थे। आरोपपत्र में यह भी कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक के अज्ञात सहयोगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या करने की बात की थी। मिर्जा और उसके सहयोगी, जिसे केवल फेरारी के रूप में पहचाना जाता है, के बीच 10 सितंबर 2016 को व्हाट्सएप पर हुई बातचीत के अनुसार, मिर्जा ने पिस्तौल खरीदने के बारे में बात की थी।

### जयपुर हेरिटेज की मेयर के पति रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के एक दल ने शुक्रवार को जयपुर हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर और दो अन्य को दो लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने एक बयान में बताया कि परिवादी को पट्टा जारी करने के एवज में मेयर के पति सुशील गुर्जर द्वारा दो दलालों-नारायण सिंह व अनिल दुबे के माध्यम से दो लाख रुपए की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा था। नगर निगम जयपुर हैरिटेज में कांग्रेस का बोर्ड है। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के सत्यापन के बाद जाल बिछाया गया और तीनों को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि एसीबी की टीम को गुर्जर के घर की तलाशी के दौरान 40 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद मिली और साथ ही घर से पट्टे की फाइल भी बरामद हुई। प्रियदर्शी ने कहा कि इसी तरह दलाल नारायण सिंह के घर से आठ लाख रुपए बरामद किए गए। गौरतलब है कि मुनेश गुर्जर और कुछ अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने जून में निगम के तत्कालीन आयुक्त पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया था। उन्होंने अधिकारी के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर निगम मुख्यालय में धरना दिया था। कुछ दिन बाद, गलत तरीके से बंधक बनाने और उन्हें कर्तव्य निभाने से रोकने का आरोप लगाते हुए अधिकारी ने मुनेश गुर्जर और अन्य पार्षदों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### डिजाइनिंग की शिक्षा से मिला रोजगार

**मुंबई।** वर्ष 1988 में आर सी दलाल और चंद्रकांत दलाल के विज़न के साथ जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने अपने शानदार सफर की शुरुआत की। हमारा मिशन है डिजाइन शिक्षा का लोकतंत्रीकरण तथा फैशन, इंटीरियर डिजाइन, ज्वैलरी व ग्राफिक डिजाइन के क्षेत्रों में रचनात्मकता एवं विज्ञान को अपनाना। बीते 35 वर्षों में हमने अपने विद्यार्थियों की वृद्धि एवं सफलता हेतु एक ईकोसिस्टम खड़ा किया है। हमारे संस्थान से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी आज अपन-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन काम कर रहे हैं जिनमें से कुछ नाम हैं, रॉकी एस, शेन पीकॉक, उर्वशी कौर, आंचल गुलाटी, संजीत सिंह, ब्रांड ऐक्या से ईशा, नितिन कार्तिकेय ,अक्षय कुमार की फिल्म सम्राट पृथ्वीराज के कॉस्ट्यूम डिजाइनर तथा मानुषी छिल्लर। हमारे स्नातक रिलायंसए एच एंड एमए साब्यसाची आदि शीर्ष ब्रांडों के साथ उम्दा काम कर रहे हैं। हमारा मुख्यालय दिल्ली में है 35 शहरों में अपना विस्तार करते हुए हम अपने संस्थापकों के विज़न को पूरा कर रहे हैं। डिजाइन शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए जेडी इंस्टीट्यूट की आकांक्षा है कि भारत दुनिया की डिजाइन राजधानी बने।

# कर्नाटक के कर्मचारियों के स्थानांतरण में एक हजार करोड़ का भ्रष्टाचार : कुमास्वामी




**भाषा।** बेंगलुरु

**जनता दल (एस)** नेता एच.डी.कुमारस्वामी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर अपना हमला जारी रखते हुए शनिवार को दावा किया कि अधिकारियों के स्थानांतरण-तबादला कारोबार में एक हजार करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि वह बेंगलुरु-मैसुरु इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर (बीएमआईसी) परियोजना, जिसके प्रवर्तक नंदी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर इंटरप्राइसेज (एनआईसीई)हैं, में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़े सभी दस्तावेज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को व्यक्तिगत रूप से देंगे। कुमारस्वामी ने कहा, इसकी (राशि की) गणना नहीं की जा सकती है। एक सत्र में सभी विभागों में (भ्रष्टाचार)एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का है। इसकी कोई गिनती नहीं है। एक ही पद के लिए तीन से चार स्थानांतरण आदेश जारी किए जाते हैं। यह मामला ऐसा है जिसमें पैसा भी चला जाता है और कई (अधिकारियों का) का पैसा देने के बाद भी पोस्टिंग नहीं होती। मैं अकेले नहीं कह रहा बल्कि अधिकारी खुलेआम कह रहे हैं। उन्होंने दावा किया, मंत्री, जिसके पास धन की कोई कमी नहीं है, वह भी विभाग में तैनाती के लिए 10 से 15 लाख रुपए मांग रहा है। यह सुनकर मैं स्तब्ध हूं। कुमारस्वामी ने एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। उनसे पूछा गया था कि राज्य के सभी विभागों में स्थानांतरण और पोस्टिंग का स्तर इस समय क्या है। जब कुमारस्वामी से पूछा गया कि वह एनआईसीई मुद्दे पर कब प्रधानमंत्री से मिलेंगे तो उन्होंने कहा, मैं उनसे समय मांगा है। गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े कई दस्तावेज और सबूत हैं मैं उन्हें सौंपने के लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से समय मांगा है।

# भाजपा ने अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के चार साल पूरे होने पर जश्न मनाया

**भाषा।** श्रीनगर, जम्मू




**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के चार साल पूरे होने के मौके पर शनिवार को श्रीनगर में एक जनसभा आयोजित कर जश्न मनाया जबकि उसके प्रतिद्वंद्वियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने इसे काला दिन बताया। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था। भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जवाहर नगर में आयोजित सभा में हिस्सा लिया। पार्टी प्रवक्ता ठाकुर अभिजीत जसरोटिया ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि यह कार्यक्रम उन नेताओं की आंखें खोलने के लिए आयोजित किया गया था जो अनुच्छेद 370 के नाम पर लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती के स्पष्ट संदर्भ में कहा, ए नेता झूठ का प्रचार कर रहे हैं, लेकिन आम लोग और गरीब विकास चाहते हैं...आज लोग परिवारवाद की राजनीति से ऊपर उठ चुके हैं और वे नहीं चाहते कि कोई अब्दुल्ला या मुफ्ती उन्हें मूर्ख बनाए। भाजपा नेताओं ने केंद्र के 2019 के फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर में आए बदलाव पर प्रकाश डाला। जसरोटिया ने कहा कि कश्मीर घाटी में साल के ज्यादातर समय बंद रहता था, लेकिन अब कोई हड़ताल नहीं होती है। जम्मू में, कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और पीडीपी ने अलग-अलग विरोध प्रदर्शन किए। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख विकार रसूल वानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीदी चौक पर पार्टी मुख्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर का राज्य दर्जा बहाल करने, भूमि अधिकारों की सुरक्षा और नौकरियों में स्थानीय लोगों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण की मांग की। वानी ने पत्रकारों से कहा, हम 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और हमारे राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पांच अगस्त को काला दिवस के रूप में मना रहे हैं... हम राज्य का दर्जा तत्काल बहाल करने की मांग करते हैं। उन्होंने कहा, औद्योगिक निवेश, समृद्धि और आदर्श राज्य की बात करने वाली भाजपा के दावों के उलट जम्मू कश्मीर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, वास्तविकता यह है कि लोग आर्थिक संकट और बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं जबकि हमारे स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की हालत खराब है। वानी ने केंद्र सरकार पर अनुच्छेद हटाए जाने पर देशभर के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का हिस्सा रहा है और रहेगा। शिवसेना (यूबीटी) नेता मनीष साहनी ने जम्मू में छन्नी हिम्मत में पार्टी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

# मुर्मू ने तमिलनाडु में थेप्पाकाडु हाथी शिविर का दौरा किया



**भाषा।** नीलगिरि (तमिलनाडु)

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को तमिलनाडु के नीलगिरि जिले में थेप्पाकाडु हाथी शिविर का दौरा किया। राष्ट्रपति ने वहां हाथियों को गन्ना खिलाया और बाद में आदिवासी दंपति बोम्मन और बेली के साथ बातचीत की, जिन्हें ऑस्कर विजेता वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स में दिखाया गया था। इस अवसर पर उन्होंने अन्य महावतों और हाथियों की देखभाल करने वालों के साथ भी बातचीत की। बेली को हाल में तमिलनाडु सरकार ने हाथियों की देखभाल के लिए नियुक्त किया था। इससे पहले, मैसूरु से मासिनागुडी हेलीपैड पहुंचीं राष्ट्रपति का तमिलनाडु के वन मंत्री एम मथिवेंदन, पर्यटन मंत्री के रामचंद्रन, जिलाधिकारी एस पी अमृत और अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। राष्ट्रपति के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और बाद में उन्हें मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में हाथी शिविर के चारों ओर ले जाया गया, जिसमें लगभग 23 हाथियों को रखा गया है। रविवार को, वह चेन्नई में मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी और बाद में राजभवन में दरबार हॉल का नाम बदलकर कवि सुब्रमण्यम भारती के नाम पर भरतियार मंडपम करेंगी। पुडुचेरी की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति सात अगस्त को जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जेआईपीएमईआर) के लीनियर एक्सेलेरेटर का उद्घाटन करने सहित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और अगले दिन ऑरोविले का दौरा करेंगी।

# सीतारमण ने तमिलनाडु में पुरातत्व संग्रहालय की आधारशिला रखी

**भाषा।** तूतीकोरिन

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जिले के आदिचनल्लूर में एक पुरातत्व संग्रहालय की आधारशिला रखी। वित्त मंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी। आदिचनल्लूर उन पांच पुरातात्विक स्थलों में से एक है, जिसे केंद्रीय बजट 2020-21 में प्रतिष्ठित स्थलों के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई थी। यह तूतीकोरिन जिले के थमिराबरानी नदी के तट पर स्थित एक पुरातात्विक स्थल है।वित्त मंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य थमिराबरानी घाटी के सांस्कृतिक परिदृश्य के हिस्से के रूप में पहचाने गए पुरातात्विक स्थलों के महत्व को स्थापित करना है। सीतारमण के साथ स्थानीय सांसद कनिमोई और अन्य लोग भी मौजूद थे।सीतारमण ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए एक अन्य ट्वीट में बताया कि इस संग्रहालय में उक्त स्थान से प्राप्त कलाकृतियों और पुरातत्व महत्व के सामान और इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संग्रहालय में विथिका, ऑडियो-विजुअल हाल, स्मृति चिह्न की दुकान और कैफेटेरिया भी होगा। विकास परियोजना के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) तिरुचिरापल्ली परिक्षेत्र नए सिरे से पुरातत्व स्थल की खुदाई और खोज का काम करेगा। सीतारमण के कार्यालय ने बताया, आदिचनल्लूर में कुंभ दाह संस्कार पद्धति की खोज सबसे पहले बर्लिन संग्रहालय के डॉ.जगोर ने 1876 में की थी।

## असम के धुबरी में अंसारुल्लाह बांग्ला टीम का सदस्य दबोचा

**गुवाहाटी।** असम के धुबरी जिले में पुलिस ने बांग्लादेशी आतंकवादी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के एक सदस्य को शनिवार को पकड़ा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। हिमंत विश्व शर्मा ने ट्वीट कर बताया कि एबीटी के सदस्य अब्दुस शकूर अली को भारत-बांग्लादेश की सीमा के नजदीक से दबोचा गया। धुबरी पुलिस के नेतृत्व वाली एक टीम ने शकूर अली को आज सुबह बिलासीपारा पुलिस थाने के अंतर्गत सुदूर नाएरल्गा से कब्जे में लिया। फिलहाल, पुलिस शकूर से पूछताछ कर रही है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में कहा था कि असम में बड़ी संख्या में इस्लामिक आतंकी मॉड्यूल पनप रहे हैं, जिन्हें समय-समय पर निष्क्रिय किया जा रहा है और यह अभियान जारी रहेगा। इस साल अप्रैल में एबीटी से कथित संबंध रखने वाले तीन लोगों को धुबरी से गिरफ्तार किया गया था।

## प. बंगाल में सेप्टिक टैंक में उतरे दो श्रमिकों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में शनिवार को सेप्टिक टैंक में उतरे दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले श्रमिकों की पहचान गणेश मन्ना और सुब्रत दास के रूप में हुई है तथा दोनों की उम्र 40 वर्ष थी। पुलिस ने कहा, दोनों श्रमिक सिंगूर के रतनपुर गांव के एक घर में सेप्टिक टैंक के अंदर मौजूद एक तख्ता हटाने आए थे। टैंक का निर्माण दो से तीन महीने पहले हुआ था। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, टैंक का ढक्कन हटाने के बाद एक श्रमिक उसके अंदर चला गया, जबकि दूसरा श्रमिक बाहर अपने साथी का इंतजार कर रहा था। उन्होंने कहा, जब दूसरे श्रमिक को कुछ मिनटों तक अपने साथी से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो वह भी टैंक के अंदर चला गया। लेकिन दोनों में से कोई भी जीवित बाहर नहीं आया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी को लेकर पादरी पर केस

**भाषा।** पणजी

**गोवा में** एक कैथोलिक पादरी पर मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर एक उपदेश के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि फादर बोलमैक्स परेरा पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामला रात 10 बजे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि मामला वास्को थाने में दर्ज किया गया है, हालांकि दक्षिण गोवा के क्यूनकोलिम और कैनाकोना सहित अन्य थानों में भी शिकायतें मिली हैं। इससे पहले परेरा ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी थी लेकिन यह भी कहा था कि 17वीं शताब्दी के राजा पर उनके बयान को संदर्भ से बाहर और गलत अर्थ में देखा गया। परेरा के माफी मांगने के बावजूद बजरंग दल ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की, जबकि मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्वाई की जाएगी। वास्को शहर के पास चिकालिम के एक गिरजाघर से जुड़े पादरी का एक वीडियो हाल में सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुआ था जिसमें उन्होंने कहा था कि छत्रपति शिवाजी को भगवान नहीं माना जा सकता। बजरंग दल समेत राज्य के कई दक्षिणपंथी संगठनों ने उनकी टिप्पणी की निंदा की। बृहस्पतिवार देर शाम परेरा ने एक बयान जारी किया जिसमें उन्होंने अपनी टिप्पणी को लेकर हुए विवाद और छत्रपति शिवाजी महाराज के उल्लेख के कारण पैदा हुई गलतफहमी पर खेद जताया।

# राजनाथ ने बीटीसी में शांतिपूर्ण माहौल के लिए असम सरकार की तारीफ की

**भाषा।** कोकराझार



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को बोडोलैंड टेरेटोरियल काउंसिल (बीटीसी) में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए असम सरकार की तारीफ की जिसकी परिणति कोकराझार शहर में इस साल एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के आयोजन के रूप में हुई है। इस वर्ष के डूरंड कप के उद्घाटन पर आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने उम्मीद जताई की कि टूर्नामेंट के दौरान खेले गए मैच क्षेत्र के युवाओं को खेल में आगे बढ़ने और अपने राज्य और देश को गौरव दिलाने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा, इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के आयोजन के लिए कोकराझार और असम को मेरी बधाई। यह सभी के लिए गर्व का क्षण है... मुझे बीटीसी में ऐसा माहौल बनाने के लिए सरकार को बधाई देनी चाहिए कि ऐसे टूर्नामेंट यहां आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, फुटबॉल के प्रति जो जुनून पूर्वोत्तर में देखने को मिलता है, वैसा देश के केवल कुछ ही जगहों पर दिखता है। मैंने दूसरों से सुना था कि इस क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति बहुत उत्साह है। अब मुझे यकीन है कि पूर्वोत्तर में दिल तक पहुंचने का रास्ता फुटबॉल से होकर जाता है। एक फुटबॉल खिलाड़ी और एक अच्छे नागरिक के बीच समनता दर्शाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस तरह एक खिलाड़ी पेनाल्टी के प्रावधानों के साथ नियमों से बंधा होता है, उसी तरह एक अच्छे नागरिक को निर्धारित कानूनों का पालन करना होता है।

